e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 12, अंक 42
बुधवार
12.02.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
जरुरी नहीं जो शायरी करता है उसे इश्क है, जिंदगी भी जख्म बेमिसाल देती है!

## क्विक न्यूज

### दंतेवाड़ा में आईईडी की चपेट में आने से सीआरपीएफ का एक जवान घायल

**दंतेवाड़ा :** छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव के बीच दंतेवाड़ा जिले में नक्सलियों द्वारा आईईडी की चपेट में आने से सीआरपीएफ का एक जवान घायल हो गया है। इस घटना में जवान के दोनों पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। घायल जवान को इलाज के लिए कारली हैलीपेड से एम 17 हेलीकॉप्टर से रायपुर लाया गया है।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर.के बर्मन ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया है कि, अरनपुर क्षेत्र स्थित कमलपोस्ट के पास जंगल में सर्चिंग के दौरान दौरान सीआरपीएफ 231 बटालियन का एक जवान आईईडी की चपेट में आ गया। जिससे जवान गंभीर रूप से घायल हो गया है। जवान का इलाज रायपुर में जारी है।

### जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35ए को हटाने से लोगों को अधिक अधिकार मिले हैं : तरुण

**जम्मू :** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग ने मंगलवार को कहा कि पार्टी जम्मू-कश्मीर के विकास और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 और 35ए को हटाने से लोगों को अधिक अधिकार मिले हैं।जम्मू में पत्रकारों से बात करते हुए तरुण चुग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पहले ही राज्य का दर्जा बहाल करने के बारे में प्रतिबद्धता जता चुके हैं। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री खुद लोकसभा में राज्य का दर्जा देने की बात कह चुके हैं तो हमें अलग से इसकी मांग क्यों करनी चाहिए? उन्होंने कहा कि राज्य का दर्जा सही समय पर बहाल किया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला समेत राजनीतिक नेताओं से जम्मू-कश्मीर के लोगों से किए गए अपने वादों को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। चुग ने कहा कि भाजपा के हर कार्यकर्ता, चाहे वह विधायक हो या पार्टी का सदस्य को श्यामा प्रसाद मुखर्जी की विचारधारा के अनुरूप अपने विचार व्यक्त करने का अधिकार है।

### अधिकारियों ने की काशी तमिल संगमम की तैयारियों की समीक्षा

**वाराणसी :** जिले में 15 से 24 फरवरी तक होने वाले काशी तमिल संगमम-3 की तैयारियां अंतिम दौर में हैं। पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल, जिलाधिकारी एस. राजलिंगम और अपर पुलिस आयुक्त डॉ एस चिनप्पा ने मंगलवार को बीएचयू परिसर में आयोजन स्थल पर पहुंच कर तैयारियों की समीक्षा की। अफसरों ने परिसर के डॉ ओंकारनाथ ठाकुर प्रेक्षागृह का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार व अन्य अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था और अन्य बिंदुओं पर विमर्श किया। अफसरों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। काशी तमिल संगमम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को यहां आने के लिए की गई व्यवस्था की भी जानकारी ली।कैंट रेलवे स्टेशन पर उत्तर रेलवे के एडीआरएम लालजी चौधरी ने भी कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अफसरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया है।

### मेघालय में सीमा पर तीन बांग्लादेशी महिला घुसपैठी गिरफ्तार

**शिलांग :** मेघालय के पूर्वी खासी पहाड़ी जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर ड्यूटी पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने अवैध रूप से सीमा पार करने वाली तीन बांग्लादेशी महिला घुसपैठियों को पकड़कर स्थानीयपुलिस को सौंप दिया है। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्यवाही की है।बीएसएफ के आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया है कि विशेष खुफिया सूचना के आधार पर सीमा सुरक्षा बल की चौथी बटालियन के सतर्क जवानों ने सोमवार की रात को पूर्वी खासी पहाड़ी जिले में भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर छापेमारी की। इस दौरान बीएसएफ जवानों ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने की कोशिश कर रहीं तीन महिलाओं को पकड़ लिया।गिरफ्तार की गई तीनों बांग्लादेशी महिलाओं को बीएसएफ ने कानूनी कार्वाई के लिए स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया है। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्यूनतम | 13° |

दुबियाखांड़ में दो दिवसीय राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला शुरू

# आगे बढ़ने के लिए शिक्षा जरूरी : किशोर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास व संसदीय कार्य विभाग के मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि समाज के हर वर्ग आगे बड़े। आर्थिक रूप से कमजोर आदिवासी, अल्पसंख्यक समाज का भी उत्थान हो। इसके लिए सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड में आदिवासी समाज का साक्षरता दर 52त्न है, जो राष्ट्रीय औसत से नीचे है। ऐसे में शिक्षा सभी के लिए आवश्यक है। शिक्षित होने से आदिवासियों के बच्चे विधानसभा एवं लोकसभा के सदस्य बनेगे। इससे गर्व की अनुभूति होगी। उन्होंने हर वर्ग-समुदाय के शिक्षा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एकजुट रहेंगे, तो आगे बढ़ेंगे। मंत्री पलामू के दुबियाखाड़ में आयोजित दो दिवसीय राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला पलामू जिला प्रशासन व मेला आयोजन समिति के समन्वय से प्रतिवर्ष 11 एवं 12 फरवरी को आयोजित होता है। मेले में लगायें गये विभिन्न विभागों के स्टॉल के माध्यम से परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष से यह मेला पलामू प्रमंडल स्तर का होगा। इसमें तीनों जिले पलामू, लातेहार व गढ़वा जिले के आदिवासी समाज भाग लेंगे, इसके लिए सरकार के स्तर पर तैयारी की जा रही है।उन्होंने कहा कि आदिवासियों की अपनी संस्कृति है। इसे बचाकर रखने की आवश्यकता है। आदिवासियों की आत्मा नदियों के किनारे बसती है। मांदर की थाप पर बसती है। प्रकृति में बसती है। आदिवासी समाज प्रकृति के धरोहर हैं। यह समाज आगे बढ़ेता, तो पूरा समाज समृद्धशाली बन सकेगा। आदिवासी समाज प्रकृति/वशुंधरा का खजाना है। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से संपन्न व्यक्ति भी आदिवासी संस्कृति, रहन-सहन से जुड़ रहे हैं।

### शिक्षा से समाज में आती है जागरूकता : चमरा लिंडा

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के माननीय मंत्री ने चमरा लिंडा ने कहा कि समाज की बेहतरी व उत्थान के लिए शिक्षा आवश्यक है। विकास के लिए समाज को एकजुट रहना भी महत्वपूर्ण है। शिक्षा से समाज में जागरूकता आती है और विकसित समाज का सपना साकार होता है। सरकार आदिवासियों सहित समाज के हर वर्ग के उत्थान की दिशा में कार्य कर रही है । राजा मेदिनीराय ने विकसित समाज निर्माण का कार्य किया। एकजुटता पर बल दिया। आदिवासी समाज भी एकजुटता में कमी नहीं आने दें। एकता व दृढ़ता के साथ रहने से अधिकार खुद मिल जायेगा। समाज को आगे बढ़ाने की सोच रखनी होगी।



### मेला को भव्यता प्रदान करें : रामचंद्र सिंह

मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने मेला को और भव्यता प्रदान करने की बातें कही। उन्होंने कहा कि मेला राज्य स्तर पर हो, और इसके माध्यम से और अधिक लोगों को लाभान्वित किया जाए।

### चेरो राजवंश का याद दिलाता है आदिवासी मेला : त्रिपाठी

पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि दो दशकों से लगातार मेला का आयोजन होता है, जो चेरो राजवंश को याद दिलाता है। राजा मेदिनीराय की याद में आयोजित इस मेले में सरकार के विभागों के स्टॉल लगाये जाते हैं। योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जाता है। मेला के माध्यम से योजना के बारे में जानकारी मिलती है। यहां मंईया सम्मान योजना संचालित है, जिसे दूसरे राज्य भी अपना रहे हैं। उन्होंने जल संग्रहण के दिशा में ध्यान आकृष्ट कराया। कहा कि पानी जो बहकर दूसरे राज्यों में चला जाता है, उसे संग्रहण करने की दिशा में सरकार कार्य कर रही है।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में नगर आयुक्त जावेद हुसैन, वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीना आदि उपस्थित थे। मेला को सफल बनाने में जिला कल्याण-सह-जिला खेल पदाधिकारी सेवा राम साहु, नजारत उप समाहर्ता विक्रम आनंद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान का अहम योगदान रहा।

## माघ पूर्णिमा आज, महाकुंभ में उमड़ा जनसैलाब



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** महाकुंभ का पांचवां प्रमुख स्नान आज बुधवार को है। माघ पूर्णिमा पर संगम में आस्था की डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालु देश भर के कोने-कोने से प्रयागराज पहुंच रहे हैं। पिछले तीन दिनों में महाकुंभ में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ में इस कदर इजाफा हुआ है कि पूरी की पूरी ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई है। प्रयागराज जाने वाले रास्तों पर गाड़ियों की लंबी-लंबी कतारें लगी हैं। संगम तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को कई-कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ रहा है। सड़क से लेकर रेलवे स्टेशन तक, हर जगह आस्था का सैलाब नजर आ रहा है। महाकुंभ में डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालु काशी और अयोध्या भी पहुंच रहे हैं। ऐसे में वहां भी जबरदस्त भीड है। प्रयागराज पहुंचने के लिए बिहार के पटना सहित देश के अन्य रेलवे स्टेशनों पर रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ उमड़ी है। लाखों की संख्या में आज भी श्रद्धालु महाकुंभ जाने के लिए पटना स्टेशन पहुंचे हैं। ट्रेन में घुसने के लिए यात्रियों ने कोच का शीशा तक तोड़ दिया। दरअसल, भीड़ की वजह से,ष्ट कोच के गेट बंद हैं, जिससे लोग भड़क रहे हैं। ब्रह्मपुत्र एक्सप्रेस ट्रेन में सवार होने के लिए कुछ लोगों ने गेट का शीशा तोड़ दिया। पटना स्टेशन पर इस समय लोगों की भीड़ इतनी ज्यादा है कि पैर रखने की जगह नहीं है। कई लोगों की ट्रेन तक छूट गई हैं।

**महाकुंभ में डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालु काशी और अयोध्या भी पहुंच रहे हैं। ऐसे में वहां भी जबरदस्त भीड है। प्रयागराज पहुंचने के लिए बिहार के पटना सहित देश के अन्य रेलवे स्टेशनों पर रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ उमड़ी है। लाखों की संख्या में आज भी श्रद्धालु महाकुंभ जाने के लिए पटना स्टेशन पहुंचे हैं। ट्रेन में घुसने के लिए यात्रियों ने कोच का शीशा तक तोड़ दिया।**

बता दें कि गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान अब उस शिखर पर पहुंच गया है, जिसकी महाकुंभ से पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उम्मीद जताई थी। सीएम योगी ने पहले ही अनुमान जताया था कि इस बार जो भव्य और दिव्य महाकुंभ का आयोजन हो रहा है वह स्नानार्थियों की संख्या का नया रिकॉर्ड स्थापित करेगा।

## सड़क हादसे में सात श्रद्धालुओं की मौत



**एजेंसी**

**जबलपुर :** नागपुर-प्रयागराज हाई-वे पर दर्दनाक हादसा हो गया। महाकुंभ से लौट रही ट्रैवलर बस को एक बेकाबू ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस दौरान एक कार भी ट्रक की चपेट में आ गई। हादसे में बस में सवार हैदराबाद (तेलंगाना) के रहने वाले सात श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। घायलों को जबलपुर के नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी है।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से कहा कि हादसा बहुत दुखद है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। जिला प्रशासन को निर्देशित किया है कि घायलों का समुचित उपचार और सभी परिजनों से संपर्क कर शवों को पहुंचाने की व्यवस्था की जाए। हादसा मंगलवार को सुबह नौ बजे मध्य प्रदेश में जबलपुर जिले के सिहोरा ब्लाक के मोहला गांव के पास हुआ। हैदराबाद के रहने वाले नौ लोग ट्रैवलर बस से महाकुंभ में स्नान करने के लिए प्रयागराज आए थे। महाकुंभ में स्नान करने के बाद सभी श्रद्धालु वापस लौट रहे थे। इसी दौरान नागपुर-प्रयागराज नेशनल हाईवे पर जबलपुर से 50 किलोमीटर दूर मोहला बरगी गांव के पास ट्रैवलर बस पहुंची, तभी एक ट्रक ने टक्कर मार दी। ट्रक और सड़क की रेलिंग के बीच फंसी ट्रैवलर बुरी तरह पिचक गई।

पेरिस के ग्रैंड पैलेस में एआई एक्शन समिट में प्रधानमंत्री मोदी ने लिया भाग

## एआई में है लोगों का जीवन बदलने की क्षमता : पीएम मोदी

**एजेंसी**

**पेरिस :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि एआई इस सदी में मानवता का नया कोड लिख रही है। इससे नौकरी छिनने की बातें भ्रम के अलावा कुछ और नहीं हैं। इसमें लोगों का जीवन बदलने की क्षमता है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह बात यहां फ्रांस की राजधानी पेरिस के ग्रैंड पैलेस में एआई (कृत्रिम मेधा) एक्शन समिट में कही। प्रधानमंत्री मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों इस वैश्विक सम्मेलन के सह अध्यक्ष हैं। इस समिट में अनके देशों के शासनाध्यक्ष और राष्ट्राध्यक्ष हिस्सा ले रहे हैं।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एआई पहले से ही हमारी अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और समाज को नया आकार दे रही है। एआई में लाखों लोगों का जीवन बदलने की क्षमता है। एआई आज समय की जरूरत है। हमारे पास दुनिया का



सबसे बड़ा टैलेंट है। हम लोगों ने डेटा को सुरक्षित रखने की व्यवस्था की है। एआई का भविष्य काफी अच्छा है। कुछ लोग मशीनों की ताकत बढ़ने से चिंता में हैं लेकिन इसमें चिंता की कोई बात नहीं है। कृत्रिम मेधा कोड फॉर ह्यूमैनिटी लिख रही है। इतिहास गवाह है कभी किसी तकनीक ने नौकरियां नहीं छीनीं। एआई मानवता के लिए मददगार है। यह समाज और सुरक्षा के लिहाज से बहुत जरूरी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत एआई को अपनाने के साथ-साथ डेटा गोपनीयता में तकनीकी-कानूनी आधार में भी अग्रणी है। एआई स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और अन्य क्षेत्रों में सुधार लाकर लाखों लोगों के जीवन को बदलने में मदद कर सकता है।

उन्होंने कहा कि शासन का मतलब सिर्फ मतभेदों और प्रतिद्वंद्विता को संभालना नहीं है। इसका मतलब नवाचार को बढ़ावा देना और वैश्विक भलाई के लिए इसका इस्तेमाल करना भी है। इसलिए हमें नवाचार और शासन के बारे में गहराई से सोचना चाहिए और खुलकर चर्चा करनी चाहिए।उन्होंने कहा कि शासन का मतलब सभी के लिए पहुंच सुनिश्चित करना भी है, खासकर वैश्विक दक्षिण में। एआई स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और बहुत कुछ बेहतर करके लाखों लोगों के जीवन को बदलने में मदद कर सकता है।

## उत्तराखंड के लिए राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी करना गौरव का क्षण: धामी

**एजेंसी**

**चकरपुर :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों की सफलतापूर्वक मेजबानी करना उत्तराखंड के लिए गौरव का क्षण है, उन्होंने राज्य के लिए इस आयोजन के महत्व पर जोर दिया।38वें राष्ट्रीय खेलों के अंतर्गत आयोजित मल्लखंब प्रतियोगिता में भाग लेते हुए धामी ने इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले हजारों स्वयंसेवकों के प्रयासों पर प्रकाश डाला।उन्होंने कहा,मैं यहां आकर बहुत खुश हूं। मैंने हमेशा से ही उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेलों के आयोजन की कामना की है और इस राज्य के लिए इस तरह के प्रतिष्ठित आयोजन की मेजबानी करना गर्व की बात है।उन्होंने खेलों के उद्घाटन में प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी की भूमिका को भी स्वीकार किया, जो भारतीय खेलों के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।उन्होंने कहा,28 जनवरी को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन किया। यह आयोजन 20,000 स्वयंसेवकों के समर्पित प्रयासों से संभव हुआ है, जिनकी कड़ी मेहनत ने इसके सुचारू संचालन को सुनिश्चित किया है।38वें राष्ट्रीय खेलों ने उत्तराखंड को बहुत गौरव दिलाया है, जिससे देशभर के एथलीटों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिला है।मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सोमवार को उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में 50 से अधिक पदक हासिल करने पर राज्य के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।अब तक 51 पदकों के साथ, मध्य प्रदेश 14 फरवरी को समाप्त होने वाले चल रहे राष्ट्रीय खेलों में सभी राज्यों में चौथे स्थान पर है।28 जनवरी से शुरू हुए इस खेल महाकुंभ में कई खेलों के फाइनल मैच संपन्न हो चुके हैं और कई प्रतियोगिताएं चल रही हैं। अभी और पदक जीतने के अवसर बने हुए हैं और 3-4 अतिरिक्त पदक जीतने की संभावनाएं हैं।उत्तराखंड में पहली बार राष्ट्रीय खेलों का आयोजन किया जा रहा है।

### महाराष्ट्र में गुइलेन-बैरे सिंड्रोम का प्रकोप, 7 की मौत

**पुणे (एजेंसी) :** महाराष्ट्र में गुइलेन-बैरे सिंड्रोम के संदिग्ध मरीजों की संख्या तेजी से बढ़कर 192 हो गई है. आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इनमें से 167 मरीजों में सिंड्रोम की पुष्टि हुई है, जबकि दुखद रूप से इस बीमारी से अब तक 7 लोगों की मौत हो चुकी है.गत सोमवार को पुणे में 37 वर्षीय युवक की मौत हो गई.वर्तमान में, 48 मरीज आइसीयू में भर्ती हैं, जिनमें से 21 को वेंटिलेटर सपोर्ट की आवश्यकता है. एक्टिव केसों में पुणे म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन क्षेत्र से 39 मरीज, पुणे से लगे गांवों से 91,और अन्य जिलों से 8 मरीज शामिल हैं.

असर्फी कैंसर संस्थान
असर्फी हॉस्पीटल
हर प्रकार के कैंसर का इलाज अब धनबाद में
Comprehensive Cancer care Hospital
Scope Of Services
- Medical Oncology
- Surgical Oncology
- Radiation Oncology
- PET SCAN
- Mammography
- Onco. & Histo. Pathology
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road,Bhuli,Dhanbad-828105

# सेमिनारः सुरक्षित इंटरनेट दिवस विषयक पर आयोजित सेमिनार में साइबर फ्रॉड पर चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** आज के वर्तमान दौर में इंटरनेट बेहद ही महत्वपूर्ण विषय हो चला है।इन दिनों बगैर इंटरनेट के कई कार्य संभव ही नहीं है, ऐसे में इंटरनेट का सुरक्षित और जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग सबके हित में है।कोई भी तकनीक वरदान है या अभिशाप यह उसके उपयोग पर निर्भर करता है।इसी प्रकार इंटरनेट का उपयोग भी यदि सुरक्षित व जिम्मेदारी से किया जाये तो यह आज के समय में बहुत बड़ा वरदान है।उक्त बातें उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने कही।वे आज समाहरणालय के सभागार में सुरक्षित इंटरनेट दिवस विषयक पर आयोजित सेमिनार में बोल रहे थे।उन्होंने कहा कि कोई भी तकनीक अच्छी या बुरी नहीं होती, बल्कि




उसको उपयोग करने के तरीके से उसकी सार्थकता सिद्ध होती है। उन्होंने कहा कि बढ़ते इंटरनेट के उपयोग के साथ ही साइबर फ्रॉड भी उसी रफ्तार से बढ़ रहा है।इस फ्रॉड को जागरूकता के बल से ही रोका जा सकता है।उन्होंने कार्यशाला में मौजूद लोगों को फाइनेंशियल फ्रॉड, लॉटरी स्कैम, इन्वेस्टमेंट फ्रॉड, केवाईसी फ्रॉड समेत अन्य प्रकार के ऑनलाइन फ्रॉड से कैसे बचना है इस संदर्भ में जागरुक किया।इसके अलावे उन्होंने अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचने की सलाह दी साथ ही फ़ोन में पड़े ऐसे एप्प्स जो ज़्यादा इस्तेमाल में नहीं आता उन्हें डिलीट करने की बात कही। इसके पूर्व उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। विदित हो कि सुरक्षित इंटरनेट दिवस हर साल फरवरी के दूसरे सप्ताह के मंगलवार को मनाया जाता है।उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सभी के बीच सुरक्षित तरीके से इंटरनेट के उपयोग के बारे में जागरूकता फैलाना है।उन्होंने कहा कि आज इंटरनेट उपयोगिता को देखते हुए उसका सही तरीके से इस्तेमाल बेहद जरूरी है।कार्यशाला में सुरक्षित तरीके से इंटरनेट के उपयोग और साइबर खतरों के बारे में सभी के बीच जागरूकता के महत्व पर जोर दिया।उन्होंने कहा कि जन-जन को इंटरनेट के सही उपयोग के बारे जागरूक करने की आज बहुत आवश्यकता है।

**आज के इस इंटरनेट युग मे साइबर हाइजिन को प्रमुखता देना आवश्यक : डीआईओ**

कार्यशाला में जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह ने कहा कि जैसे हम सभी अपने स्वास्थ्य को लेकर निजी जीवन में स्वच्छता को प्रमुखता देते हैं उसी तरह इन्टरनेट कि दुनिया में भी साइबर हमला से बचने के लिए साइबर हाइजिन को प्रमुखता देना आवश्यक है।साइबर हाइजिन का आशय यह है कि सभी लोगों को इन्टरनेट के इस्तेमाल से पूर्व अपने कंप्यूटर,लैपटॉप या मोबाइल फ़ोन में एंटीवायरस का इस्तेमाल आवश्यक है।उन्होंने इस कार्यशाला में मौजूद जिले के सभी सुचना तकनीक से जुड़े कर्मियों को अपने-अपने कार्यस्थल पर मौजूद सभी लोगों के साथ साथ आम जनता को भी सेफ इन्टरनेट का प्रयोग करने हेतु जागरूक करने का कार्य करने की बात कही ताकि इस कार्यशाला आयोजन करने का उद्देश्य सफल हो सके। उन्होंने बताया कि कभी भी अनजान नम्बरों से आनेवाले फोन कॉल से अपनी निजी जानकारी न तो साझा करें और न ही अनजान नंबर से प्राप्त किसी भी लिंक को अपने मोबाइल या कम्प्यूटर में खोलें।आज के समय में इंटरनेट हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है,लेकिन दूसरी ओर ऑनलाइन की दुनिया में साइबर अपराधी से बचने की चुनौतियाँ भी है।इंटरनेट और सोशल मीडिया के इस दौर में सुरक्षित इंटरनेट दिवस का महत्व काफी बढ़ गया है।कार्यशाला में उपस्थित एनआईसी के नेटवर्क इंजिनियर सुधीर कुमार तिवारी,ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर पंकज कुमार

## वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष रंजन सिन्हा का असामयिक निधन, उपायुक्त ने जताया शोक




**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर ने वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष रंजन सिन्हा के असामयिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए शोकसंतप्त परिवारजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि दुःख की इस घड़ी में जिला प्रशासन उनके परिवार के साथ है। उपायुक्त श्री जमुआर ने कहा कि गढ़वा के वरिष्ठ और समर्पित पत्रकार आशुतोष रंजन सिन्हा का असामयिक निधन अत्यंत दुःखद और हृदयविदारक है। वे एक मिलनसार, हसमुखी तथा सुलझे हुए पत्रकार थे। आशुतोष जी का जाना गढ़वा पत्रकारिता जगत और समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिजनों को इस दुःख की घड़ी में संबल प्रदान करें।

## हृदयगति रुकने से युवक की मौत, गांव में मातम



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रेहला थाना क्षेत्र अंतर्गत उरसुला गांव के एक युवक अनिल राम (25) की मौत सोमवार की रात हृदयगति रुक जाने से हो गयी. घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है.अनिल की मौत के बाद से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है. मंगलवार को गांव के ही श्मशान घाट पर उसका दाह संस्कार किया गया. वहीं नौडीहवा गांव निवासी सोनू भुइंया (75) की भी मौत मंगलवार को लंबी बीमारी के बाद हो गयी. उनका भी दाह संस्कार आज ही किया गया.दोनों मृतक के दाह संस्कार के लिये लकड़ी का व्यवस्था जिला योजना समिति सदस्य सह पार्षद संजय बैठा ने किया.दाह संस्कार में मनोज राम, राकेश राम, संतोष राम, बबलू कुमार, शशि राम, विनोद कुमार, राहुल कुमार, जितेंद्र कुमार, नितेश कुमार, अंकित राम, सुदामा राम, बबन बैठा सहित कई लोग शामिल हुये।

# उर्से जब्बारिया व जश्ने दस्तार हुफ़्फ़ाज कॉन्फ्रेंस का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** नगर पंचायत क्षेत्र के विशुनपुर कर्बला के मैदान में अंजुमन कमेटी के तत्वावधान में उर्से जब्बारिया व जश्ने दस्तार हुफ़्फ़ाज कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जामिया इस्लामिया जब्बारिया मदरसा में पढ़ने वाले 10 छात्रों ने कुराआन ए पाक का हिफ्फज हासिल किये। कार्यक्रम का शुभारंभ कुराआन ए पाक की तिलावत कर किया गया। कार्यक्रम में हजरत असगर इमाम साहब, झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य ताहीरअंसारी, काँग्रेस जिलाध्यक्ष ओबेदुल्लाहक अंसारी, मुफ्ति शमसाद आलम, मुफ़्ती रुहुल अमीन उपस्थित थे। कार्यक्रम का सदारत अंजुमन कमेटी के सदर तौहीद खान ने किया।इस अवसर पर हजरत असगर इमाम साहब ने कहा



नबी ने फरमाया हैं कि आधी रोटी खालो लेकिन अपने बच्चों को इल्म (शिक्षा) जरूर सिखायो।शिक्षा से पूरी दुनिया को जाना जा हासिल किया हैं और हिंसा को रोका जा सकता है। झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य ताहीर अंसारी ने कहा कि इस्लाम धर्म हमेशा सच्चाई, अमन,शांति व भाईचारे का पैग़ाम देता हैं। उन्होंने कहा की झूठ,धोखा, नफरत सहित अन्य बुराइयों से बचने के लिये सख्त मना किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ई0ओबेदुल्लाह हक अंसारी ने क्षेत्र के लोंगो से अपील किया कि आप लोग शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले जिससे अपने देश ,राज्य व क्षेत्र का विकास हो। जामिया इस्लामिया जब्बारिया में पढ़ने वाले 10 छात्रों ने कुरआन ए पाक का 30 पारा मुकमल हिफ्ज़ किये।

# इंटरमीडिएट परीक्षा केन्द्रो का किया औचक निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** झारखंड अद्वित परिषद रांची द्वारा संचालित मैट्रिक, इंटरमीडिएट की परीक्षा केंदो का औचक निरीक्षण कर पहुंचे छतरपुर एसडीओ आशीष गंगवार छतरपुर अनुमंडल अंतर्गत विभिन्न विद्यालय एवं कॉलेज में परीक्षा केंद्र बनाया गया है दूसरी पाली में संचालित हो रहे परीक्षा केन्द्र गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल इंटर कॉलेज सडमा छतरपुर मे इंटरमीडिएट के वोकेशनल सब्जेक्ट के 86 छात्र-छात्राएं द्व परीक्षा दे रहे थे जिसमें 6 बच्चे अब्सेंट रहे इसी दौरान औचक निरीक्षण करने पहुंचे छतरपुर एसडीओ आशीष गंगवार ने बच्चों को सतर्क करते हुए कहा कि परीक्षा के दौरान नकल करते हुए कोई भी विद्यार्थी पकड़े जाने पर एक्सपर्ट करते हुए कानूनी कार्रवाई की जाएगी वही परीक्षा केंद्र के कॉलेज के प्राचार्य स्वस्ति कुमारी को भी



परीक्षा के दौरान किसी तरह का कोई नकल न करें एवं मोबाइल का प्रयोग न करे परीक्षा शक्ति से लागू करने का निर्देश दिया। कॉलेज में कवलबास बालिका विद्यालय समबिहारी सिंह + 2 विद्यालय नामुदाग, डाली अपग्रेड बिद्यालय एवं खजूरी हाई स्कूल विद्यालयों का सेंटर बनाया गया है वही कॉलेज के प्रर्चाय सह परीक्षा केंद्र सिएस स्वास्तिक कुमारी ने प्रक्षार्थियों को सख्त निर्देश दिया है कि किसी तरह का मोबाइल, चीट पुर्जा, आदि लेकर परीक्षा देने ना आए पकड़े जाने पर परीक्षा से निष्कासित कर दिया जाएगा।

## पत्रकार का निधन, हुआ शोक सभा का आयोजन




**मेदनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिश्रामपुर डाक बंगला परिसर में स्थानीय पत्रकारों द्वारा शोक सभा आयोजित किया गया. जिसमे बिंदास न्यूज के चीफ एडिटर आशुतोष रंजन सिंहा के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया. मृत आत्म की शांति हेतु दो मिनट का मौन भी रखा गया. इस दौरान दिवंगत पत्रकार आशुतोष रंजन सिंहा के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया. शोकसभा में वरिष्ठ पत्रकार नागेंद्र शर्मा, ब्रजेश दुबे, नरेंद्र कुमार सिंह, जयकांत शुक्ला, रघुवीर पांडेय, महेंद्र प्रजापति, कौशल कुमार, शशि तिवारी, आलोक पांडेय, रामनिवास तिवारी, योगेंद्र मिश्रा, दीपक पांडेय सहित कई पत्रकार शामिल हुये।

## तेलंगा खड़िया व्याख्यान सत्र में इतिहासकार डॉ. अंगद किशोर बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** आगामी 14 फरवरी को रांची विश्वविद्यालय कैंपस में स्वतंत्रता सेनानी तेलंगा खड़िया पर आयोजित व्याख्यान सत्र में सोन घाटी पुरातत्व परिषद के अध्यक्ष और क्षेत्रीय इतिहासकार अंगद किशोर को संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय निदेशक डॉ कुमार संजय झा ने बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया है। उल्लेखनीय है कि संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के अधीन इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, क्षेत्रीय केंद्र रांची द्वारा देश के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले हुतात्माओं में अग्रणी तेलंगा खड़िया पर आहूत यह व्याख्यान सत्र स्वतंत्रता संग्राम के उन गुमनाम सेनानियों को समर्पित है, जिन्हें अपेक्षित सम्मान और नाम नहीं मिल सका है। इस व्याख्यान सत्र के मुख्य वक्ता प्रसिद्ध इतिहासकार और जनजातीय इतिहास के रिसर्चर डॉ डी एन वर्मा हैं। इतिहासकार अंगद किशोर ने बताया कि आदिम जनजाति से आने वाले तेलंगा खड़िया एक दशक (1850-1860) तक अंग्रेजों और उनके चाटूकार जमींदारों के विरूद्ध अभियान छेड़ा था। इसके लिए उन्होंने एक अपनी सेना बनायी थी। अपने क्षेत्र में वे काफी सफल भी हुए, मगर अंग्रेजों का दलाल बोधन सिंह ने 1880 में उनकी हत्या कर दी थी। तेलंगा खड़िया को लोग आज भी भगवान मानते हैं

# राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला में लोगों को दी जा रही योजनाओं की जानकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला में जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाये गये हैं। मंत्री सहित अन्य जन प्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने स्टॉल का भ्रमण कर निरीक्षण भी किया। स्टॉल के माध्यम से लोगों को दी जानेवाली जानकारी एवं गतिविधियों से अवगत होते हुए उसकी सराहना की। साथ ही स्टॉल पर ही संबंधित लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। मेला में जिला ग्रामीण विकास शाखा के स्टॉल पर अबुआ आवास, मनरेगा, बिरसा हरित ग्राम योजना, बिरसा सिंचाई कुप, बीर शहीद पोटो हो खेल आदि की योजनाओं की जानकारी लोगों ओ दी जा रही है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के स्टॉल पर सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। यहां सरकार की योजनाओं से संबंधित पंपलेट, बुकलेट दिया जा रहा है।




साथ ही एलईडी स्क्रीन पर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रदर्शित कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के स्टॉल पर वन पट्टा, रोजगार श्रृजन योजना, छात्रवृत्ति, साइकिल वितरण योजना एवं मुख्यमंत्री पशुधन योजना की जानकारी दी जा रही है। क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, चियांकी एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के स्टॉल पर कृषि उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है। कृषि विभाग के स्टॉल में टपक/स्प्रींकलर सिंचाई प्रणाली, बिरसा फसल विस्तार योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना की जानकारी दी जा रही है। वहीं कृषक पाठशाला, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन आदि योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ योजना से संबंधित पंपलेट व बुकलेट का वितरण किया जा रहा है। वहीं आत्मा के कार्यक्रमों की झलक प्रस्तुत की गई है।परिवहन विभाग के स्टॉल पर सड़क सुरक्षा, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी सहित परिवहन विभाग की ओर से संचालित योजनाओं से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के स्टॉल पर आदिवासियों से संबंधित अधिकार एवं कानून से संबंधित जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा ग्रीन वैली स्कूल द्वारा लगाए गए स्टॉल पर राजा मेदिनीराय, पालमू पर्यटन, झारखंड के आदिवासी, स्वतंत्रता सेनानी एवं सड़क सुरक्षा के बारे में यहां आ रहे आगंतुकों को जानकारी दी गई। साथ ही ग्रामीण जीवन-शहरी जीवन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से भी लोगों को अवगत कराया जा रहा है। जेएसएलपीएस के स्टॉल पर पलास ब्रांड के उत्पाद सहित अन्य सामग्रियों का प्रदर्शन एवं बिक्री की जा रही है। माटी कला बोर्ड के स्टॉल पर मिट्टी से निर्मित बर्तन की प्रदर्शनी एवं बिक्री की जा रही है। इसके अलावा राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के स्टॉल पर अचार, पापड, चिप्स मिक्स अचार आदि प्रदर्शित किए गए हैं। जिला समाज कल्याण शाखा के स्टॉल पर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ से संबंधित जानकारी लोगों को उपलब्ध कराई जा रही है।

## मुखिया की अध्यक्षता में ग्राम सभा का किया गया आयोजन



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रमना प्रखंड सिलीदाग पंचायत मे जी.पी.डी.पी (ग्राम पंचायत विकास योजना) वित्तीय वर्ष 2025- 2026 हेतु ग्राम छपरदागा में - करमबोहवा बांध के पास महुआ पेड़ के नीचे सिलीदाग मुखिया अनीता देवी की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया।जहां ग्रामीणों द्वारा छपरदागा को विकसित बनाने संबंधित योजनाओ का चयन किया गया।जहां मौके पर पंचायत सचिव राघवेंद्र सिंह, रोजगार सेवक आलोक तिवारी,पंचायत स्वयं सेवक प्रदीप मेहता, वार्ड सदस्य प्रभा देवी , गोखुल परहिया,शिवनाथ परहिया, रामवृक्ष परहिया, महेंद्र यादव, नागेंद्र यादव,अयोध्या यादव, नरेश उरांव,राहुल गुप्ता, सहदेव उरांव, बिशनाथ यादव एवं काफी संख्या महिला पुरुष उपस्थित थे। साथ ही ग्रामीणों के मांग पर मुखिया अनीता देवी द्वारा 1970 के दशक में बने घाघर नाला/बीयर /बांध का निरीक्षण किया गया। उक्त नाले का निर्माण उस वक्त के मुखिया श्याम बिहारी सिंह के प्रयास से हुआ था और उक्त नाला का पानी करमबोहवा बांध में आता था। जिससे लोग समय पर खेती करते थे और उनका खेत का पैदावार भी अच्छी रहती थी। लेकिन वर्तमान में उक्त नाला जीर्ण - शीर्ण अवस्था में हो चुका है। उक्त नाले की मरम्मती की मांग ग्रामीणों द्वारा लगातार की जा रही है। जहां मौके पर मुखिया अनीता देवी द्वारा निरीक्षण के दौरान कहा कि मेरा प्रयास है कि उक्त नाले की मरम्मती मै हर हाल में कराऊंगी, ताकि छपरदागा वासी पूर्व की भांति समय पर खेती करें, और आपका पैदावार अच्छा रहे,यही मेरा प्रयास रहेगा।

## भाजपा जिला कार्यालय में मनाया गया समर्पण दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि (11 फरवरी) पर हम उनके विचारों और योगदान को याद करते हैं। वे भारतीय जनसंघ के प्रमुख विचारक और राष्ट्रवादी चिंतक थे। उनका एकात्म मानववाद का सिद्धांत भारत की सांस्कृतिक और आर्थिक नीति के लिए एक महत्वपूर्ण दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है।वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे ने कहा कि आज के परिवेश में भी दीनदयाल उपाध्याय के प्रमुख विचार पार्टी कार्यकर्ताओं समाज एवं राष्ट्र के लिए प्रेरणादाई है। एकात्म मानववाद - यह विचारधारा समाजवाद और पूंजीवाद के बीच संतुलन स्थापित करती है, जिसमें व्यक्ति, समाज, और प्रकृति का समावेश होता है। उन्होंने भारतीय आर्थिक प्रणाली को स्वदेशी मॉडल पर विकसित करने पर जोर दिया। दीनदयाल जी का मानना था कि भारत को अपनी सांस्कृतिक पहचान बनाए रखते हुए विकास करना चाहिए। प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि दीनदयाल जी के अंत्योदय समाज के सबसे गरीब और पिछड़े वर्ग तक विकास की किरण पहुंचाना उनकी प्राथमिकता थी। दीनदयाल जी ने सशक्त भारत आत्मनिर्भर भारत विश्वगुरु बनाने की परिकल्पना की।उनकी विचारधारा आज भी सामाजिक और आर्थिक नीतियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनी हुई है। उनकी पुण्यतिथि पर हम उनके विचारों को आत्मसात करने और राष्ट्र सेवा का संकल्प लेने का संकल्प ले सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री ज्योति पांडे एवं धन्यवाद ज्ञापन विजय ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में प्रेम सिंह परशुराम ओझा विभाग का नारायण पांडे अमलेश्वर दुबे शिवकुमार मिश्रा सुनील पासवान धर्मेंद्र उपाध्याय अभिमन्यु तिवारी सोमेश सिंह दुर्गा जौहरी रूपा सिंह विश्वजीत पाठक विपुल गुप्ता ओमप्रकाश पप्पू साधु माझी अविनाश सिंहा सरवन गुप्ता सुनील कुमार तिवारी चतुगुण राम मंजू गुप्ता रेनू देवी सुधीर प्रसाद शुभम प्रसाद सतीश पासवान राजेश सिंह सहित् सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# डबल हत्याकांड से क्षेत्र में फैली सनसनी, पुलिस प्रशासन जांच में जुटी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** कांडी थाना क्षेत्र के जतरो गांव में सोमवार की रात्रि में अज्ञात अपराधियों ने धारदार हथियार से मार कर अधेड़ दंपति की हत्या कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दंपति हीरा रजवार 65 वर्ष एवं पत्नी कलावती देवी 60 वर्ष हर दिन की भांति सोमवार की शाम को भोजन करने के बाद गांव के दक्षिण ओर मलू राम के दक्षिण की ओर टेन बांध के बिछली पर निलगाय से बचाने के लिए खेत पर फसल का देख रेख करने गए थे। वहीं मंगलवार की सुबह जब 10:00 बजे तक अपने घर पर पति-पत्नी में से कोई घर नहीं लौटे तो मृतक छोटा पुत्र खेत पर जाकर देखा कि माता व पिता को कोई हत्या कर कंबल से ढक दिया था। उसके बाद वह जोर-जोर से रोने चिल्लाने लगा। इसकी सूचना आग की तरह पूरे क्षेत्र में फैल गई। घटनास्थल पर पति-पत्नी दोनों एक ही जगह सोए



हुए देखे गए और कुछ दूरी पर धारदार हथियार पर जाने की भी निशान ग्रामीणों ने देखा है और वहां पर दो तौलिया भी पड़े हुए देखे गए हैं। अपराधियों ने घटना का ऐसा अंजाम दिया की घटना स्थल पर ही दंपति की मौत हो गई। घटनास्थल पर पानी के बोतल गिलास एवं केन पर खून के छिटे देखे गए। दोनों के माथे में गहरी चोट के निशान भी देखा गया। लोगों का कहना था कि कुल्हाड़ी जैसे किसी धारदार हथियार से मार कर हत्या की गई है। पुत्र राजकुमार ने बताया कि हमलोगों को किसी से कोई दुश्मनी नहीं है और प्रतिदिन की तरह सोमवार को भी खेत आये हुए थे। किसने किया यह नहीं बता सकते हैं। इसकी सूचना थाना प्रभारी अविनाश राज को दिया गया। सूचना पाकर पुलिस इंस्पेक्टर सुनील कुमार तिवारी, थाना प्रभारी अविनाश राज दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर मामले की जांच शुरू किए। इस तरह वृद्ध दंपति की निर्मम हत्या की सूचना मिलते हैं क्षेत्रीय विधायक नरेश प्रसाद सिंह घटनास्थल पहुंचकर दोषी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई तथा मृतक के परिजनों को मुआवजा दिलाने के लिए भरोसा दिया। वहीं मझिआंव पुलिस निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी ने कहा कि जिसने भी घटना का अंजाम दिया है वह बहुत गलत किया है उसे किसी भी हाल में बक्सा नहीं जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि एस एफ एल टीम एवं अन्य टीम के मदद से घटना की जांच की जा रही है। और टीम गठन कर अपराधियों को धर दबोच लिया जाएगा। वहीं घटनास्थल पर परिजन एवं अन्य मेहमानों का रो-रो कर बुरा हाल था। और देखने के लिए सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे। इस संबंध में जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि दिनेश कुमार एवं मुखिया प्रतिनिधि मनोज कुमार ने कहा कि जिसने भी घटना का अंजाम दिया है वह बहुत गलत किया है और पुलिस को इस घटना में सम्मिलित अपराधियों को जड़ गिरफ्तार करे। और इसके साथ-साथ मुआवजा भी दिया जाए। वहीं कांडी पुलिस ने पंचनामा कर दोनों शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गढ़वा भेज दिया। मौके पर प्रमुख नारायण यादव सहित क्षेत्र के सैकड़ो लोग मौजूद थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### 1930 पर कॉल करके व राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज कराएं शिकायत

**रांची :** सेफ इंटरनेट डे को लेकर जैप-आईटी सभागार में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस अवसर पर आईटी एवं ई-गवर्नेंस निदेशक श्री आदित्य रंजन ने कहा कि इंटरनेट हमारी जीवन शैली का हिस्सा है ,परंतु हमें सावधान और सतर्क रहकर इंटरनेट का उपयोग करना चाहिए। साइबर फ्रॉड एवं अन्य साइबर क्राइम को रोकने के लिए जागरूक होने की आवश्यकता है। ÷सेफ इंटरनेट डे÷ भारत सरकार एवं राज्य सरकार की एक पहल है ताकि सभी नागरिकों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के लिए जानकारी दी जा सके। निदेशक जेएसएसी आर रोनीटा ने भी सभी विभागों के पदाधिकारियों तथा कर्मियों को सेफ इंटरनेट के प्रति जागरूक होने तथा समाज में सभी वर्गों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया।

### श्री श्री माँ काली मंदिर एवं शिव मंदिर समिति द्वारा निशुल्क महाकुंभ और अयोध्या दर्शन यात्रा आज से

**रांची :** श्री श्री माँ काली मंदिर एवं शिव मंदिर समिति, साउथ रेलवे कॉलोनी, रांची द्वारा श्रद्धालुओं के लिए एक निशुल्क महाकुंभ और अयोध्या दर्शन यात्रा का आयोजन किया गया है। यह यात्रा 12 फरवरी दोपहर 1 बजे छह बसों के माध्यम से अयोध्या और महाकुंभ के लिए प्रस्थान करेगी और 15 फरवरी को वापस रांची आएगी। इस यात्रा में कुल 250 श्रद्धालु शामिल होंगे, जिनका मुख्य उद्देश्य महाकुंभ में गंगा स्नान और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेना है।

# सीईओ आवेदन रिजेक्ट करतें हैं तो 50 शब्दों में ठोस कारण भी लिखकर आवेदक को देंगे : दीपक बिरुआ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड भूमि विवाद से निपटने और रैयतों के साथ जमीन दलाल से लेकर अंचल सीईओ, कर्मचारी परेशान नहीं करे इसको लेकर भूक्कराजस्व मंत्री दीपक बिरुआ गंभीरता पूर्वक लगातार इस दिशा में अंचल सीईओ, सीआई, कर्मचारी सभी हिदायत दे रखी है। इस संबंध में सभी भू राजस्व से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक की और कड़े निर्देश दिए हैं। राज्य के सभी अंचलों में तकनीकी कारणों का हवाला देकर रैयतों के आवेदनों को बेवजह रिजेक्ट कर दिये जाने की शिकायत मिलते रहती है, ऐसा आगे से हुआ तो चिन्हित सीओ पर अब सीधे कार्रवाई होगी। अंचलों में दाखिल खारिज संबंधित मामलों पर आवेदकों के आवेदन अस्वीकृत या आपत्ति के कारणों को सीईओ को अब पचास शब्दों में ठोस बातें लिखकर स्पष्ट कारण बताना होगा यह अनिवार्य है। उक्त बातें मंत्री दीपक बिरुआ ने प्रोजेक्ट भवन में भूक्कराजस्व, भूमि सुधार विभाग की समीक्षात्मक बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभी अधिकारियों से बोल रहे थे। बिरुआ ने कहा कि कई बार तकनीकी कारणों से झारभूमि साइट नहीं खुलने की बातें लिखकर, अंचल अधिकारी आवेदनों को जिस तरह रिजेक्ट करने का बहाना बनाते हैं। यह गलत है अब ऐसा नहीं चलेगा। जमीन मामले में अंचलों में कई गड़बड़ियां हैं। जिसका भुगतान सरकार को उठाना पड़ता है। इसलिए सभी अंचल अधिकारी पदाधिकारी सचेत होकर ईमानदारी से अपने कार्य दायित्व का निर्वहन करें।



### मॉडर्न रूम को करें दुरुस्त, खतियान निकालने में न हो रैयतों को परेशानी

मंत्री ने कहा कि कई मॉडर्न रिकॉर्ड रूम से खतियान निकालने पर सही छपाई नहीं होती। खतियान फोटो कॉपी नहीं दिखता है। ऐसी विसंगतियों को दुरुस्त किया जाएं। स्पष्ट स्कैनिंग नहीं होने पर रैयतों को अपने जमीन की सही जानकारी नहीं मिलती। खतियान निकालने के बाद भी रैयतों को परेशानी नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मॉडर्न रुम में कैथी और बंगला भाषा में लिखी खतियान को ट्रांसलेट करने सुविधा देने की आवश्यकता है।

### आरओबी बनाने पर ग्रामीण सड़कों को दिया जाए ध्यान

एनएचएआई कार्य परियोजना को लेकर मंत्री ने दो टूक कहा कि जहां तहां आरओबी बनाने के चक्कर में ग्रामीण सड़कों को छोड़ दिया जाता है। जो गलत है। आरओबी ऊपर में बनने और नीचे जगह छूटने से आमजनों को परेशानियां होती है। उन्होंने लैंड एक्कीजेशन को लेकर समय पर मुआवजा दिलाने की बात कही।

कहा कि एनएचएआई की जिम्मेवारी है कि पदाधिकारी लैंड एकयूजेशन संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान करें। वहीं मौके पर विभागीय सचिव चंद्रशेखर ने कहा कि राजस्व संग्रहण का वार्षिक लक्ष्य के तहत कार्य किया जाए। कमजोर प्रदर्शन करनेवाले अंचलों की समीक्षा कर सुधारात्मक रणनीति अपनाई जाएगी। उन्होंने एलआरडीसी और एसी को अंचलों में लगनेवाले कैंप की विशेष निगरानी करने का खास निर्देश दिया।

मौके पर भू राजस्व विभाग के निदेशक भोर सिंह यादव ने दाखिल खारिज करने के अनुचित कारणों और इसके अद्यतन स्थिति, वेब पीएन की सुविधा दिलाने, जिलों में भूक्कलगान के निर्धारण एवं ऑनलाइन भुगतान करने, भूमि सीमांकन के लंबित मामलों की स्थिति समेत अन्य विभागीय कार्यों को विस्तार से बताया।

बैठक मंत्री दीपक बिरुआ के अलावे सचिव चंद्रशेखर, विशेष सचिव शशि प्रकाश झा, भूमि निदेशक भोर सिंह यादव समेत जिलेभर से आए एलआरडीसी, एडिशनल कलेक्टर समेत अन्य अधिकारी पदाधिकारी मौजूद थे।

### राम मंदिर परिसर में मनाई गई पूज्य श्री रामचरण महाराज की जयंती

**रांची।** समाज के पूज्य श्री रामचरण जी महाराज की जयंती 11 फरवरी 2025 दिन मंगलवार सर्जना चौक रांची स्थित श्री राम मंदिर परिसर में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत 11ः00 बजे पूर्वाह्न रांची सभा के अध्यक्ष संजीव विजयवर्गीय एवं उपस्थित सभा के सदस्यों के द्वारा महाराज जी की आरती,पुष्पांजली और भजन से शुरू हुई।उपस्थिति में सभा के सचिव बीके विजय,सचिव पृथ्वीराज चौधरी एवं रामलाल विजय,नारायण विजय, बासु विजय, सांवरमल चौधरी मुख्य रूप से रहे। महिला सभा से अध्यक्ष सुशीला (बेबी)विजय, रेखा विजय, सुलोचना विजय, अलका विजय, साधना विजय, आशा विजय, अनुपमा विजय, कमला विजय, उषा विजय, आरती विजय, बबीता विजय, पुष्पा विजय, निशा विजय, प्रीति विजय, शारदा विजय, सुनीता विजय, जया बीजावत, मेवा विजय, ललिता विजय, उषा विजय,संतोष विजय,मंजू विजय की उपस्थिति रही।

## चार दिवसीय अभिभावक प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** नई दिशा और सीआरसी रांची के सहयोग से 29 जनवरी से 1 फरवरी 2025 तक, सीआरसी रांची के नामकुम केंद्र में चार दिवसीय पेरेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य विकासात्मक चुनौतियों का सामना कर रहे बच्चों के माता-पिता को व्यावहारिक कौशल से सशक्त बनाना था।

इस ट्रेनिंग का नेतृत्व नई दिशा की मनोवैज्ञानिक सुहानी तन्ना और पल्लवी गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में संवाद कौशल को बढ़ाने, दैनिक चुनौतियों को संभालने और कठिन व्यवहारों से निपटने पर जोर दिया गया।

नई दिशा उन परिवारों के लिए काम करती है जिनके बच्चे विकासात्मक विकलांगताओं से प्रभावित हैं।

नई दिशा के बारे में अधिक जानकारी के लिए उनके मुफ्त हेल्पलाइन नंबर 844-844-8996 पर संपर्क करें। सीआरसी रांची के निदेशक श्री सूर्य मणि प्रसाद ने इस कार्यक्रम के महत्व को स्वीकार करते हुए कहा, इस तरह का प्रशिक्षण बच्चों के माता-पिता के लिए बहुत सहायक होता है।

क्योंकि यह उन्हें बेहतर देखभाल करने वाले बनने में मदद करता है, जिससे वे अपने बच्चों के लिए बेहतर देखभाल और समर्थन प्रदान कर सकते हैं।

## निगम ने जलापूर्ति शाखा के अधीक्षण अभियंता के साथ की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आने वाली गर्मी को देखते हुए उप प्रशासक गौतम कुमार साहु की अध्यक्षता मे बैठक की गयी जिसमें जलापूर्ति शाखा के अधीक्षण अभियंता, कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, पाइप लाईन निरीक्षक एवं पेयजल एवं स्वच्छता गोन्दा, बुटी एवं हटिया प्रमण्डल के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता कनीय अभियंता एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

उप प्रशासक द्वारा आगामी गर्मी से पेयजलापूर्ति की समस्या से निपटने हेतु आमजनों को किस प्रकार सुलभ जलापूर्ति की जाये इस संबंध में चर्चा की गई तथा निम्नाकिंत निर्देश दिये गयेः आसन्न गर्मी में भू-गर्भ जल का कम से कम दोहन हो इस हेतु Surface Water से टैंकर Filling का कार्य किया जाये इस हेतु ऐसे स्थलों को चिन्हित किया गया है जहाँ टैंकर के माध्यम से जलापूर्ति कि जानी है तथा अतिरिक्त सिरम टोली सम्प, कांटोटाली बस स्टैण्ड सम्प, कर्बला चौक सम्प, पिस्का मोड़ सम्प एवं कुसई कॉलनी सम्प व अन्य Surface Water Source उपलब्ध कराने हेतु पेयजल एवं स्वच्छता के सभी प्रमण्डलों को निदेशित किया गया ताकि शीर्ष Tanker Filling का कार्य शुरू किया जा सके। आसन्न गर्मी को देखते हुए सभी प्रमण्डलों को यह निर्देश दिया गया कि रोस्टर तैयार कर आमजनों का निर्वाध तरीके से पेयजलापूर्ति करना सुनिश्चित करेंगे। नियमित जलापूर्ति हेतु Control रूम सप्ताह के सातों दिन कार्यरत रखने का निर्देश दिया गया। पेयजलापूर्ति संबंधित प्राप्त सभी प्रकार की शिकायतों का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। पेयजल एवं स्वच्छता के विभिन्न प्रमण्डलों को यह निर्देश दिया गया कि Bulk Consumers की सूची निगम को शीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि बड़े बकायेदारों से राजस्व संग्रहन हेतु आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

जलापूर्ति शाखा की टीम आसन्न गर्मी को देखते हुए समर एक्शन प्लान की रणनीति जल्द से जल्द तैयार करें।

## पीएनबी एमएसएमई आउटरीच प्रोग्राम 2025 13 फरवरी से

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पंजाब नैशनल बैंक के द्वारा 13 फरवरी 2025 को होटल केनेलाईट साकची, जमशेदपुर में एम.एस.एम.ई. आउटरीच प्रोग्राम -2025 का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जमशेदपुर शहर के प्रमुख उद्यमी एवं बैंक के संभावित एवं मौजूदा ग्राहक उपस्थित रहेंगे। पीएनबी के अंचल प्रमुख आशीष कुमार चतुर्वेदी ने समाचार पत्र को अवगत कराया कि यह सभी जमशेदपुरवासिओ तथा झारखण्ड के निवासियों को अपने उद्यम को स्थापित करने एवं आगे बढाने हेतु ऋण प्राप्त करने का एक सुनहरा अवसर है। पीएनबी समस्त व्यवसायियों को सुगमतापूर्वक आसान किश्तों में एम.एस.एम.ई ऋण उपलब्ध करवा रही है।अंचल प्रमुख श्री चतुर्वेदी द्वारा किसी भी बैंक/वित्तीय संस्था से व्यावसायिक ऋण सुविधा प्राप्त ग्राहकों से भी अपील की है कि अपनी वर्त्तमान ऋण की ब्याज दर की जानकारी व स्टेटमेंट ऑफ अकाउंट यदि बैंक को उपलब्ध करवाते है तो उन्हें बेहतर ब्याज-दर उपलब्ध प्रदान कर ऋण खाता पंजाब नैशनल बैंक में स्थानांतरित किया जा सकता है , जिससे ग्राहक दिए जाने वाले ब्याज पर हजारों रु. की बचत कर सकते हैं। इस प्रोग्राम में विभिन्न सरकारी योजना के अंतर्गत चल रहे ऋण सुविधाएँ जैसे पीएम विश्वकर्मा , स्वनिधि ,मुद्रा आदि की जानकारी प्रदान की जाएगी तथा ऋण स्वीकृत किये जायेंगे।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मनायी गयी पुण्यतिथि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश भाजपा द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि बूथ स्तर पर समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया। नेता एवं हजारों कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा एवं चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा की तथा राष्ट्र सेवा केलिए समर्पण भाव से कार्य करने का संकल्प लिया।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने दीनदयाल को श्रद्धा सुमन



अर्पित करते हुए नमन किया। मरांडी ने कहा कि एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के प्रणेता, भारतीय जनसंघ के संस्थापक, महान कर्मयोगी पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन जरूरतमंदों की सेवा व राष्ट्रोत्थान के लिए समर्पित कर दिया।कहा कि पंडित दीनदयाल जी का बलिदान कार्यकर्ताओं को राष्ट्रसेवा केलिए सदैव प्रेरित करता रहेगा। कहा कि स्व. उपाध्याय का आदर्श जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है।प्रदेश कार्यालय में स्व दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने कहा कि पंडित दीनदयाल हमसभी कार्यकर्ताओं के प्रेरणा पुरुष हैं। प्रदेश कार्यालय में श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में विधायक सीपी सिंह,प्रदेश मंत्री सीमा पासवान, किशुन दास, शोभा यादव,संदीप वर्मा, वसंत मित्तल, मुकेश मुक्ता, संजय जायसवाल, संजय चौधरी, आदि शामिल हैं।

## लायंस क्लब ऑफ रांची के संयुक्त तत्वावधान में सामूहिक विवाह समारोह 27 अप्रैल को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आगामी 27 अप्रैल 2025 को लायंस क्लब ऑफ रांची कैपिटल लायंस क्लब ऑफ रांची दिवास के संयुक्त तत्वाधान में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी आयोजनकर्ता श्रवण जैन एवं पायल जैन ने दी। प्रेस क्लब रांची के कॉन्फ्रेंस हॉल में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि 25 अविवाहित जोड़ों का सामूहिक विवाह दिगम्बर जैन भवन, हरमू रोड में संपन्न किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य सौजन्यकर्ता झूमरमल जैन सेठी एवं परिवार की ओर से किया जा रहा है। विवाह संस्कार सनातन विधि विधान के साथ किया जाएगा। इस आयोजन में लाभ लेने के इच्छुक जोड़े अपना आवेदन कसेरा स्पोर्ट्स एवं रामभगत हरिप्रसाद पेट्रोल पंप में जमा कर सकते हैं। आवेदक जोड़ों को दूल्हा दुल्हन का आधार कार्ड, माता - पिता के आधार की छायाप्रति, एड्रेस प्रूफ, पासपोर्ट साइज के फोटोग्राफ्स, और अन्य आवश्यक विवरणों जमा करनी होगी। दस्तावेजों के सत्यापन के बाद ही अंतिम स्वीकृति प्रदान की जा सकेगी। आवेदन की अंतिम तिथि 28 फरवरी निर्धारित है।

प्रत्येक जोड़े के साथ 10 बताती 10 घराती शामिल हो सकेंगे साथ ही सभी के लिए भोजन की व्यवस्था रहेगी। नवविवाहित जोड़ों को आवश्यक गृहस्थी सामग्री उपहार स्वरूप प्रदान की जाएगी और दूल्हा दुल्हन के लिए विशेष विवाह परिधान उपलब्ध कराए जाएंगे।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्य रूप से श्रवण जैन, प्रियंका जैन, राजेश



कसेरा, श्रेयल जैन, दीपक लोहिया, सुशील सिंह, अनूप अग्रवाल, रजनी नरूला, निधि नागपाल, फरहीन, तंजीम आलम, राखी गुलगुलिया, आशुतोष प्रामाणिक, नितेश कुमार, पंकज मिधा सहित दिवास लायंस क्लब के सदस्य उपस्थित रहे।

## सुपर ओवर के साथ अमानत सेमीफाइनल में और अजय जीत के साथ हुआ बाहर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची प्रेस क्लब मीडिया क्रिकेट के पांचवे दिन जेके क्रिकेट मैदान में दोनों मुकाबले के परिणाम सुपर ओवर में निकले। पहले मुकाबले में अमानत ने स्वर्णरेखा को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं अजय ने मयूराक्षी को हराकर अपना टूनामेंट जीत के साथ समाप्त किया। अमानत के समीर सृजन और अजय के मोनू कुमार प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए।

**अमानत की लगातार तीसरी जीत:** टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए स्वर्णरेखा ने (132/7) रन बनाए। प्रवीण ने सर्वाधिक 37 रन बनाए, वहीं अमानत के समीर ने 3 और सुशील ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए अमानत की टीम ने असगर के 4 गेंदों में 17 रन मारकर मुकाबले को डॉ कर दिया। अमानत की और से सुशील सिंह ने 52 और अमित सिंह ने 38 रनों की पारी खेली। मुकाबला सुपर ओवर में गया, जिसमे अमानत ने (18/1) और स्वर्णरेखा ने (13/1) रन बनाए।

**अजय ने जीत के भी बाहर, मयूराक्षी सेमीफाइनल में:** टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मयूराक्षी की टीम ने (191/1) का विशाल स्कोर खड़ा किया। शमीम राजा ने 48 गेंदों में शतक जड़ा। वहीं इमरान ने 64 रनों की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए अजय ने (191/4) बना सकी और मुकाबला ड्रा रहा। टीम की ओर से मोनू ने 33 गेंदों में 83 रन बनाए। मयूराक्षी के कमलेश मिश्रा ने 2 विकेट झटके। सुपर ओवर में अजय ने (10/0) और मयूराक्षी (3/2) बना सकी। आरपीसी मीडिया कप के टाइटल स्पोंसर टाटा स्टील, को स्पोंसर अडानी पावर, मदर जीरामनी टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, अलेक्सा रिजॉट एन्ड रेस्टोरेंट, सपोटिंग पार्टनर टाइटन वल्ड एन्ड जके इंटरनेशनल स्कूल (जेके क्रिकेट एकेडमी ) रहे।

# अरगोड़ा थाना में पांच लाख रुपये की ठगी का मामला दर्ज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अरगोड़ा थाना में पांच लाख रुपये ठगी से जुड़ा मामला दर्ज किया गया है। बताया गया है कि तीन युवकों ने बिजनेस में पैसे लगाने के नाम पर यह ठगी की है। इस मामले में रांची डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा के संज्ञान के बाद अरगोड़ा थाना में मामला दर्ज किया गया। पीड़ित सुहैल अंसारी की शिकायत पर वसी जफर इकबाल, वसीम जफर कैफी व वसीम कमल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पीड़ित पिछले एक साल से अरगोड़ा थाना का चक्कर लगा रहा था। थाने में मौजूद पुलिस पीड़ित के साथ दुर्व्यवहार कर रहे थे। रांची एसएसपी ने मामले को संज्ञान में लिया। एसएसपी ने कहा था कि पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। अरगोड़ा पुलिस के रवैए से परेशान होकर पीड़ित ने रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा से भी गुहार लगाई थी।एसएसपी को दिए आवेदन में बताया था कि 2023 में बिजनेस में पैसे लगाने के नाम पर तीन युवकों ने उनसे पांच रुपये ठग लिए। रुपये वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी मिल रही है। पीड़ित ने बताया है कि वह पिछले एक साल से अरगोड़ा थाना के चक्कर काट रहे हैं। आज तक उसकी एफआईआर दर्ज नहीं की गई। थाना जाने पर वहां मौजूद पुलिसकर्मी




दुर्व्यवहार करते हैं। पुलिस कह रही है कि ठगा गए हो तो पुलिस वाले तुम्हारे पैसे देंगे क्या। पीड़ित ने बताया है कि एफआईआर करने को कहने पर ऑफिसर के छुट्टी पर होने का हवाला दिया जाता है। पुलिस कहती है यह थाना है, यहां सिर्फ क्राइम से संबंधित केस दर्ज किया जाता है। कोर्ट जाकर केस करो। पीड़ित ने इस मामले में ऑनलाइन एफआईआर भी दर्ज कराई है। लेकिन, वहां से भी उसको कोई मदद नहीं मिली। पीड़ित ने लिखा है कि वह थाना जा-जाकर थक गया है। परेशान होकर वह एसएसपी की शरण में आया है।एफआईआर में बताया गया है कि 2016 से 2023 तक वसी जफर इकबाल व उसका भाई वसीम जफर कैफी उसके घर के पास रहते थे। इस दौरान उन्होंने अप्रैल 2022 में उनकी मुलाकात वसीम कमल से कराई थी। वसीम कमल डोरंडा थाना क्षेत्र के परस टोली का रहने वाला है। वसीम कमल ने पीड़ित युवक को बिजनेस में पैसा लगाने व इससे आने वाले मुनाफा के बारे में बताकर झांसे में लिया। वसीम कमल और वसी ने पीड़ित युवक को एक लाख रुपये में हर महीना 10 प्रतिशत मुनाफा देने का लालच दिया। इसके बाद वसीम और वसी ने पीड़ित युवक से चार लाख रुपये लिए। वसीम और वसी ने पीड़ित की मौसी को भी झांसा देकर एक लाख रुपये ले लिया। वसी जफर और वसीम कमल ने पीड़ितों को एक लाख पर 10 प्रतिशत महीना मुनाफा देने का एग्रीमेंट भी किया। इसके बाद 4 से 6 महीनों तक मुनाफा भी मिला। आरोप है कि इसके बाद आज तक न कोई मुनाफा दिया, न ही उनके द्वारा दिए गए रुपये वापस किए गए।

## हेमंत सरकार केंद्र की बड़ी योजनाओं को धरातल पर उतारने के प्रति उदासीन : प्रतुल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर केंद्र की योजनाओं को धरातल में उतारने के प्रति उदासीन होने बड़ा आरोप लगाया। प्रतुल ने कहा कि दिखावा के लिए मुख्यमंत्री और राज्य वित्त मंत्री केंद्रीय मंत्रियों को मांग पत्र सौंपते हैं। लेकिन पहले से चल रही केंद्रीय योजनाओं का राज्य में बुरा हाल है। प्रतुल ने कहा कि सर्वप्रथम मनरेगा में केंद्र सरकार के हिस्सेदारी के पैसे का यूटिलिटी सर्टिफिकेट राज्य ने नहीं सौंपा। जिसके कारण लंबे समय तक केंद्र के अंशदान पर ग्रहण लग गया था। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना में भी केंद्र और राज्य का संयुक्त योगदान होता है। केंद्र ने इस योजना में जो पैसा दिया उसका राज्य सरकार ने फिर से समय पर यूटिलिटी सर्टिफिकेट नहीं दिया। जिसके कारण प्रधानमंत्री आवास योजना में भी झारखंड काफी नीचे के पायदान पर है द्यप्रतुल ने कहा कि प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान योजना में केंद्र से अंशदान मिल जाने के बावजूद राज्य सरकार ने अनेक निजी अस्पतालों को समय पर भुगतान नहीं किया था। जिसके कारण सैकड़ों निजी अस्पतालों ने



आयुष्मान कार्ड के बदौलत मरीजों का दाखिला लेना बंद कर दिया।प्रतुल ने कहा कि हर घर में नल से जल योजना का झारखंड में हेमंत सरकार ने बुरा हाल कर दिया।इस योजना में एक समय झारखंड नीचे से एक पायदान ऊपर था। आज भी राज्य के 28 लाख घरों में नल से जल नहीं पहुंच पाया है। केंद्र की यह स्कीम भी भ्रष्टाचार के आरोप में चढ़ गई थी और तत्कालीन मंत्री के करीबियों सहित अनेक लोगों के यहां छापा पड़ा था। प्रतुल ने कहा कि केंद्र सरकार राज्य को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए तत्पर है। परंतु राज्य सरकार केंद्र के पैसे का हिसाब नहीं देती। जिसके कारण पूरा मामला खटाई में फंस जाता है।प्रतुल ने मुख्यमंत्री से अपील की कि वह केंद्र के पैसे का सदुपयोग करें। क्योंकि प्रधानमंत्री , अमित शाह , नितिन गडकरी जी समेत कई मंत्रियों ने अनेक बार कहा है कि वह राज्यों को पैसे की कमी नहीं होने देंगे बशर्ते नियम कानून का पालन हो।

## 52324 लोगों ने राज भवन उद्यान का भ्रमण करने पहुंचे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मंगलवार को 52324 लोगों ने राज भवन उद्यान का भ्रमण एवं परिदर्शन किया। विदित हो कि राज्यपाल संतोष गंगवार के निदेशानुसार राज भवन उद्यान को आम नागरिकों के भ्रमण एवं परिदर्शन हेतु 6 फरवरी से 12 फरवरी, 2025 तक खोला गया है।उद्यान भ्रमण का समय पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित है तथा प्रवेश राज भवन के गेट संख्या 2 से सुरक्षा जांचोपरांत 1 बजे अपराह्न तक है। राज्यपाल आज उद्यान भ्रमण के दौरान



आगंतुकों से मिले।

उन्होंने विभिन्न आयु वर्ग के लोगों, विशेषकर छात्र-छात्राओं से संवाद किया, उनकी जिज्ञासाओं का उत्तर दिया एवं उनकी प्रतिक्रियाएँ जानीं। इस दौरान उन्होंने आगंतुकों के साथ तस्वीरें खिंचवाई।

राज्यपाल की सहजता और आत्मीयता ने सभी आगंतुकों को अभिभूत कर दिया।

## पीसीसी पथ निर्माण कार्य का किया गया शिलान्यास



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** डॉ. प्रदीप वर्मा सांसद विकास निधि योजना अंतर्गत आज नामकुम प्रखंड के महुआ टोली में आर.के. सिंह जी के घर के पास पी सी सी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष द्वय श्री अशोक मुंडा जी व श्री नवीन सोनी जी, पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री मुक्तिनाथ मिश्रा जी, श्री बिरसा पाहन जी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहें ।

## चोरी का मोटर पम्प घर से बरामद, आरोपी को भेजा जेल

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):**नरकोपी थाना क्षेत्र के कंजगी गांव से एक मोटर पंप की चोरी हो गई थी। इस सम्बद्ध में नरकोपी थाना कांड संख्या 05/25 दर्ज की गई थी। तत्पश्चात वरीय पदाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार त्वरित कार्यवाही करते हुए कंजगी से राजकुमार उरांव पिता धाधू उरांव एवं लोहरदगा जिला के कैरो थाना के मोजामिल अंसारी पिता मोइन अंसारी ग्राम कंजगी को गिरफ्तार किया। उनके मोजामिल के घर से चोरी गई मोटर पंप को बरामद कर लिया गया है। पुलिस दोनो आरोपी को जेल भेज दी।

## टांगर में स्कूटी चोरी करते हुए एक बदमाश रंगे हाथ पकड़ा गया

**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो थाना क्षेत्र के टांगर में मंगलवार दोपहर 3 बजे स्कूटी चोरी करते हुए एक बदमाश को ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़ लिया।पकड़ने गए युवक ने अपना नाम आसिफ खलारी बता रहा था। पकड़ने के बाद लोगों ने उसकी जमकर पिटाई की,इसके बाद चान्हो पुलिस को सौप दिया।बताया जाता है कि टांगर गांव के रहने वाले मंगरा उरांव घर के बाहर खड़े स्कूटी को चोरी कर रहा था। हाल के दिनों में कई मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं सामने आई है जिसको लेकर पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है।

## मदरसा हनहट रोड नाली में अधेड़ अज्ञात व्यक्ति का शव मिला, जांच में जुटी पुलिस

**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो थाना क्षेत्र के मदरसा हनहट रोड़ में एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद हुआ। मौके पर पहुंची चान्हो पुलिस ने शव को बरामद कर इसकी पहचान में जुट गई है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर चल रहे राहगीरों ने मंगलवार को दिन 12 बजे नाली में गिरे हुए एक अधेड़ अज्ञात व्यक्ति का शव का सूचना स्थानीय लोगों को बताया । जिसके बाद उसकी सूचना चान्हो पुलिस को दिया। स्थानीय लोग अभी तक इसकी पहचान नहीं कर पाए हैं।

## शहीद शेख भिखारी टिकैत उमराव सिंह सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट



**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र स्थित शहीद शेख भिखारी टिकैट उमराव सिंह सद्भावना समिति हेंदेबिली ओरमांझी की ओर से गुंजा डहूटोला मैदान में जिला स्तरीय विशाल क्रिकेट टूर्नामेंट का मंगलवार को दूसरा दिन खेला गया।क्रिकेट मैच के आयोजक अध्यक्ष मुबारक अंसारी ने मुख्य अतिथि जेएलजेएम नेता सह डीएवी रॉयल पब्लिक स्कूल के निदेशक शाकिर अंसारी व विशिष्ट अतिथि सज्जाद अंसारी को अंग वस्त्र व मोमेंटो एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि व क्रिकेट टूर्नामेंट के अध्यक्ष मुबारक अंसारी व साकिर अंसारी व सज्जाद अंसारी ने संयुक्त रूप से क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन फीता काटकर किया। खेल मैदान में पूर्व सांसद ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। पहला मैच मायापुर टीम बनाम चुट्टू टीम के बीच खेला गया। जिसमें चुट्टू की टीम मैच जीता। वहीं दूसरा मैच मंदरो की टीम बनाम बुंडू की टीम के बीच खेला गया। जिसमें मंडरो की टीम ने 4विकेट से जीता। तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच मंदरो बनाम चुट्टू के बीच खेला गया जिसमें छुट्टू 5 रन से विजय हासिल की।मौके पर मुख्य अतिथि साकिर अंसारी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया और खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा करने का आह्वान किया। इस आयोजन से क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों में उत्साह का संचार हुआ और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच मिला। मौके पर मुख्य रूप से मुख्य अथिति साकिर अंसारी , विशिष्ट अतिथि सज्जाद अंसारी, अध्यक्ष मुबारक अंसारी, इसराफिल अंसारी, प्रवेज आलम, विकास सिंह भोकता, सईद अंसारी, यूनुस अंसारी,सकिल अंसारी, सोहैल अंसारी, सुलेमान बेन आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## बीआईटी में जिला परिषद सदस्य ने किया अश्वनी अमृततुल्य चाय आउट लेट का उद्घाटन

कांके- प्रखण्ड क्षेत्र के बीआईटी मेसरा मोड़ के समीप अश्वनी अमृततुल्य चाय की दुकान का उद्घाटन जिला परिषद सदस्यसह आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष संजय कुमार महतो, केदल मुखिया राहुल मुंडा, केदल अंजुमन कमेटी के पूर्व सदर बबलू अंसारी, दुकान के संचालक मोहम्मद फिरोज अंसारी के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर अब्दुल गफूर, सोनाराम महतो, नफीस अंसारी, हसन खान, खालिक खान, सहनवाज खान सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे। संचालक मोहम्मद फिरोज अंसारी ने जानकारी देते हुए कहा कि पुणे की कंपनी के द्वारा यह फेंचाइजी मिला है। अश्विनी अमृततुल्य की शाखा सम्पूर्ण भारत में है। झारखंड में अनेकों शाखा है। फिलहाल झारखंड के बहुत कम शहरों में इसकी शाखा है। भारत के प्रत्येक जिला में अपनी शाखा खोलने का लक्ष्य है। अश्विनी अमृततुल्य चाय की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां मसालेदार चाय मिलता है जो चाय प्रेमियों को काफी भाता है। लोग बड़े चाव से इस चाय का आनंद लेते हैं। यहां 10 रुपया से लेकर 30 रुपया तक का चाय मिलता है। मोहम्मद फिरोज अंसारी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि इस बेहतरीन चाय का स्वाद लेने के लिए एक बार अवश्य मेरे प्रतिष्ठान पर पधारें एवं किसी विशेष आयोजन के अवसर पर एक बार सेवा का मौका अवश्य दें।

# खलारी में कड़ी निगरानी के बीच जैक बोर्ड की मैट्रिक व इंटरमिडिएट की परीक्षा शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** झारखंड अधिविद्य परिषद के मैट्रिक व इंटरमिडिएट की परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हो गई. खलारी में तीन केंद्र बनाए गए हैं. जिनमें एसीसी उच्च विद्यालय खलारी, जनता उच्च विद्यालय खलारी बाजारटांड तथा आदर्श हाई स्कूल खलारी बनाया गया है. मंगलवार को दो परीक्षा केन्द्र एसीसी उच्च विद्यालय खलारी और आदर्श हाई स्कूल खलारी में इंफोरमेशन टेक्नोलोजी सिस्टम (आईटीएस) और हेल्थ विषय की परीक्षा कदाचार मुक्त सम्पन्न हुई. प्रथम पाली में एसीसी उच्च विद्यालय खलारी परीक्षा केंद्र में मैट्रिक के आदर्श उच्च विद्यालय के 49 त्रों ने इंफोरमेशन टेक्नोलोजी सिस्टम (आईटीएस) विषय की परीक्षा दी. परीक्षा केन्द्र में कोई भी छात्र अनुपस्थित नही था. वहीं परीक्षा केन्द्र आदर्श उच्च विद्यालय शांतिनगर खलारी में मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा सम्पन्न हुई. प्रथम पाली में मैट्रिक के इंफोरमेशन टेक्नोलोजी सिस्टम (आईटीएस) विषय की परीक्षा में जनता उच्च विद्यालय खलारी बाजारटांड के 35 परीक्षार्थियों में से 34 ने परीक्षा दी, 01 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा. वहीं मैट्रिक के हेल्थ विषय में जनता 40 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, कोई भी परीक्षार्थी अनुपस्थित नही था. जिसके बाद द्वतीय पाली में इंटरमीडिएट की इंफोरमेशन टेक्नोलोजी सिस्टम (आईटीएस) एवं हेल्थ विषय की परीक्षा में जनता उच्च विद्यालय खलारी बाजारटांड के इंटरमीडिएट विज्ञान संकाय के 4 परीक्षार्थी व कला संकाय के 55 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी.एक परीक्षार्थी हेल्थ विषय की परीक्षा में अनुपस्थित रहा. परीक्षा केन्द्र में दोनो पाली की परीक्षाएं नीयत समय से शुरू हुई. प्रश्न पत्र सही समय पर केंद्रों पर पहुंचा दिए गए थे. वहीं केन्द्र सीसीटीवी की निगरानी में थे. परीक्षा केन्द्र में मैट्रीक परीक्षा के लिए जोनल दंडाधिकारी गोपाल राम दास एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए सुनील कुमार को नियुक्त किया गया है. जोनल दंडाधिकारी के द्वारा परीक्षा के दौरान केन्द्र का निरीक्षण किया गया.वहीं आदर्श उच्च



विद्यालय में मैटिक की परीक्षा के लिए स्टैटिक मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा एवं इंटरमीडिएट में स्टैटिक मजिस्ट्रेट कन्हैया भगत मौजुद थे. एसीसी उच्च विद्यालय में स्टेटिक मजिस्ट्रेट दीपक कुमार नियुक्त थे. परीक्षार्थियों के लिए पेयजल सहित दूसरे आवश्यक सुविधाओं का इंतजाम रखा गया था. केंद्रों पर पुलिस के एक-एक अधिकारी व सुरक्षाबलों की तैनाती थी.

# खलारी बाजारटांड़ में 25वां सालाना उर्से रफीके मिल्लत फैजाने कॉन्फ्रेंस ने किया जलसा का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी आजाद नगर बाजारटांड़ में 25वां सालाना उर्से रफीके मिल्लत फैजाने कॉन्फ्रेंस के द्वारा देश में आपसी भाईचारे और मिल्लत को लेकर जलसा का आयोजन किया गया. जलसा में रांची लोहरदगा, बालूमाथ, बीजूपाड़ा, राय, डकरा, खलारी कोयलांचल के ग्रामीण इलाकों से मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए. इस जलसे में बरैली शरीफ से हजरत अल्लामा तौसीफ नुरानी, हजरत मौलाना वाशिकुल कादरी, महाराष्ट्र से शहजादाऐ ताजऐ मिल्लत नाबरीये आलाहजरत समनानी,



शायरे इस्लाम नदीम रजा फैजी मधुपुरी, मौलाना शासबान रजा, हाफ़िज़ मकसूद सहित अन्य ओलिमाएकराम उपस्थित थे. जलसा में मुख्य रूप से मुस्लिम समुदाय के लोगों को समाज में फैल रही बुराइयों से दूर रहने के साथ शिक्षित होने तथा शादी को अधिक खर्चिला नही करने की अपील की गई. वही उपस्थित नात खां के द्वारा पढ़े गए नातो का लोगों ने लुत्फ उठाया. वहीं जलसा की समाप्ति के बाद उपस्थित लोगों के बीच सीनरी बांटा गया. जलसा को सफल बनाने में अंजुमन कदीम अहले सुन्नत, अंजुमन गरीब नवाज़, अंजुमन तंजीम अहलेसुन्नत कमेटी के पदाधिकारियों के अलावा बाजारटांड़ के ग्रामीण उपस्थित थे.

# पूर्व विधायक सह पाड़हा संचालन समिति के संरक्षक विश्वनाथ भगत की चतुर्थ पुण्य तिथि मनाई गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड़ बारीडीह पाड़हा मैदान में केंद्रीय पाड़हा संचालन समिति के मुख्य संरक्षक निलमणी भगत के नेतृत्व में मंगलवार को पूर्व विधायक सह तत्कालीन केंद्रीय पाड़हा संचालन समिति के मुख्य संरक्षक स्वर्गीय विश्वनाथ भगत की चतुर्थ पुण्य तिथि सह स्मृति दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन पाड़हा सचीव धनंजय कुमार रॉय ने किया। जहां पाड़हा समाज के अगुआ



एवं झारखंड आंदोलनकारियों ने दो मिनट का मौन धारण उनके याद में करते हुए उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया और उनके पद चिन्ह में चलने की बात कही। वहीं वक्ताओं ने स्व0 भगत की जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रोफेसर सोमरा उरांव, भौआ उरांव, मुखिया सुशांति भगत, पाड़हा राजा विशाल उरांव, दीवान बिरवा उरांव, कार्यकारी अध्यक्ष एतवा उरांव, घिनू उरांव,प्रभाकर कुजूर ,महावीर विश्वकर्मा, पाड़हा अध्यक्ष बंधना उरांव, गैना उरांव, कुलदीप साहू, डेविड बालमुचू, विश्वनाथ गोप, सहिन्द्र उरांव, लीला मुंडा, बांदे उरांव , पाड़हा राजा विष्णु उरांव , प्रवक्ता चरवा उरांव, मुमताज खान ने पुष्प अर्पित कर नमन किया। धन्यवाद ज्ञापन लीला मुंडा ने किया।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में फ्लैग ऑफ असेंबली का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** सफल शैक्षणिक सत्र के औपचारिक समापन के लिए सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के प्रांगण में 'फ्लैग ऑफ असेंबली' का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने एक सफल और समृद्ध सत्र के समापन की घोषणा की। असेंबली की शुरुआत प्रार्थना से हुई, जिसके बाद आज का विचार और एक प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत किया गया। इस प्रेरक संबोधन ने छात्रों को अपनी सीमाओं से आगे बढ़ने और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इसके



बाद सत्र की 'सर्वश्रेष्ठ कक्षा' की घोषणा की गई। यजुर्वेद इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ सदन बनकर उभरा। इस अवसर पर स्टूडेंट काउंसिल के सदस्यों ने वृक्षारोपण अभियान भी चलाया, जिससे उन्होंने इस सफल सत्र के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। यह असेंबली अत्यंत उत्साहजनक रही, जिसने विद्यार्थियों और शिक्षकों में नवीन ऊर्जा और उमंग भर दिया। इस आयोजन ने उच्च मानदंड स्थापित किए और सभी को आने वाले सत्र की एक नई, सफल यात्रा के लिए प्रेरित किया। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने सभी को एक सफल सत्र के लिए बधाई दी और विद्यार्थियों को अपने प्रदर्शन पर आत्मविश्लेषण करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि आगामी वर्ष में हमें अपनी कमजोरियों को समझकर खुद को और अधिक सशक्त बनाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने आगामी परीक्षाओं के लिए सभी को शुभकामनाएं भी दीं।

# अवैध अफीम की खेती छोड़ वैकल्पिक खेती अपनाने हेतु जिला प्रशासन खूंटी द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से चलाया जा रहा जनजागरूकता अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** जिला प्रशासन द्वारा आज मुरहू प्रखंड के कुंजला समेत अन्य क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अवैध अफीम की खेती के दुष्प्रभावों से आमजनों एवं किसानों को अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को अवैध खेती को छोड़कर वैकल्पिक एवं लाभकारी फसलों की ओर प्रेरित करने का प्रयास किया गया।नुक्कड़ नाटक के माध्यम




से बताया गया कि अवैध अफीम की खेती न केवल कानूनी अपराध है, बल्कि यह समाज और स्वास्थ्य के लिए भी घातक है। किसानों को समझाया गया कि वे अफीम की खेती को छोड़कर ड्रैगन फ्रूट, टमाटर, बैगन, मूंग इत्यादि जैसी लाभकारी फसलों की खेती करें, जिससे उनकी आजीविका भी सुरक्षित रहे और समाज में सकारात्मक बदलाव आए।जिला प्रशासन खूंटी का यह अभियान स्थानीय किसानों को वैकल्पिक खेती की ओर प्रेरित करने एवं क्षेत्र में सतत कृषि विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। इस दौरान किसानों को सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही कृषि योजनाओं एवं तकनीकी सहायता की जानकारी भी दी गई।

## समाजसेवी दिवंगत मदन भगत को दी गई श्रद्धांजलि

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर मुरहू में समाजसेवी स्व मदन भगत की चौथी पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित की गई साथ ही 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई । मौके पर उपस्थित डॉ डीएन तिवारी ने कहा कि मदन भगत जी उदार व्यक्तित्व के धनी,महान समाजसेवी और धार्मिक प्रवृत्ति के उर्जावान व्यक्ति थे। उन्होंने अपने जीवन में तमाम संघर्ष करते हुए समाज के सभी वर्गों के हित के लिए आवाज बुलंद किया करते थे। बहुत कम संसाधनों में भी बड़े से बड़ा सामाजिक -सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजन कराने में तत्पर रहते थे। उन्होंने अपने मन वचन कर्म से कभी किसी को तकलीफ़ नहीं पहुंचाया। वे अत्यंत आशावादी और सद् कर्म की राह चलते रहे।ईश्वर की उनपर बराबर कृपा रहती थी, तभी तो वे जीवन भर अपने दृढ़ विचारों से समाज को सही दिशा देने का काम करते रहे।आज उनके आदर्श पर चलकर उनके पुत्र सकलदीप भगत व अन्य अपने कार्यो में निपुण हैं। समाज को श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर के माध्यम से इस आदिवासी क्षेत्र के सुदूर बच्चों में शिक्षा की नई ज्योति जगा रहे हैं।। मौके पर सभी छात्र-छात्राएं एवं शिक्षिका उपस्थित थे।

## पिपरवार में यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन एरिया कमेटी गठन के साथ मचा घमासान

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):**सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा श्रमिक क्लब में 10 फरवरी को हुए यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के क्षेत्रीय सम्मेलन में एरिया कमेटी गठन के साथ ही घमासान शुरू हो गया है।यूनियन के लोग दो गुटों में अलग-



अलग बंट चुके हैं और बयानबाजी के साथ एक दूसरे पर हमला कर रहे हैं।जानकारी के मुताबिक मंगलवार को यूनियन के क्षेत्रीय कार्यालय में युनियन के वरिष्ट नेता मुद्रिका प्रसाद के नेतृत्व में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया।जिसमें एरिया कमेटी को पूरी तरह से आसंवैधानिक बताया गया है।यूनियन के वरिष्ट नेता मुद्रिका प्रसाद ने बताया कि 10 फरवरी को यूनियन का सम्मेलन एवं एरिया कमेटी का जो गठन हुआ है वह पूरी तरह से वैद्य नहीं है।क्योंकि इससे पूर्व 21 मार्च 2023 को अशोक परियोजना शाखा का सम्मेलन विरोध के बीच स्थगित कर दिया गया था,बावजूद इसके अशोक परियोजना शाखा कमेटी का गठन किया गया जो पूरी तरह से आसंवैधानिक है। प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि चार सदस्य मिलकर 91 सदस्यीय डेलीगेट का चयन किया,जिसमें पुराने और कर्मठ साथियों की अनदेखी की गई।ऐसे में किस संविधान एवं कानून के तहत एरिया कमेटी का गठन किया गया है,इसका जवाब सभी मजदूर जानना चाह रहे हैं।उन्होंने कहा कि एक साजिश के तहत एढोक कमिटी का गठन किया गया था,यह एढोक कमेटी एकतरफा फैसला ली है।जिसका पुरजोर तरीके से विरोध किया गया है।उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय सम्मेलन एवं एरिया कमेटी गठन के खिलाफ करीब 200 से अधिक मजदूरों ने अपना इस्तीफा दिया है।उन्होंने कहा कि यूनियन को मजबूती प्रदान करने वाले असंगठित मजदूरों की भी कमेटी गठन में पूरी तरह से अनदेखी की गई है,जिससे असंगठित मजदूरों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है।यदि केंद्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय महासचिव इस गंभीर मामले पर जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाती है तो आने वाले दिनों में इस्तीफा देने वाले मजदूरों की संख्या और बढ़ सकती है,जिससे यूनियन को नुकसान होगा। प्रेसवार्ता में यूनियन के मुद्रिका प्रसाद,कामेश्वर राम,चमन महतो,गंगा राम,लखेश्वर लाल,हिमांशु चार्टर सहित काफी संख्या में मजदूर मौजूद थे।

## पिपरवार महाविद्यालय कारो में बारहवीं के बच्चों को दी गई विदाई

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):**पिपरवार महाविद्यालय कारो में समारोह आयोजित कर बारहवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई।कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक रूप से दीप जलाकर किया गया,जिसके बाद बारहवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को तिलक



लगाकर स्वागत किया गया। वहीं उन्हें उपहार प्रदान कर विदाई दी गई।इस अवसर पर कक्षा ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया,जिसमें छात्र-छात्राओं के द्वारा गीत, संगीत,नृत्य,कविता,भाषण सहित अन्य कार्यक्रम पेश किया गया,जिसे उपस्थित लोगों ने खूब पसंद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने बच्चों के बेहतर एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।वक्ताओं ने सभी बच्चों से आगे के उच्च शिक्षा के लिए शुभकामना दी।वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा के बिना सफलता असंभव है।ऐसे में सभी को बेहतर से बेहतर एवं उच्च शिक्षा प्राप्त कर सफलता की ओर आगे बढ़ाने की जरूरत है।इस मौके पर कॉलेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामचंद्र उरांव,सचिव बसंत नारायण महतो, प्राचार्या रीता कुमारी,बिनोद राम,विजय गुप्ता, द्रोपदी देवी,कुमारी मीणा सहित काफी संख्या में कॉलेज के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बच्चे उपस्थित थे।

## केंद्रीय कमेटी के निर्देश व यूनियन के संविधान के तहत हुआ कमेटी का गठन : रहमतुल्लाह

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा श्रमिक क्लब में 10 फरवरी को हुए यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन पिपरवार क्षेत्र का दूसरा सम्मेलन यूनियन के केंद्रीय कार्यकारणी के निर्देशानुसार एवं यूनियन के संविधान के अनुसार संपन्न हुआ है जो की विधि सम्मत है।सम्मेलन में झारखंड राज्य एटक के महासचिव अशोक यादव,विनोद बिहारी पासवान,प्रेम कुमार पर्यवेक्षक के द्वारा क्षेत्र के सभी परियोजना से आए 91 डेलीगेट के समक्ष कार्यकारिणी का गठन एवं पदाधिकारी का चुनाव संपन्न हुआ



है।सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के तौर पर यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के सचिव नरेश मंडल भी उपस्थित थे।केंद्रीय कार्यकारणी के फैसले के अनुरूप तदर्थ कमेटी ने अपना दायित्व निर्वहन कर संयोजक के नेतृत्व में सम्मेलन कराया है जो की पूरी तरह से वैद्य है।उक्त बातें यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के पिपरवार क्षेत्रीय संयोजक मोहम्मद रहमतुल्ला ने प्रेस बयान जारी कर कही है।उन्होंने कहा कि कुछ लोग बेतुका बयान दे रहे हैं जो वर्तमान में यूनियन के किसी भी पद पर स्थापित नहीं है।यूनियन के लेटर पैड का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं।साथ ही यूनियन के खिलाफ जाकर यूनियन को तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं,जिसे किसी भी कीमत में होने नहीं दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि यूनियन अपने गति से काम कर रही है।इस क्षेत्र में मजदूरों के हक अधिकार के लिए लड़ रही है और आगे भी लड़ते रहेगी। उन्होंने मजदूरों से किसी के बहकावे में नहीं आने की अपील की है।

## बाबा तिलका जयंती पर बिड़रा में 67 यूनिट रक्त संगृहीत

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वीर शहीद बाबा तिलका मांझी की 275वीं जयंती के मौके पर शहीद स्मारक समिति के बैनर तले मंगलवार को पटमदा के बिड़रा ग्राम संसद भवन में एमजीएम ब्लड बैंक के सहयोग से रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के लोगों ने काफी उत्साह के साथ हिस्सा लिया और शाम 4 बजे तक 67 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाने पहुंचे पटमदा उत्तरी के जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो व दक्षिणी के जिला पार्षद प्रदीप बेसरा ने समिति के कार्यकर्ताओं की प्रशंसा करते हुए रक्तदाताओं को धन्यवाद दिया। शिविर को सफल बनाने में समिति के सदस्य सह उप मुखिया गोपाल गोराई, विश्वनाथ महतो, प्रबोध महतो, विजय कुमार मंडल, खांदू सिंह सरदार, मुखिया दीपक कोड़ा मुदी, मानिक चंद्र बेसरा, स्वपन कुमार, विजय महतो, उत्तम महतो, नरेश महतो, मिहिर रजक, चंदन महतो, विकास महतो, आकाश महतो, शुभेंदु महतो, राखाल महतो, सुकदेव मुर्मू, सुकुमार मुर्मू, अजय मुर्मू, कृष्णपद महतो, कृष्णा रजक, प्रदीप महतो, बिंदू वाला महतो, मुकुंदर महतो, समन महतो, पंचायत सचिव रूमा कुमारी, सुभद्रा महतो, चरण महतो आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



## सैमसंग टीवी प्लस इंडिया पर वार्नर ब्रदर्स के पांच नए फ्री चैनल लॉन्च

**जमशेदपुर/रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सैमसंग की मुफ्त विज्ञापन-समर्थित स्ट्रीमिंग सेवा सैमसंग टीवी प्लस ने वार्नर ब्रदर्स टेलीविजन के साथ साझेदारी में भारत में पांच नए फास्ट चेनल लॉन्च किए हैं। ये चेनल हिंदी दर्शकों को ध्यान में रखते हुए रोमांचक और उच्च गुणवत्ता वाला मुफ्त मनोरंजन प्रदान करेंगे। सैमसंग टीवी प्लस पहले से सैमसंग स्मार्ट टीवी पर उपलब्ध एक निःशुल्क स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म है, जो विभिन्न श्रेणियों में समाचार, खेल और मनोरंजन चेनल प्रदान करता है। नए लॉन्च किए गए पांच चेनलः-हाउस ऑफ क्राइम- हिंदी में रोमांचक अपराध और इन्वेस्टिगेटिव ड्रामा। फूडी हब- स्वादिष्ट व्यंजनों और फूड शो का मजेदार संगम। वाइल्ड फ्लिक्स- पशु जगत के अनोखे रहस्यों की झलक। व्हील वर्ल्ड- कार और बाइक प्रेमियों के लिए रोमांचक ऑटो शो (अंग्रेजी में)। एक्सट्रीम नौकरियां- जोखिमभरे पेशों और साहसी पेशेवरों की कहानियां। ये सभी चेनल सैमसंग स्मार्ट टीवी और मोबाइल डिवाइसेज़ पर मुफ्त में उपलब्ध हैं, जिससे दर्शकों को बिना किसी शुल्क के बेहतरीन मनोरंजन का अनुभव मिलेगा।




## बकरा चोरी के आरोप में 5 को भेजा जेल

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईचागढ़ थाना क्षेत्र के दयालटांड़ गांव में बकरा चोरी के मामले में ईचागढ़ पुलिस द्वारा 5 आरोपी को मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अभियुक्तों में आजाद नगर जमशेदपुर निवासी 20 वर्षीय इमरान आलम, जवाहर नगर मानगो निवासी 21 वर्षीय फैजल अख्तर, डिमना निवासी 20 वर्षीय नंदलाल सिंह उर्फ बंटी, आजादनगर निवासी 21 वर्षीय अफरीद अंसारी एवं 18 वर्षीय मोहम्मद शाहिद अंसारी शामिल हैं। थाना प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडे ने बताया कि सोमवार को दयालटांड़ में दिलीप महतो का एक बकरा को स्विफ्ट कार में उठाकर ले जा रहा था, जहां बरदाडीह में ग्रामीणों ने 5 बदमाशों को दौड़ाकर पकड़ लिया।



## औचक निरीक्षण में एक बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईचागढ़ प्रखंड में अंचलाधिकारी दीपक प्रसाद के द्वारा अवैध बालू परिवहन के खिलाफ औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एक बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया गया एवं ईचागढ़ थाना को सौंप दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार झाड़ुआ के पास एक ट्रैक्टर अवैध बालू लेकर जा रहा था, जहां अंचलाधिकारी के द्वारा रोक कर चालान के संबंध में पुछताछ किया गया। ट्रैक्टर में चालान नहीं दिखा पाने पर ट्रैक्टर को जब्त कर आगे की कारवाई हेतु थाना को सौंप दिया गया। सैकड़ों ट्रैक्टर द्वारा अवैध बालू का परिवहन किया जा रहा है, जिससे सरकारी राजस्व का नुक़सान हो रहा है। सीओ ने बताया कि अवैध बालू किसी भी हाल में चलने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ट्रैक्टर मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा।

## जदयू उलीडीह मंडल के अध्यक्ष बने प्रवीण सिंह

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जनता दल (यूनाइटेड) महानगर अध्यक्ष अजय कुमार ने संगठन का विस्तार करते हुए उलीडीह रिपीट कॉलोनी निवासी प्रवीण सिंह को उलीडीह मंडल का अध्यक्ष मनोनीत किया है। मंगलवार को जद(यू) की टीम ने प्रवीण सिंह के रिपीट कॉलोनी स्थित आवास पर पहुंचकर इस मनोयन की घोषणा की और उन्हें माला पहनाकर व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जदयू के प्रदेश महासचिव संजय ठाकुर, युवा जिला अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह, युवा जिला प्रवक्ता अमृता मिश्रा, समाजसेवी प्रतिभा सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## डिमना में मनाई गई बाबा तिलका की 275वीं जयंती, स्मारक समिति लगाएगी आदमकद मूर्ति

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी वीर शहीद बाबा तिलका माझी की 275वीं जयंती के मौके पर मंगलवार को डिमना के बाबा तिलका माझी चौक में एक जनसभा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम बाबा तिलका माझी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई इसके उनके योगदान को याद किया गया। बाबा तिलका मांझी स्मारक समिति के सचिव मदन मोहन सोरेन, झामुमो के मानगो प्रखंड अध्यक्ष फतेहचांद टुडू, माझी बाबा रमेश मुर्मू और प्रह्लाद लोहरा आदि ने अपने विचार साझा किए।स्मारक समिति के सचिव मदन मोहन कहा कि बाबा तिलका माझी भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेताओं में से एक थे, जिनके संघर्ष ने भारत में स्वतंत्रता आंदोलन को मजबूत किया। उनकी वीरता और बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा।उन्होंने कहा कि बाबा तिलका माझी स्मारक समिति की ओर से तिलका मांझी चौक के मुख्य चौराहे पर बाबा तिलका मांझी की आदमकद मूर्ति स्थापित की जाएगी। फतेहचंद टुडू ने कहा कि बाबा तिलका माझी को अब तक इतिहास में उचित जगह नहीं मिला है।रमेश मुर्मू ने कहा कि स्मारक समिति हमेशा बाबा तिलका माझी के आदर्शों को आगे बढ़ाने का प्रयास जारी रखेगा। सभा का संचालन दीपक रंजीत ने किया। इस अवसर पर राखाल सोरेन, छोटू सोरेन, सोनू सिंह, परमेश्वर दास, सुनील रजक, रंजीत दे, सनातन हांसदा, हैप्पी तंतुबाई, धानु टुडू, विकास गोप, विजय लेयांगी व चन्द्राई सोरेन आदि उपस्थित थे।



# बोड़ाम के सुदूर कोथरा गांव पहुंचे उपायुक्त ने जाना सबर टोला का हाल, योजनाओं का लाभ लेने को आगे आने की अपील

### महिला, युवा, बच्चों के बीच कंबल, खिलौने, साड़ी, स्कूल बैग आदि का किया गया वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पटमदा :** जिले के उपायुक्त अनन्य मित्तल एवं आईटीडीए के परियोजना निदेशक दीपांकर चौधरी ने बोड़ाम प्रखंड के सुदूर कोयरा ग्राम के बाधाडीह सबर टोला में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। मौका था जिला प्रशासन एवं ह्यूमन वेलयफेयर ट्रस्ट द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर का। इस दौरान जिला के वरीय पदाधिकारियों ने स्थानीय लोगों से उनकी समस्याओं को सुना तथा सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया तथा बच्चों के बीच खिलौने, कॉपी-किताब, पेंसिल, पेन, युवाओं को फुटबॉल, क्रिकेट का बल्ला, बैडमिंटन तथा महिलाओं एवं बुजुर्गों के बीच कंबल, साड़ी, चादर, दरी आदि का वितरण किया। उपायुक्त ने ग्रामीणों के साथ संवाद स्थापित करते हुए कहा कि वे बेझिझक अपनी समस्याओं को रखें। यह दौरा इस उद्देश्य से है कि सबर टोला की समस्याओं को समझ सकें तथा योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ले सकें। उन्होने बताया कि जिला प्रशासन आदिम जनजाति टोलों में सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कृत संकल्पित है, जरूरी है कि सबर परिवार खुद भी आगे आकर योजनाओं के विषय में जागरूक हों तथा लाभ लें। उन्होने बताया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान भी पदाधिकारी, कर्मी आपके बीच आए होंगे, हो सकता है आपकी समस्याओं का संपूर्ण निराकरण नहीं हो पाया हो ऐसे में अपनी समस्याओं को संकलित कर बीडीओ को दें, जिला स्तर से मॉनिटरिंग करते हुए आपके बुनियादी समस्याओं के समाधान तथा सुविधाओं को धरातल पर लाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होने सबर लोगों की आवश्कता एवं समस्या के समाधान के लिए उनके आवेदन तैयार कराने, फॉर्म भराने में सहयोग कर प्रखंड और जिला मुख्यालय तक पहुंचाने का निर्देश दिया। उन्होंने स्वास्थ्य शिविर में आवश्यक सहयोग के लिए ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट एवं फ्यूरिडा फाउंडेशन के प्रयासों की भी सराहना की। विदित हो कि कोयरा ग्राम के बाधाडीह सबर टोला में 13 परिवार तथा बुरूबोहाल सबर टोला में 7 परिवार की लगभग 100 लोगों की जनसंख्या निवास करती है । उपायुक्त ने सबर परिवारों से उनके जीवनयापन, बच्चों के पठन-पाठन तथा स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्र की दूरी, महिलाओं को पेंशन योजना का लाभ, डाकिया योजना के तहत खाद्यान्न वितरण, स्वास्थ्य जांच की सुविधा आदि की जानकारी ली। मौके पर खोकरो गांव के कार्तिक पहाड़िया ने बताया कि जमीन का खतियान नहीं होने से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाई होती है। जानकारी के अभाव में ग्रामीण जन्म प्रमाण पत्र, आधार या आवासीय विद्यालयों में नामांकन नहीं करा पाते हैं। बुरूबोहाल सबर टोला के ईश्वर सबर ने सड़क कनेक्टिविटी, आंगनबाड़ी केन्द्र की दूरी, आयुष्मान कार्ड बनाने में आ रही समस्या को रखा जिसे उपायुक्त ने गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उनकी समस्याओं के समाधान को लेकर यथोचित कार्रवाई हेतु आश्वस्त किया। इस दौरान स्वास्थ्य जांच शिविर के माध्यम से करीब 70 लोगों के स्वास्थ्य की जांच करते हुए उन्हें दवाइयां दी गई।

## झारोटेफ ने की मांग, सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा हो 62 वर्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** झारोटेफ (झारखंड ऑफिसर्स, टीचर्स एंड एम्पलाइज फेडरेशन) द्वारा 7 फरवरी से सभी सरकारी कार्यालय और विद्यालयों में अन्य राज्य कर्मियों की भांति शिक्षक संवर्ग को एमएसीपी का लाभ देने, राज्य कर्मियों की सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 62 वर्ष करने, केंद्रीय कर्मियों की भांति शिशु शिक्षण भत्ता देने आदि मांगों को लेकर पटमदा प्रखंड अध्यक्ष प्रबोध कुमार महतो के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। श्री महतो ने बताया कि यह अभियान आगामी 27 फरवरी तक चलेगा।अभियान में मुख्य रूप से अदिति विश्वास, अलका कुमारी, रामपद महतो, गोपेश्वर रजक, दीपाली मोदी, सहदेव दास व सौम्य मुखर्जी आदि शामिल हैं।

## रामकृष्ण फॉर्जिंग्स के कर्मचारियों का एडवेंचर टूर आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए औद्योगिक क्षेत्र की प्रमुख रामकृष्णा फोर्जिंग्स लिमिटेड कंपनी की ओर से कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय एडवेंचर टूर का आयोजन किया गया। इसके तहत कर्मचारियों को जिले का प्रमुख साहसिक पर्यटन स्थल तुमुंग का भ्रमण कराया गया। इस साहसिक यात्रा में प्लांट एक, तीन और चार के करीब 65 कर्मचारियों ने भाग लिया जिनका नेतृत्व प्लांट एक के एचआर प्रबंधक रिंटू मुखर्जी कर रहे थे। राइज एडभेंचर फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इस यात्रा के दौरान मौजूद प्रशिक्षकों द्वारा कर्मचारियों को वहां की हसीन और खूबसूरत पहाड़ी वादियों के सम्बंध में बताया गया। इस दौरान करीब 150 मीटर ऊंचे पहाड़ों का सैर भी करा कर वहां के विशेषताओं के बावत जानकारी दी गई।

## साकची में जीण माता का 19वां वार्षिक महोत्सव 25 मार्च को




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शहर की धार्मिक संस्था श्री जीण माता परिवार जमशेदपुर द्वारा साकची में आगामी 25 मार्च को जीण माता का भव्य 19वां वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा, जिसकी तैयारियां शुरू कर दी गयी है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दोपहर में मां भवानी जीण शक्ति का महा मंगल पाठ और संध्या में भजनों की अमृत वर्षा होगी। इसके लिए बाहर से प्रसिद्ध कलाकार शहर आयेंगे। साथ ही कोलकाता के कारीगरों द्वारा फूलों से माता का भव्य दरबार सजाया जायेगा। इस संबंध में श्री जीण माता परिवार जमशेदपुर के शंभू खन्ना एवं बजरंग लाल अग्रवाल ने संयुक्त रूप से मंगलवार को एक प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर बताया कि 19वां वार्षिक महोत्सव को लेकर संस्था की एक बैठक पिछले दिनों साकची शिव मंदिर में संपन्न हुई।

## सेफर इंटरनेट डे पर आयोजित कार्यशाला में ऑनलाइन पहचान सुरक्षित रखने तथा अनजाने लिंक, कॉल से बचने की दी गई सलाह

- **एसएसपी, एडीएम, एसडीएम, डीआईओ, डीएसपी व अन्य पदाधिकारी हुए शामिल**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** उपायुक्त अनन्य मितल के निर्देशानुसार मंगलवार को ÷सुरक्षित इंटरनेट दिवस÷ पर कार्यशाला का आयोजन करीम सिटी कॉलेज परिसर में किया गया। कार्यशाला में प्रशासनिक-पुलिस पदाधिकारी के अलावा कॉलेज के प्राचार्य, शिक्षक एवं छात्र-छात्रायें शामिल हुए। वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनिकेत सचान, एसडीएम धालभूम शताब्दी मजूमदार, प्राचार्य करीम सिटी कॉलेज समेत अन्य गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ किया। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, पूर्वी सिंहभूम के तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला में इंटरनेट का उपयोग, साइबर क्राइम से बचने के तरीके, साइबर क्राइम के विरूद्ध कानूनी प्रक्रिया आदि को लेकर महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गई । वरीय पुलिस अधीक्षक ने कार्याशाला को संबोधित करते हुए कहा कि इंटरनेट ने हमारी लाइफस्टाइल आसान बना दी है, परंतु हमें सावधान और सतर्क रहकर इंटरनेट का उपयोग करना चाहिए। शॉर्टकट से पैसे कमाने और विभिन्न तरह के लालच में पड़कर लोगों की गाढ़ी कमाई मिनटों में चली जाती है। उन्होंने साइबर फ्रॉड से बचने के लिए सुरक्षित तरीके से पैसे का ट्रांजेक्शन करने, सार्वजनिक स्थानों पर मोबाइल चार्जिंग, सार्वजनिक वाईफाई का इस्तेमाल नहीं करने, बिना जाने समझे अनजान लोगों के साथ रकम की लेनदेन नहीं किए जाने, अनजान नंबर से आने वाले व्हाट्सएप कॉल एवं व्हाट्सएप वीडियो कॉल तथा इंटरनेशनल कॉल को रिसीव नहीं करने एवं स्वयं जागरूक होकर अपने परिवार को भी जागरूक करने पर बल दिया ।

## जेएसएसपी व नारायणा का छात्र इमरान वकील ने जेईई मेन में हासिल किया 99.8 पर्सेंटाइल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को जेईई मेन 2025 सेशन 1 का रिजल्ट जारी कर दिया है। वहीं जुस्को स्कूल साउथ पार्क के 12वीं और नारायणा कोचिंग सेंटर साकची के छात्र इमरान वकील ने 99.80 पर्सेंटाइल लाकर अपने स्कूल और संस्थान का नाम रोशन किया है।वहीं जुस्को स्कूल साउथ पार्क की प्रिंसिपल मिली सिन्हा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इमरान वकील बचपन से ही हमारे स्कूल का छात्र रहा है। हमने हमेशा उसके समर्पण और अपने लक्ष्य के प्रति ध्यान को देखा है। आज जेएसएसपी को जेईई मेन में उसके प्रदर्शन पर गर्व है। इमरान की शानदार सफलता के लिए मेरी बधाई और जेईई एडवांस्ड के लिए मेरी शुभकामनाएँ।इमरान वकील के पिता मीडिया जगत से जुड़े हुए हैं, उनकी मां गृहणी है। इमरान वकील ने



अपनी सफलता का श्रेय अपने माता- पिता व बहन, स्कूल की प्रिंसिपल, सभी शिक्षकों एवं नारायणा कोचिंग सेंटर के सभी फैकल्टी मेंबर को दिया है। अपनी तैयारी के बारे में इमरान ने कहा कि रेगुलर क्लास और रणनीति के साथ प्रतिदिन 8 से 10 घंटे प्रैक्टिस किया। इमरान का अगला लक्ष्य जेईई एडवांस्ड में बेहतर स्कोर कर टॉप 5 आईआईटी कॉलेज से आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) में बीटेक करना है।

## टेल्को में दिव्यांग बच्चों की 12वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** अभया बनर्जी फाउंडेशन के तत्वावधान में टेल्को स्थित सुमंत मूलगांवकर स्टेडियम में दिव्यांग बच्चों की 12वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन टाटा कमिंस, जमशेदपुर के प्लांट मैनेजर अजितेश मोंगा ने झंडोतोलन कर किया। विशेष अतिथि के रूप में टाटा मोटर्स हॉस्पिटल के चीफ मेडिसिन एवं आईसीयू विशेषज्ञ डॉ. संजय श्रीवास्तव, टाटा कमिंस के महाप्रबंधक (सप्लाई चेन प्लानिंग) फनिंद्र मिश्रा और वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) उमा नागा वेलू उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि अजितेश मोंगा ने विशेष बच्चों के लिए इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इतने सुनियोजित और प्रेरणादायक समारोह में भाग लेना उनके लिए अद्भुत अनुभव रहा। प्रतियोगिता में आशा किरण स्कूल, सिद्धेश्वर मूकबधिर विद्यालय, नेशनल एसोसिएशन फॉर ब्लाइंड, स्टार्ट, ज्ञानोदय नोबेल अकैडमी, पाथ, एसओबी और दिव्या ज्योति नेत्रहीन संस्थान के लगभग 95 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कुल 27 स्पर्धाओं का आयोजन हुआ, जिसमें 50



मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर दौड़, शॉट पुट, थ्रो बॉल, स्टैंडिंग जंप, रनिंग जंप, और पासिंग द पार्सल शामिल थे। इस दौरान अतिथियों ने खिलाड़ियों एवं तकनीकी अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में तकनीकी अधिकारी श्याम कुमार शर्मा, खेल शिक्षक सुबोल चटर्जी और 20 तकनीकी अधिकारियों का विशेष योगदान रहा। आयोजन को सफल बनाने में फाउंडेशन अध्यक्ष जौहर बनर्जी, उत्तम मिश्रा, रिंकू मिश्रा, अनीता पॉल, बरनाली दास, पी.ए. बनर्जी, अनुष्का मिश्रा, मनीष जैन, वंदना जैन, आशीष चौधरी, सुषमा पांडे आदि ने सहयोग किया। धन्यवाद ज्ञापन बरनाली दास ने किया।

## जेसीएपीएल 2025: पुरूष टीम में टाटा टाइटंस और महिला टीम में जुबली क्वींस बनी विजेता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर चार्टर्ड अकाउंटेंट्स सोसाइटी द्वारा ट्यूब मेकर्स क्लब, टेल्को में जेसीएपीएल 2025 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इसमें 100 से अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने भाग लिया, जिसमें 6 पुरुष और 2 महिला टीमें शामिल थीं। महिला चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की दो टीमों ने पहली बार टूर्नामेंट में भाग लिया, जिसमें जुबली क्वींस विजेता बनी। टीम की कप्तान सीए नेहा अग्रवाल थी। फाइनल मुकाबला टाटा टाइटंस और डिमना डक्स के बीच हुआ, जिसमें टाटा टाइटंस ने 38 रनों से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। टीम के कप्तान सीए पंकज शिंगारी थे। इस विजेता टीम के मालिक सीए रमाकांत गुप्ता और सीए संजय गोयल थे। डिमना डक्स उपविजेता रही, जबकि जमशेदपुर जुबिलीयंट्स तीसरे स्थान पर रही। मैन ऑफ द मैच सीए सत्यम तिलवानी, मैन ऑफ द सीरीज सीए शयन शाह, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज सीए सूरज कुमार, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज सीए विनोद खेमका, सर्वश्रेष्ठ फील्डर सीए दया शंकर, सर्वश्रेष्ठ



विकेट कीपर सीए अनिल अग्रवाल रहे। इस आयोजन के शीर्ष प्रायोजक कुलदीप संस ज्वेलर्स और जबकि ट्रैस्टार मोटर्स पावर्ड बाय प्रायोजक थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोग्राम के संयोजक सीए सुगम सरायवाला, सीए रमाकांत गुप्ता, सीए जगदीश खंडेलवाल, सीए अनिल अग्रवाल, सीए सुशील खोवाला, सीए अजय गुप्ता, सीए बिनोद अग्रवाल, सीए बिनोद सरायवाला, सीए दिलीप गोलछा, सीए दया शंकर, सीए नरेंद्र जैन, सीए रवि गुप्ता, सीए विनीत मेहता, सीए पंकज शिंगारी, सीए धीरज प्रसाद, सीए राकेश रोशन झा, आदि का योगदान रहा।

## भक्तिमय बना माहौल, बेलटांड़ चौक में धूमधाम से मनाई गई बाबा तिलका माझी की जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** माझी पारगाना महाल बारहा दिशोम पटमदा के तत्वावधान में मंगलवार को बेलटांड़ चौक में देश के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी बाबा तिलका माझी की 275 वीं जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ नायके बाबा हेमंत शेखर मुर्मू के द्वारा तिलका माझी की मूर्ति पर पूजा अर्चना करते हुए किया गया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, जिला पार्षद प्रदीप बेसरा, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, सनत बेसरा, सिजेन हेंब्रम, दिवाकर टुडू, जीतूलाल मुर्मू, परगना कमला कांत मुर्मू व सेवानिवृत्त शिक्षक जगदीश प्रसाद मंडल समेत सैकड़ों लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित की। इससे पूर्व पारंपरिक परिधान में पहुंची सैकड़ों महिलाओं ने पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ बेलटांड़ तिलका पार्क से सिदो-कान्हू चौक तक पदयात्रा निकाली एवं इस दौरान लोगों ने बाबा तिलका माझी अमर रहे के



नारे लगाए। दोपहर के बाद गाड़ीग्राम व बस्ती पटमदा की दो महिला टीमों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पाता नाच प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया गया। इस दौरान कार्यकारी देश पारगाना कमलकांत मुर्मू, देश पारायनिक बारहा दिशोम जीतु मुर्मू, दिवाकर टुडू, ग्राम प्रधान सुधीर माझी, सनत बेसरा, हरिहर टुडू, सिजेन हेम्ब्रम, जितेन मुर्मू, सुफल टुडू, उदय मुर्मू, भानु हेंब्रम, शंकर मांडी व मोहनलाल बास्के आदि ने सराहनीय योगदान दिया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि बाबा तिलका माझी की जीवनी से हमें प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बाबा तिलका ने आज से करीब 250 वर्ष पूर्व अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई करते हुए उनकी दमनकारी नीतियों का विरोध किया था। जिला पार्षद प्रदीप बेसरा ने कहा कि देश के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी बाबा तिलका के संघर्ष की कहानी को इतिहासकारों ने जगह नहीं दी है, उसके लिए हमें आवाज उठाने की जरूरत है। जगदीश प्रसाद मंडल ने कहा कि बाबा तिलका माझी को लोग जबरा पहाड़िया के नाम से भी जानते हैं लेकिन वह संथाल समुदाय से आते थे और गांव का प्रमुख व्यक्ति थे इसलिए उनका नाम तिलका माझी के रूप में प्रसिद्ध हुआ। मंडल ने कहा कि ईस्ट इंडिया कंपनी के विरूद्ध देश के लोगों को जागरूक करते हुए बाबा तिलका ने विद्रोह किया था और मरते दम तक उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी।

## बाबू दास पर हुए फायरिंग में दो आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए न्यायिक हिरासत में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** बीते सात फरवरी की रात आदित्यपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गम्हरिया के सापड़ा स्थित देशी ढाबा के समीप बाबू दास पर हुई फायरिंग मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी अजय बहादुर उर्फ अज्जू थापा और आनंद दुबे को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से पुलिस ने कांड में प्रयुक्त देसी पिस्तौल भी बरामद कर लिया है। पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस बावत एक प्रेस वार्ता कर जिले के आरक्षी अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि उक्त कांड के उद्भेदन को लेकर एसडीपीओ समीर कुमार सवैया के नेतृत्व में एक टीम का गठन



किया गया था। टीम ने तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर दोनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि उक्त कांड में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। एसपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने अपनी संलिप्ता स्वीकार कर ली है। विदित है कि बीते गुरुवार की देर रात सापड़ा स्थित एक देसी ढाबा में घुसकर अजय बहादुर उर्फ अज्जू थापा एवं आनंद दुबे ने बाबू दास पर अंधाधुंध फायरिंग करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया था। उक्त हमले में बाबू दास को कुल सात गोलियां लगी, जिससे वह गम्भीर रूप से जख्मी हो गया था। उसका इलाज टीएमएच में चल रहा है। हमला के बाद एक स्विफ्ट डिजायर कार में सभी हमलावर भाग गए थे। उसी दौरान एनएच 33 पर चिल्गू के समीप स्विफ्ट कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। वारदात के बाद पुलिस ने सभी चेकनाकों पर जबरदस्त घेराबंदी कर रखी थी जिससे अपराधी भाग पाने में सफल नहीं हुए। अंततः दोनों नामजद आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद से दोनों फरार चल रहे हैं। छापेमारी टीम में एसडीपीओ के साथ आदित्यपुर थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह, पुअनि अलम चांद महतो, विनोद टुडू, रविकांत पराशर, हवलदार सहदेव यादव, आरक्षी नीतीश कुमार पांडेय शामिल थे।

विचार प्रवाह

संपादकीय

# राहतभरा कदम

कुछ ही समय पहले संसद में पेश सालाना बजट में सरकार ने आयकर को लेकर राहत की घोषणा की थी। अब एक हफ्ते बाद रिजर्व बैंक ने रेपो रेट कम करके आम आदमी को राहत देने की एक और कोशिश की है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने तीन दिवसीय मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद रेपो रेट में 25 बेसिस प्वाइंट की कटौती की घोषणा की है। इस तरह अब रेपो रेट 6.5 प्रतिशत से घटकर 6.25 रह गया है। सही मायनों में भारतीय अर्थव्यवस्था की चुनौतियों और बदलते अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य के मद्देनजर केंद्रीय बैंक ने आखिरकार बहुप्रतीक्षित दर में कमी की दिशा में कदम बढ़ाया है। यह पिछले पांच वर्षों में कटौती की दिशा में उठाया गया पहला कदम है। जो आर्थिक विकास और मुद्रास्फीति को संतुलित करने की दिशा में केंद्रीय बैंक के दृष्टिकोण में आए बदलाव का संकेत भी देता है। निश्चित रूप से यह निर्णय ऐसे समय में सामने आया है जब देश की आर्थिक गति धीमी नजर आ रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर का 6.7 फीसदी रहने का अनुमान लगाया जा रहा है। निश्चय ही यह वर्ष 2023-24 में हासिल की गई 8.2 प्रतिशत दर से काफी कम है। अब तक केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने के मकसद से रेपो दर में कटौती से बचता रहा है। दरअसल, राजनीतिक नफा-नुकसान की दृष्टि से महंगाई का मुद्दा बेहद संवेदनशील होता है। विपक्ष महंगाई बढ़ने को सतारूढ़ दल की विफलता के रूप में दर्शाने की ताक में रहता है। हालांकि, अभी भी मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंक के चार फीसदी के लक्षित मानक स्तर से ऊपर बनी हुई है। लेकिन धीमी पड़ती विकास दर की चुनौती को देखते हुए विकास व मुद्रास्फीति में संतुलन बनाने की कवायद की गई है। हालांकि, आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने अपनी पहली नीतिगत समीक्षा में लंबे समय तक दर कटौती चक्र की अटकलों को खारिज किया है। बहरहाल, देश के उद्योग जगत की हस्तियों ने रेपो दर में कटौती का स्वागत किया है। इसके बावजूद ऋण लेने की लागत पर इसके प्रभाव को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। हालांकि, कुछ आर्थिक मामलों के जानकार मानते हैं कि रेपो दर में कटौती बेहद कम है और इसका लाभ देर से मिलेगा। इसकी मूल वजह यह भी है कि बैंक, पहले से ही नकदी तरलता की कमी का सामना कर रहे हैं। संभव है कि बैंक लोन लेने वालों को तुरंत लाभ न दें। वैसे रेपो दर में कटौती के बाद उपभोक्ताओं के ऋण की ईएमआई कम होने की उम्मीद तो जगी है। इसके अलावा केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक नीति से परे वित्तीय लेनदेन में साइबर सुरक्षा बढ़ाने के उपाय भी किए हैं। जिसमें बैंकों व गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थानों के लिये अलग डोमेन की जरूरत को महसूस किया गया है। दरअसल, इसका मकसद डिजिटल धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने और ऑनलाइन बैंकिंग में उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ाना है। निश्चित ही लगातार बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए यह अतिरिक्त सुरक्षा उपाय स्वागत योग्य ही है। इसके अलावा आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने एक अप्रैल से लागू होने वाले प्रस्तावित कड़े बैंकिंग मानदंडों को स्थगित करने की बात कही है। जो उनके पूर्ववर्ती की तुलना में अधिक लचीले नियामक रुख का संकेत भी है। निश्चय ही यह कदम बैंकों के ऋण प्रवाह को बाधित किए बिना तरलता और पूंजी आवश्यकताओं के अनुकूलन के लिये अधिक समय प्रदान करता है। आज पूरी दुनिया आर्थिक अनिश्चितताओं के दौर से गुजर रही है। जिसके मूल में अस्थिर ऊर्जा कीमतें और ट्रंप के सत्ता में आने के बाद अमेरिका की आक्रामक मौद्रिक नीतियां हैं, जो नये जोखिम पैदा करती हैं।

> आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने तीन दिवसीय मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद रेपो रेट में 25 बेसिस प्वाइंट की कटौती की घोषणा की है। इस तरह अब रेपो रेट 6.5 प्रतिशत से घटकर 6.25 रह गया है। सही मायनों में भारतीय अर्थव्यवस्था की चुनौतियों और बदलते अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य के मद्देनजर केंद्रीय बैंक ने आखिरकार बहुप्रतीक्षित दर में कमी की दिशा में कदम बढ़ाया है। यह पिछले पांच वर्षों में कटौती की दिशा में उठाया गया पहला कदम है। जो आर्थिक विकास और मुद्रास्फीति को संतुलित करने की दिशा में केंद्रीय बैंक के दृष्टिकोण में आए बदलाव का संकेत भी देता है। निश्चित रूप से यह निर्णय ऐसे समय में सामने आया है जब देश की आर्थिक गति धीमी नजर आ रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर का 6.7 फीसदी रहने का अनुमान लगाया जा रहा है। निश्चय ही यह वर्ष 2023-24 में हासिल की गई 8.2 प्रतिशत दर से काफी कम है। अब तक केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने के मकसद से रेपो दर में कटौती से बचता रहा है।

### हिंदू राज्य पर आक्रमण किया तो वहां उसने बड़े-बड़े नरसंहार उत्सव के रूप में किये

# हर बुजदिल हिंदू मुसलमान है : कहना कितना सही ?

डॉ राकेश कुमार आर्य

> हिंदू युवा को मुसलमानों या इस्लामिक आतंकवाद पर या मुस्लिम फंडामेंटलिज्म पर बोलना होता है तो यह बात सुनने को अक्सर मिलती है कि जो आज मुसलमान हैं, वह कभी हिंदू थे। परंतु उनके पूर्वज कायर थे, जिन्होंने सनातन को छोड़ दिया और इस्लाम स्वीकार कर लिया। वे मुस्लिम अत्याचारों को सहन नहीं कर पाए, जबकि हमारे पूर्वज बहुत ही शूरवीर थे, जिन्होंने मुस्लिम अत्याचारों को सहन करने के उपरांत भी सनातन को नहीं छोड़ा।

सामान्यतया जब भी किसी हिंदू युवा को मुसलमानों या इस्लामिक आतंकवाद पर या मुस्लिम फंडामेंटलिज्म पर बोलना होता है तो यह बात सुनने को अक्सर मिलती है कि जो आज मुसलमान हैं ,वह कभी हिंदू थे। परंतु उनके पूर्वज कायर थे, जिन्होंने सनातन को छोड़ दिया और इस्लाम स्वीकार कर लिया। वे मुस्लिम अत्याचारों को सहन नहीं कर पाए, जबकि हमारे पूर्वज बहुत ही शूरवीर थे, जिन्होंने मुस्लिम अत्याचारों को सहन करने के उपरांत भी सनातन को नहीं छोड़ा। हमारा मानना है कि इस प्रकार की बातें तात्कालिक आधार पर ताली बजवाने के लिए उचित कहीं जा सकती हैं, कई बार तर्क का सामना करने के लिए अथवा दूसरे को शांत करने के दृष्टिकोण से भी ऐसा बोला जा सकता है। यद्यपि इतिहास के तथ्य कुछ और कहते हैं। जिन लोगों को इतिहास बोध नहीं है, उनके मुंह से ऐसी बातें सुनना अच्छा लग सकता है, परंतु जिनको इतिहास बोध है, वे ऐसा नहीं कह सकते। इतिहास के अध्ययन से हमको पता चलता है कि जिन लोगों ने इस्लाम को स्वीकार किया, उन्हें इस्लाम स्वीकार करने से पहले कितने ही प्रकार के अत्याचारों से गुजरना पड़ा था। 95% मामले ऐसे थे, जिनमें इस्लाम स्वीकार करने के अतिरिक्त उनके सामने अन्य कोई विकल्प नहीं रह गया था। कुछ लोगों के सामने इस्लाम स्वीकार करना तात्कालिक बाध्यता बन गई थी। एक समय ऐसा था जब तात्कालिक बाध्यता के आधार पर इस्लाम को स्वीकार करने वाले लोगों को हमारे समाज के लोग सहजता से ' घर वापसी' करवाकर उन्हें अपना लेते थे। यद्यपि इस्लाम स्वीकार करने के उपरांत भी अनेक लोगों ने ' घर वापसी' की। हम सभी जानते हैं कि जब भी कोई मुस्लिम आक्रांता यहां आया या यहां आने पर उसने अपना राज्य स्थापित करने के पश्चात किसी अन्य हिंदू राज्य पर आक्रमण किया तो वहां उसने बड़े-बड़े नरसंहार उत्सव के रूप में किये। 'शांतिदूतों' के उत्पात के कारण बार-बार हिंदुओं को बड़ी-बड़ी विपत्तियों का सामना करना पड़ा। लोगों ने अपनी प्राणरक्षा और धर्म रक्षा के लिए घर बार छोड़कर भागना स्वीकार किया, मरना स्वीकार किया, परंतु इस्लाम स्वीकार नहीं किया। हिंदू जनसंख्या का विस्थापन होना उस समय एक साधारण सी बात हो गई थी। मुस्लिम अत्याचारों से बचने के लिए बड़ी संख्या में एक क्षेत्र के लोग दूसरे प्रांत की ओर पलायन कर जाते थे। कभी उत्तर प्रदेश ,मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के लोग राजस्थान



की ओर भागे तो कभी राजस्थान के लोग उत्तर प्रदेश, हरियाणा ,पंजाब या दूसरे प्रान्तों की ओर भागे। उनकी परिस्थितियों में अपने आप को खड़ा करके देखने की आवश्यकता है कि जब चारों ओर डकैतों, बलात्कारियों , अपराधियों, अत्याचारियों के झुण्ड के झुण्ड गिद्धों के रूप में घूम रहे थे और भारत की निरपराध और निशस्त्र जनता को ( जिसने अबसे पहले ऐसे अत्याचारियों को देखा ही नहीं था ) उनका सामना करना पड़ रहा था । तब वह कैसी विकट परिस्थितियों से गुजर रहे थे और किस प्रकार अपने धर्म की रक्षा कर रहे होंगे ? इस पर विचार करने की आवश्यकता है । उन्हें केवल कायर कह देने से काम नहीं चलेगा। उनकी परिस्थितियों को भी समझना और समझाना पड़ेगा। इन परिस्थितियों में उन लोगों के घर बार ही नहीं उजड़े, उनका अपना प्रदेश भी उनसे छिन गया। कितने ही हिंदू परिवार ऐसे रहे , जिनके मूल गांव उनसे सदा- सदा के लिए छिन गए। इसकी थोड़ी-थोड़ी सी झलक आपको वर्तमान में कश्मीर से पलायन कर देश के अन्य क्षेत्रों में रहने वाले कश्मीरी पंडितों की स्थिति को देखकर मिल सकती है। क्या इन कश्मीरी विस्थापितों को केवल कायर मान लिया जाए ? परिस्थिति के दूसरे पक्ष पर विचार करने से पता चलता है कि ये लोग कायर नहीं हैं ,ये धर्म रक्षक लोग हैं। जिन्होंने सनातन को बचाने के लिए अपने आप को उजाड़ दिया। विश्व के दूसरे देशों का इतिहास उठाकर देखिए। लोगों ने अपने आप को बचाने के लिए अपना धर्म छोड़ दिया, सांस्कृतिक परंपराएं छोड़ दीं। उन लोगों को प्राण प्यारे थे, धर्म- संस्कृति और परंपराओं से उन्हें कोई अधिक मोह नहीं था। इसके विपरीत भारत के लोगों ने धर्म – संस्कृति और अपनी परंपराओं को बचाए रखने के लिए अनेक प्रकार के कष्ट सहन किये। जितने भर भी आज के पिछड़े, दलित , शोषित लोग दिखाई देते हैं, इन सबके इतिहास को उठाकर देखिए। ये किसी काल विशेष में किसी न किसी रियासत के राजाओं के वंशज हैं। जिन पर जब मुसलमानों का दबाव पड़ा तो ये लोग किसी क्षेत्र विशेष से पलायन कर अन्यत्र विस्थापन कर गए । सैकड़ों वर्षों तक घने जंगलों के बीच रहकर छापामार युद्ध के माध्यम से विदेशियों को लूटना और उन्हें भगाने के लिए स्वतंत्रता आंदोलन जारी रखना , उनकी परंपरा और स्वभाव में सम्मिलित हो गया। कितने दुख की बात है कि आज हम इन लोगों को हेय दृष्टिकोण से देखते हैं। उनके इतिहास को नहीं देखते। उनके संघर्ष को नहीं देखते। इनके भारत प्रेम को नहीं देखते। इनके सनातन प्रेम को नहीं देखते। इन्होंने अपनी पीढ़ियां भारत की उन्नति के लिए खपा दीं । भारत को बचाने के लिए खपा दीं और हमने इनको क्या पुरस्कार दिया ? दलित, शोषित , पिछड़े आदि कहकर इनकी अवमानना के अतिरिक्त। हम उन लोगों को भी वीर मानते हैं जिन्होंने निःशस्त्र होकर अपने धर्म की रक्षा की। दिनकर जी की " संस्कृति के चार अध्याय " नामक पुस्तक का अध्ययन कीजिए। पृष्ठ संख्या २ ९ पर विद्वान लेखक हमको बताते हैं कि मुस्लिम काल में हिंदुओं को अस्त्र-शस्त्र लेकर घुड़सवारी करने की आज्ञा नहीं थी । किसी भी मुसलमान के आगमन पर उन्हें अपने घोड़े तक पर चढ़ने की अनुमति नहीं थी। अपने घरों में किसी की मृत्यु हो जाने के उपरांत महिलाओं को रोने की भी अनुमति नहीं थी। ऐसी परिस्थितियों में भी धर्म की रक्षा करना धर्म के प्रति समर्पित समाज के वीर लोगों के द्वारा ही संभव है। ऐसी विषम परिस्थितियों में रहकर हमारे पूर्वजों ने किस प्रकार अपना समय व्यतीत किया होगा ? थोड़ा इस पर भी विचार करना चाहिए। ऐसे अपने वीर पूर्वजों को कायर कह देना, मूर्खता के अतिरिक्त कुछ भी नहीं है। अस्त्र शस्त्र विहीनकर जन समुदाय को मारना या उन्हें गुलाम बनाना या उनसे बेगार लेना या उन पर अमानवीय अत्याचार करना उन लोगों की कायरता है, जिन्होंने ऐसे अत्याचार पूर्ण कार्य किये। अतः दंड उनको देना चाहिए जिन्होंने दंड का कार्य किया है। दंड सहन करने वाले को या निरपराध को दंडित करना न्यायाधीश की मूर्खता के अतिरिक्त अन्य कुछ भी नहीं। अपराधी को छोड़ने और निरपराध को फांसी चढ़ाना किसी भी न्यायाधीश को शोभा नहीं देता।

दृष्टि कोण

# आसन्न चुनौतियों के अनुरूप हो वित्तीय संबल

इस 'अदृश्यता' के बावजूद, इस राशि को विभिन्न अन्य पैमानों के संदर्भ में देखे जाने की जरूरत है और कुल मिलाकर निष्कर्ष निकलता है कि भारतीय सशस्त्र बलों की युद्धक क्षमता को मौजूदा जरूरतों के अनुरूप सुनिश्चित बनाने के लिए जितना धन चाहिए, यह आवंटन उससे कम है। वैश्विक स्तर पर, 2024 में, अमेरिका का सैन्य खर्च 916 बिलियन डॉलर था और 296 बिलियन डॉलर के साथ चीन दूसरे स्थान पर था। यहां यह याद रखना ज़रूरी है कि 2018 में रक्षा संबंधी स्थायी समिति (एससीओडी) ने रक्षा मंत्रालय के लिए आवंटन का मापदंड जीडीपी का 3 प्रतिशत रखने की सिफारिश की थी ताकि सशस्त्र बलों की उपयुक्त स्तर की तैयारी सुनिश्चित करने वाले राष्ट्रीय पारिस्थितिकी तंत्र को निरंतर खाद-पानी और पोषण मिलता रहे। हालांकि, यह तीन प्रतिशत आवंटन एक मायावी आंकड़ा बना हुआ है और पिछले चार वर्षों में यानी 2020-21 से मौजूदा वित्तीय वर्ष तक– इस मद में गिरावट आई है। 2020-21 के लिए रक्षा आवंटन जीडीपी का 2.4 प्रतिशत था, जो 2025-26 के लिए घटाकर 1.91 फीसदी कर दिया गया है। पिछले कुछ सालों में इस अंतर की तरफ ध्यानाकर्षण तो बना है, लेकिन यह स्पष्ट है कि टीम मोदी द्वारा यह राजनीतिक निर्णय लिया गया है कि क्षेत्रीय भू-राजनीतिक माहौल और आंतरिक सुरक्षा चुनौतियां जटिल और चुनौतीपूर्ण बनी रहने के बावजूद रक्षा आवंटन कम रहेगा। वर्ष 2018 में, एससीओडी ने यह सिफारिश भी की थी कि थल सेना के मामले में– जो कि फौज की प्रमुख शाखा है और मूलतः मानव बल आधारित है– उसमें उपकरणों/साजो-सामान का मिश्रण आदर्शक रूप से ऐसा हो कि 30 प्रतिशत धन नए उपकरणों के लिए, 40 प्रतिशत मौजूदा साजो-सामान के वास्ते और 30 प्रतिशत पुरानी पीढ़ी के शस्त्रागार पर लगाया जाए। लेकिन हकीकत गंभीर है। मार्च 2023 में, सेना ने एक स्पष्ट खुलासे में, स्थायी समिति को अवगत कराया कि सेना के केवल 15 प्रतिशत उपकरणों को ही नए उपकरण श्रेणी में रखा जा सकता है, जबकि लगभग 45 प्रतिशत अस्त्र-शस्त्र-उपकरण पुराने पड़ चुके हैं। सेना के प्रतिनिधि ने संसदीय समिति को यह भी बताया कि '30:40:30' वाली आदर्शक स्थिति पाने को हमें कुछ वक्त लगेगा'। अपर्याप्त राजकोषीय आवंटन और रणनीतिक योजना की विसंगति के कारण पिछले एक दशक में भारतीय सेना की समग्र लड़ाकू क्षमता घटती चलती गई है। 'आत्मनिर्भरता' पाने का शोर मचाने पर ज्यादा जोर देने से इसमें और जटिलता आई है। भारत द्वारा रक्षा मामले में आत्मनिर्भरता की कोशिशें वैश्विक लिहाज से वास्तव में जरूरी हैं, लेकिन युद्धक क्षमता बनाम स्वदेशीकरण एवं आत्मनिर्भरता के मामले में हकीकत उत्साहजनक नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में भारत के रक्षा और सैन्य क्षेत्र में सुधार के सराहनीय संकल्प के साथ पदभार संभाला था और 'आत्मनिर्भरता' बनाने को एक मुख्य मिशन के रूप में चिह्नित किया था। लेकिन एक दशक बाद भी, समग्र दृश्यावली मिश्रित और अपारदर्शी है। एक व्यापक समीक्षा बताती है कि भले ही इस उद्देश्य की प्राप्ति में कुछ सफलता गाथाएं हैं और कुछ बड़ी परियोजनाएं पूरी होने की प्रक्रिया में हैं, लेकिन भारतीय सेना में महत्वपूर्ण साजो-सामान की कमी बनी हुई है। इससे हो यह रहा है कि आज हमारी थल सेना तोपों, टैंकों और व्यक्तिगत हथियारों की कमी झेल रही है। एक नौसेना है,जो विमान वाहक जहाज से संलग्न लड़ाकू विमान और पानी के नीचे उपयुक्त युद्धक क्षमता पाने की प्रतीक्षा कर रही है, एक वायु सेना है जो लड़ाकू विमानों की बेहद कमी से जूझ रही है और एक रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन है, जो अपने किए गए वादे तयशुदा समय-सीमा में पूरे करने में असमर्थ है। लड़ाकू क्षमता और स्वदेशीकरण के दोहरे उद्देश्यों को साकार करने के वास्ते, रक्षा बजट में पूंजीगत व्यय एक महत्वपूर्ण संकेतक है।

कुछ अलग

# जिंदगी का गणित

लंबे समय से देश में इस बात को लेकर गंभीर विमर्श होता रहा है कि स्कूल-कालेजों में शिक्षा का स्वरूप जीवन के व्यावहारिक ज्ञान पर आधारित होना चाहिए। अकसर देखने में आता है कि हम शैक्षिक पाठ्यक्रम के विभिन्न विषयों में जिन गूढ़ सिद्धांतों को रटते रहते हैं उसका हमारे जीवन व रोजगार से कोई व्यावहारिक सरोकार नहीं दिखता। यही वजह है कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि शिक्षा पद्धति रटने वाली होने के बजाय संवादात्मक शिक्षण पर आधरित हो। जो वास्तविक ज्ञान सीखने पर बल दे। जिससे पढ़ाई पूरी करने के बाद छात्र स्कूल-कालेजों में अर्जित ज्ञान को वास्तविक जीवन स्थितियों में उपयोग कर सकें। जिससे छात्र अपने जीवन में आत्मविश्वास के साथ दुनिया का सामना करने के लिये तैयार हो सकें। नोबेल पुरस्कार विजेता अभिजीत बनर्जी और एस्थर डुफ्लो द्वारा तैयार किए गए और हाल ही में चर्चा में आए एक अध्ययन का निष्कर्ष बताता है कि छात्रों को दैनिक जीवन में काम आने वाले व्यावहारिक गणित के ज्ञान में पारंगत होना चाहिए। जैसा गुण बाजार में काम करने वाले भारतीय बच्चों में देखने में आता है। अकसर महसूस किया जाता है कि कक्षाओं में पढ़ाया जाने वाला गणित जीवन व्यवहार में काम नहीं आता। दूसरे शब्दों में कहें तो सीखने की सहज और औपचारिक शैलियों के बीच एक बड़ा अंतर पाया जाता है। जो इस बात पर बल देता है कि पाठ्यक्रम में सुधार करके इस खाई को पाटने का अविलंब प्रयास किया जाए। यह निर्विवाद सत्य है कि दुनिया भर में कम आय वर्ग वाली पृष्ठभूमि वाले स्कूली बच्चों के लिये गणित जैसे विषय में महारत हासिल करना एक चुनौती होती है। बल्कि दूसरे शब्दों में कहा जाए तो उनमें गणित को लेकर एक फोबिया जैसा होता है। कमोबेश भारतीय बच्चे भी इसका अपवाद नहीं हैं। यही क्रम पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलता रहता है। लेकिन इस विसंगति की तह तक जाने के लिये कोई गंभीर पहल नहीं हो पायी। वहीं दूसरी ओर देश में लाखों बच्चे ऐसे हैं जो गरीबी और विषम पारिवारिक परिस्थितियों के कारण स्कूलों का मुंह नहीं देख पाए। जिसके चलते पारिवारिक मजबूरियों के कारण उन्हें छोटे-मोटे काम करने के लिये बाध्य होना पड़ता है। मसलन फेरी लगाना या सड़कों के किनारे छोटा-मोटा सामान बेचने का कार्य उन्हें करना पड़ता है। अध्ययन बताता है कि वे बिना किसी सहायता के पलभर में जटिल गणितीय गणनाएं कर सकते हैं। दरअसल, स्कूलों में पढ़ाए जाने वाले अमूर्त गणित को समझना छात्रों के लिये खासा कठिन होता है। वहीं दूसरी ओर विरोधाभास यह है कि इन छात्रों के स्कूल जाने वाले, जो साथी गणित में उत्कृष्ट होते हैं, वे व्यावहारिक जीवन में बुनियादी गणनाओं को करने में अकसर विफल ही साबित होते हैं। वहीं दूसरी ओर देश में शिक्षा की वार्षिक स्थिति वाली रिपोर्ट यानी एएसईआर-2024 से पता चलता है कि सरकारी और निजी स्कूलों में छह से चौदह वर्ष की आयु के बच्चों में अंकगणित के स्तर में सुधार हुआ है। निस्संदेह, इसे एक अच्छा संकेत माना जाना चाहिए। लेकिन वास्तव में जरूरत इस बात की है कि छात्रों को पाठ्य पुस्तकों से आगे बढ़ने और जीवन की गणनाओं में उनके व्यावहारिक कौशल को निखारने के लिये प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। निश्चित रूप से ऐसा कोई भी प्रयास नई शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने में मददगार हो सकता है, जो व्यावहारिक शिक्षा दिए जाने की जरूरत पर बल देती है। वास्तव में ऐसा कोई भी प्रयास छात्रों को किताबी कीड़ा या परीक्षा योद्धा बनाने के बजाय स्ट्रीट-स्मार्ट बनाकर उनकी रोजगार पाने की क्षमता और योग्यता में सुधार करने में मददगार साबित हो सकता है।

देश दुनीया से

# हर घर नल जल योजनाः लक्ष्य तक पहुंचने की चुनौती

केंद्र सरकार की हर घर नल जल योजना ने शहरों से लेकर गांवों तक लोगों के जीवन को सरल बना दिया है। इस योजना का उद्देश्य हर घर तक स्वच्छ जल की आपूर्ति सुनिश्चित करना है, जिससे लोगों का जीवन सुगम हो और जल जनित बीमारियों में कमी आए। देश के कई राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में शत-प्रतिशत घरों को नल के माध्यम से जल आपूर्ति की सुविधा मिल रही है, लेकिन बिहार सहित कुछ राज्यों में इस परियोजना के क्रियान्वयन में चुनौतियां बनी हुई हैं। इसके कारण यह योजना अब तक अपने उद्देश्यों को पूरी तरह सफल नहीं कर पाई है। राजधानी पटना स्थित अदालतगंज का स्लम इलाका भी ऐसा ही क्षेत्र है, जहां लोगों को समय पर स्वच्छ पानी उपलब्ध नहीं हो रहा। हालांकि प्रशासन और संबंधित विभाग इन चुनौतियों के समाधान के लिए लगातार प्रयासरत हैं। पानी की समस्या का सबसे अधिक प्रभाव महिलाओं पर पड़ता है। अदालतगंज के ईंख मोहल्ले की निवासी मेहर देवी कहती हैं कि "मोहल्ले में सुबह छह बजे पानी आता है और दस बजे बंद हो जाता है, फिर शाम को तीन बजे से रात दस बजे तक जल आपूर्ति होती है। कई बार पानी समय पर नहीं आता, जिससे हमें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।" वहीं, करुणा देवी बताती हैं कि "अक्सर निर्माण कार्य के चलते नालियां जाम हो जाती हैं, जिससे गंदा पानी पाइपलाइन में मिलकर नलों से निकलने लगता है।" कुसुम देवी के अनुसार, "नल जल योजना के तहत जो पानी आता है, वह कई बार बहुत गंदा और बदबूदार होता है। कोई भी स्वस्थ व्यक्ति इस पानी को पीकर बीमार पड़ सकता है, इसलिए हम कहीं और से साफ पानी लाकर पीते हैं। पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने पर दस से पंद्रह दिनों तक जलापूर्ति ठप हो जाती है, जिससे हमें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।" गायत्री देवी कहती हैं कि "नल जल योजना के क्रियान्वयन के बावजूद कई स्थानों पर खुली नालियों का दूषित पानी पेयजल पाइपलाइन में चला जाता है, जिससे अक्सर शाम को गंदा और बदबूदार पानी आता है।" पटना सचिवालय और पटना जंक्शन के निकट स्थित इस स्लम बस्ती की आबादी लगभग 1,000 है, जिसमें 60% ओबीसी और 20% अल्पसंख्यक समुदाय के लोग निवास करते हैं। अदालतगंज, ईंख कॉलोनी और ड्राइवर कॉलोनी नामक तीन मोहल्लों में विभाजित इस क्षेत्र के निवासी आज भी बुनियादी सुविधाओं के अभाव में जीने को मजबूर हैं। ड्राइवर कॉलोनी की पुष्पा कुमारी कहती हैं, "नल जल योजना के बाद भी यहां स्वच्छ पानी की भारी कमी है। कई बार शाम को भी गंदा पानी आता है।" आशा देवी के अनुसार, "नल से दूषित पानी आने के कारण हम पीने के लिए हैंडपंप के पानी का इस्तेमाल करते हैं।" वहीं, इंदु कुमारी बताती हैं कि "यहां हर पखवाड़े पानी की पाइपलाइन फट जाती है, जिससे नालियों का गंदा पानी उसमें मिल जाता है। अक्सर इस पानी को पीने से बच्चे बीमार हो जाते हैं।" स्थानीय समाजसेवी सिद्धनाथ के अनुसार, "हर घर नल जल योजना बिहार में जल संकट को दूर करने के लिए एक महत्वाकांक्षी परियोजना है। इसका उद्देश्य हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है, ताकि जल जनित बीमारियों को कम किया जा सके और लोगों को सुरक्षित जल उपलब्ध हो। लेकिन योजना के क्रियान्वयन में गंभीरता की कमी के कारण यह अपनी पूरी क्षमता से सफल नहीं हो पा रही है। हालांकि, नगर निगम और संबंधित विभाग कई बार नागरिकों की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हैं, लेकिन समस्या के स्थायी समाधान के लिए सुनियोजित रखरखाव की आवश्यकता है। इसके लिए एक निगरानी तंत्र बनाना जरूरी है, जो समस्या उत्पन्न होने से पहले ही उसका समाधान निकाल सके।" जल जीवन मिशन की वेबसाइट पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2025 तक बिहार के 95.71% घरों में स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई जा चुकी है। खगड़िया, मधेपुरा और शेखपुरा जिलों में 100% लक्ष्य प्राप्त हो चुका है, जबकि राजधानी पटना में 96.61% लक्ष्य हासिल किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार द्वारा भी स्वच्छ जल योजना के तहत गांवों से लेकर शहरों तक स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर ध्यान दिया जा रहा है। राज्य सरकार 1.63 करोड़ परिवारों को नल के माध्यम से जलापूर्ति कर रही है, जिससे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों को लाभ मिल रहा है। कई जिलों में प्रतिदिन छह घंटे जलापूर्ति की जा रही है, जिससे जल संकट की समस्या काफी हद तक हल हुई है। फिर भी, कई घरों को नियमित रूप से स्वच्छ जल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इसके पीछे रखरखाव की कमी एक बड़ी समस्या मानी जा सकती है। इसके समाधान के लिए कुछ ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। जैसे पाइपलाइन और जलाशयों की नियमित निगरानी एवं रखरखाव सुनिश्चित किया जाए, मोबाइल जल परीक्षण प्रयोगशालाएं शुरू की जाए, ताकि मौके पर पानी की गुणवत्ता की जांच और सुधार किया जा सके। इसके अलावा प्रशासन और विभागों के साथ-साथ सामाजिक स्तर पर भी जल संरक्षण, स्वच्छता और जल उपयोग के प्रति लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। वहीं इस अभियान में स्थानीय स्तर पर संचालित स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों को भी जोड़ा कर बहुत हद तक समस्या का समाधान निकाला जा सकता है। बहरहाल, चुनौतियों के बावजूद हर घर नल जल योजना बिहार के ग्रामीण और अदालतगंज जैसी स्लम बस्तियों में रहने वाले लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। यह सच है कि अभी भी कुछ क्षेत्रों में जल आपूर्ति और गुणवत्ता को लेकर समस्याएं बनी हुई हैं, लेकिन सरकार और स्थानीय एजेंसियां इनके समाधान के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं, जो सराहनीय है। यदि सुधारों को सही तरीके से लागू किया जाए, तो न केवल हर घर को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने का लक्ष्य आसानी से प्राप्त किया जा सकता है, बल्कि स्वस्थ बिहार की परिकल्पना भी साकार हो सकती है।

आप का नजरीया

# अंततः आयकर कटौती

लंबे अर्से से बढ़ती कीमतों, स्थिर वेतन और करों के बोझ से मध्यम वर्ग वित्तीय दबाव में था। केंद्रीय बजट 2025 में मोदी सरकार ने आयकर छूट सीमा बढ़ाकर व कर दरों में कमी से राहत देने की कोशिश की है। किंतु-परंतु न हो तो अब बारह लाख तक की आय वाले व्यक्ति को कोई कर नहीं देना होगा। धारणा है कि इससे लोगों की आय बढ़ने से उपभोक्ता खर्च में वृद्धि होगी। खपत में वृद्धि से मांग बढ़ेगी जो कालांतर उद्योगों- अर्थव्यवस्था को गति देगी। निस्संदेह आयकर व्यवस्था का सरलीकरण स्वागत योग्य कदम है। वरिष्ठ नागरिकों की ब्याज आय पर कटौती की सीमा को दुगनी करके एक लाख रुपये सालाना करने से उन्हें लाभ मिलेगा। इसी तरह किराये की आय पर निर्भर सेवानिवृत्त लोगों को बढ़ी हुई टीडीएस सीमा का लाभ होगा, जिसे अब बढ़ाकर छह लाख सालाना कर दिया गया है। लेकिन दूसरी ओर ईपीएफ,पीपीएफ, बीमा और होम लोन पर प्रमुख कटौतियों का लाभ हटाने से आम आदमी की वास्तविक बचत खत्म हो सकती है। जिससे दीर्घकालीन बचत में गिरावट संभवित है। नई व्यवस्था पीएफ और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में निवेश को हतोत्साहित करती है। यह स्थिति उनकी भविष्य की वित्तीय सुरक्षा को कमजोर कर सकती है। कर राहत के साथ जरूरी है कि मध्यम वर्ग की आय में वृद्धि हो और मुद्रास्फीति पर नियंत्रण किया जाए। निजी क्षेत्र के सेवानिवृत्त लोगों की सामाजिक सुरक्षा के बारे में भी सोचना जरूरी है। लेकिन आयकर राहत से मध्यम वर्ग की बचत-खपत बढ़ने से क्या वास्तव में आर्थिकी को गति मिल सकेगी? एक अनुमान के अनुसार भारत में आबादी का चालीस फीसदी मध्यम वर्ग के दायरे में आता है। दरअसल, भारतीय अर्थव्यवस्था मांग की कमी से जूझ रही है। मध्य वर्ग ही वस्तुओं और सेवाओं का बड़ा उपभोक्ता वर्ग है। उसकी क्रय शक्ति कम होने व बचत नहीं होने से उसकी खरीद क्षमता बाधित हुई है। मांग कम होने से उत्पादन में गिरावट आई है और नया निवेश प्रभावित हो रहा है। यही वजह है कि बीते वर्ष में विकास दर पिछले चार सालों में सबसे कम 6.4 रही है जिसके आर्थिक सर्वे में इस साल 6.8 तक रहने का अनुमान है। जो विकसित भारत के लक्ष्यों के अनुरूप नहीं है। सरकार का मानना है कि आयकर में कटौती से बचत और खपत को बढ़ावा मिलेगा। दरअसल, मध्यम वर्ग उपभोक्ता, कर्मचारी और सहायक सेवा करने वाले लोगों का नियोक्ता होता है। सरकार मानती है कि इससे अर्थव्यवस्था को लाभ होगा। वहीं कुछ अर्थशास्त्रियों का मानना है कि देश में अप्रत्यक्ष करों में कमी से मांग को ज्यादा बढ़ावा मिल सकता है। अप्रत्यक्ष कर मध्यमवर्ग के बजाय गरीब लोगों को भी देना पड़ता है। दरअसल, हमारी एक सौ चालीस करोड़ की आबादी में नौ करोड़ लोग आयकर रिटर्न भरते हैं और साढ़े तीन करोड़ लोग आयकर देते हैं। इनको राहत देने से सीमित वर्ग की क्रय शक्ति ही बढ़ेगी। कुछ लोग इसे दिल्ली के विधानसभा चुनाव की दृष्टि से उठाया गया कदम बताते हैं क्योंकि वहीं बड़ी संख्या में आयकर दाता सरकारी कर्मचारी रहते हैं।

# तीन दिवसीय राजकीय ईटखोरी महोत्सव 2025 के सफल आयोजन को लेकर डीसी ने किया प्रेस वार्ता

➲बॉलीवुड, राज्य एवं जिले के कलाकार 19, 20 एवं 21 फरवरी को अपने-अपने कलाओं से बांधेंगे शमा
➲कलाकारों का चयन प्रक्रिया हुआ पूर्ण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** 19, 20 एवं 21 फरवरी 2025 को होनेवाले राजकीय ईटखोरी महोत्सव 2025 के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त रमेश घोलप ने जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ प्रेस वार्ता किया।प्रेस वार्ता के दौरान बताया गया कि राजकीय ईटखोरी महोत्सव 2025 के लिए जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां की जा रही है। स्थानीय कलाकारों, राज्य स्तर के कलाकार एवं बॉलीवुड कलाकारों का चयन प्रक्रिया पूर्ण कर लिया गया है। जिसमें राजकीय ईटखोरी महोत्सव के पहले दिन 19 फरवरी को सर्वप्रथम माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड सरकार श्री हेमन्त सोरेन का आगमन, मंदिर दर्शन, पूजन एवं महोत्सव का उदघाटन, वहीं 04:30 बजे से 05:00 बजे संध्या तक विपिन मिश्रा एवं ग्रुप द्वारा शंख वादन एवं डमरू वादन, 05:00 बजे से 05:15 बजे तक न्यू झारखण्ड कला संगीत सृजन केन्द्र द्वारा नागपुरी नृत्य, 05:15 से 05:30 बजे तक नटराज कला केन्द्र चोगा, ईचागड छउ नृत्य, 05:30 बजे संध्या से 05:45 बजे तक नीरज डांस एकेडमी चतरा द्वारा डांस, 05:45 बजे से 06:15 बजे तक एवं 07:45 बजे से 08:15 बजे तक राजीव निगम द्वारा कॉमेडियन, 06:15 बजे से 07:45 तक चंदन तिवारी द्वारा भोजपुरी लोकगायिका, 08:15 बजे रात्रि से 10:15 बजे तक सलमान अली द्वारा बॉलीवुड गायन किया जाएगा। इस तरह तीन दिन तक विभिन्न तरह का कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। उक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद, जिला खेल पदाधिकारी तुषार रॉय, इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के पत्रकार बंधु समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

दो बच्चे की मां को 25 वर्षीय युवक के साथ हुआ प्यार

## रंगरलिया मनाते पकड़े गये जंगल, जमकर हुई पिटाई, युवक चतरा सदर से हजारीबाग रेफर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** इटखोरी थाना के अंतर्गत पितीज चौक पर होटल में एक शादीशुदा महिला 25 वर्षीय युवक के साथ रंगरलिया मनाते हुए दिखे। जिनका पीछा करते हुए कुछ युवकों ने जंगल में दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा। घटना वित्ते सोमवार रात की बताई जा रही है। बता दें की महिला दो बच्चों की मां है।एवं युवक 25 वर्षीय देवकी यादव का पुत्र पंकज यादव ग्राम बलहरी थाना इटखोरी का बताया जा रहा है। तो वही महिला कुंती देवी पति भविष्य यादव ग्राम चौरहट राजपुर थाना निवासी बताई जा रहा है।महिला का नैहर गिद्धौर थाना के इंदिरा गांव बताया जा रहा है। सूत्रों से पता चला कि इन दोनों का प्यार पिछले कई सालों से चल रहा था। कई बार गांव के लोगों के द्वारा इन लोगों को मना मंजूरी भी कराई गई थी। एवं मना किया गया था। फिर भी नहीं माने और आपत्तिजनक स्थिति में दोनों पकड़े गए। युवक को जमकर पिटाई हुआ। जिससे युवक की हालत गंभीर हो गई। जिसका इलाज कराने के लिए महिला अपने से कान्हाचट्टी स्वास्थ्य केंद्र ले गई। जहां से बेहतर इलाज के लिए चतरा सदर रेफर कर दिया गया। और बेहतर इलाज के लिए चतरा सदर से हजारीबाग रेफर कर दिया गया है।युवक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। एवं महिला को पड़कर उसके गांव ले आया गया है और ग्रामीण तथा प्रशासन की मदद से पूछताछ की जा रही है।

## कृषक व पशु सखी के साथ किया गया बैठक, दिया गया कई निर्देश



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत छः घरवा सीएलएफ में जेएसएलपीएस के तहत कृषक सखी एवं पशु सखी के साथ मासिक बैठक मंगलवार को किया गया।बैठक अंजू देवी की अध्यक्षता में की गई।संचालन मालती देवी ने किया।जहां कई बिंदुओं पर चर्चा हुआ। एवं अधिकारियों के द्वारा निर्देश दिए गए। जिसमें सभी कृषक सखी एवं पशु सखी को फरवरी माह में कार्य करने के लिए एफपीओ में अधिक से अधिक सदस्य जोड़ने की बातें कही गई है। जिसमें एक कृषक सखी को कम से कम 30 सदस्या को जोड़ना है। मौके पर उपस्थित एफटीसी अनिल प्रजापति बीआरपी विजय रजक सीईओ अमित कुमार कृषक सखी सरस्वती कुमारी रेखा कुमारी रूपांजलि कुमारी गुड़िया देवी रिंकी कुमारी प्रतिमा कुमारी एवं दर्जनों महिला उपस्थित थी।

## अज्ञात वृद्ध व्यक्ति की मौत, शव शिला ओपी ने किया बरामद



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया थाना के शिला ओपी थाना क्षेत्र के चौपे स्कूल के पास एक अज्ञात वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई हैं। मृतक शव को शिला ओपी प्रभारी ने बरामद कर आगे की कारवाई में अग्रसर हैं। जानकारी के अनुशार उक्त वृद्ध मृतक व्यक्ति विक्षिप्त था। बहुत दिनों से इधर उधर विचरण कर सरकारी स्कूल चौपे के पास रात्रि को आसियाना बना कर रहा करता था। अचानक सुबह होने पर देखा कि उक्त व्यक्ति की मौत हो गई है। जिसे लेकर शिला ओपी प्रभारी को जानकारी दी गई।

# गिद्धौर प्रखंड के एक ऐसा आंगनबाड़ी जो बिना बच्चों के होता है संचालित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मँझगवा पंचायत के सिंदवारी खुर्द में एक ऐसा आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है जहां एक भी बच्चे गांव से उपस्थित नहीं होते हैं। जिसका कोड सं 140 है। और एक साल से बिना बच्चों का संचालित हो रहा है। सेविका संगीता देवी ने बताई की ग्रामीण इस आंगनवाड़ी में बच्चों को पढ़ने के लिए नहीं भेजते हैं।ऐसे में सवाल उठता है। कि झारखंड सरकार बच्चों के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए हर एक कदम पर काम कर रही है।लेकिन सिंदवारी खुर्द का आंगनवाड़ी अपने आप में इस कार्य में काफी लापरवाह दिख रहा है। जो बच्चों का भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। ग्रामीण बताते हैं कि यह आंगनवाड़ी अपने आप में एक इतिहास रच रहा है। वहीं ग्रामीण ने सेविका के प्रति आरोप लगा रहे हैं।कहना है कि बच्चों को आंगनबाड़ी भेजते हैं तो उसे आंगनबाड़ी से घषिट कर बाहर निकाल देती है। एवं मारपीट कर देती है। जिसके चलते बच्चे आंगनबाड़ी नहीं जाना चाहते हैं इस संबंध में सेविका से पूछा गया तो बतलाती है कि कोई प्रमाण करके बतावें तो माना जाएगा। अब सवाल उठता है कि जिस आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चे नहीं है क्या वहां सेविका को कार्य करना उचित बनता है। इस संबंध में आंगनवाड़ी सुपरवाइजर मंजू देवी से जानकारी प्राप्त दूरभाष से किया। तो बतलाई की ग्रामीणों के द्वारा इस आंगनवाड़ी केंद्र की शिकायत मिली है बहुत जल्द जांच की जाएगी एवं निष्कर्ष किया जाएगा।

# ईदगाह के बाउंड्री को लेकर दो गुटों में झड़प, मामला आया अंचल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना क्षेत्र के दुवारी बाजार टांड़ में ईदगाह के बाउंड्री वाल निर्माण को लेकर दो गुट में झड़प हो गई।यह घटना बीते सोमवार की है। घटना की खबर मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर दोनों गुट के लोगो को समझा बुझा कर अंचल कार्यालय में पहुंचने को कहा। बताया गया कि बाजारटांड़ के ईदगाह में मुस्लिम समुदाय के लोग बाउंड्री वाल निर्माण का कार्य किया जा रहा है।इस पर कन्हाई भुइयां ने विरोध जताते हुए कहा कि मेरे जमीन के साढ़े 6 कट्टा जमीन पर बाउंड्री कार्य किया गया है। जबकि मुझे यह जमीन भूदान में एक एकड़ 16 डिसमिल जमीन प्राप्त है।इसे लेकर दोनों गुट के लोग मंगलवार को गिद्धौर अंचल पहुंचे। यहां सीओ के उपस्थिति में दोनों गुट में समझौता को लेकर पहल की गई। इस दौरान सीओ ने दोनों पक्ष से कागजात का मांग किया।मामले का निष्पादन नहीं होने तक फिलहाल कार्य बंद करने का निर्देश दिया है।



## जमीन विवाद में दो गुट में हुई जमकर मारपीट, दो घायल, चिंता देवी रेफर



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के जपुआ में जमीन विवाद को लेकर मंगलवार को दो गुट में जमकर मार पीट हुई।घटना में दोनों गुट से सात लोग घायल हो गए।घायलों में नागमणि विश्वकर्मा पत्नी चिन्ता देवी, पुत्र गुरुराज तथा दूसरे गुट से अर्जुन दांगी पत्नी चंचला देवी, पुत्र राजेश कुमार तथा भाई बबलू कुमार शामिल है।सभी घायलों का इलाज गिद्धौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है। इनमें चिंता देवी तथा एक अन्य को बेहतर इलाज के लिए हजारिबाग रेफर किया गया है।घटना के संबंध में नागमणि विश्वकर्मा ने बताया कि जपुआ में घर बना रहे थे। इसी बीच दूसरे गुट के अर्जुन दांगी सहित अन्य लोग काम बंद करने की बात कह मार पीट करने लगे।हल्ला सुनकर जैसे ही हम पहुंचे। मेरे साथ भी मार पीट करने लगे। वहीं दूसरे गुट की चंचला देवी ने बताया कि जिस जमीन पर घर बनाया जा रहा था। उसके आगे पीछे जमीन संबंधी कुछ मामला था। इसे लेकर काम बंद करने की बात कही गई। इसी बात को लेकर मार पीट घटना हुई। हालांकि खबर लिखे जाने तक इस मामले को लेकर न्याय के लिए दोनों पक्षों के लोगों ने थाना में आवेदन दिया है। हालांकि घटना की जानकारी होने पर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने मामले की जांच में जुट गए।

## सरस्वती विद्या मंदिर में बच्चों को सुवर्ण प्राशण का द्वितीय खुराक दिया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के धर्मपुर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में मंगलवार को पुष्य योग नक्षत्र में दो साल उम्र से बारह वर्ष उम्र तक के भैया बहनों को सुवर्ण प्राशण का द्वितीय खुराक दिया गया। इस अवसर पर रितु रानी अधिवक्ता, अरुण कुमार चौधरी पूर्व प्रधानाचार्य, विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य एवं गीता कुमारी सह प्रांतीय शिशु वाटिका प्रमुख ने धन्वंतरी जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम प्रारंभ किया। अरुण कुमार चौधरी ने कहा कि सुवर्ण प्राशण से बच्चों की रोध प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है एवं सभी प्रकार की एलर्जी से मुक्ति मिलती है।रितु रानी ने कहा कि बच्चा बलशाली बनता है तथा बुद्धि, बल, यादाश्त एवं पाचनशक्ति का विकास होता है। कार्यक्रम के अंत में ओं कार नाथ सहाय ने धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित भैया- बहनों ने ऋषि धन्वंतरी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। तत्पश्चात उन्हें सुवर्ण प्राशण का खुराक पिलाया गया। कार्यक्रम में सुरेश ठाकुर, शिल्पा, रुवि, निलम, उपासना, श्वेता, रजनी नाग, रेणु गुप्ता, दीपक दास, शशि पांडेय, राकेश कुमार सिंह, अजय उरांव, उमेश नायक, आलोक प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## जैक द्वारा आयोजित इंटर की दो विषयों की परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय मे बनाए गए परीक्षा केंद्र मे झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा आयोजित इंटर की एग्रीकल्चर (कृषि) विषय मे 60 मे से 60 व ऑटोमोटिव विषय की परीक्षा मे 39 मे से 39 परीक्षार्थी शामिल हुए। उक्त दोनों विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीक़े से कदाचार मुक्त सम्पन्न हुआ। परीक्षा मे केन्द्राधीक्षक अनिल कुमार कुजूर, दंडाधिकारी सत्येंद्र उरांव,सहित वीक्षक अजय बैठा, गौतम कुमार पाण्डेय, द्वारिका राम, विजय कुमार, उपेंद्र कुमार, रामाधार प्रसाद गुप्ता, शुशीला कुजूर, रामविनय कुमार राम, अहम भूमिका निभा रहे थे। वहीं सुरक्षा कर्मी भी मुस्तैद दिखे।

# घर में आग लगने से 50,000 की संपत्ति जलकर खाक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मुरपा पंचायत अंतर्गत चंदली ग्राम में मंगलवार को एक घर में आग लग गई। आग लगने के कारण घर में रखा कई सामान जल गया। जिससे 50000 की अधिक की संपत्ति का नुकसान हो गया। घर के मालिक बृजभूषण सिंह (शिक्षक) ने बताया कि आग पहले घर के पास समीप एक पेड़ में लगा हुआ था। जहां से फैले चिंगारी ने उनके घर में पकड़ लिया। जिससे घर में रखा कई सामान अनाज बर्तन, कपड़ा सहित कई सामान जल कर राख हो गया। घटना के बाद ग्रामीणों द्वारा आग बुझाने का प्रयास किया गया। लेकिन आग तब तक तेजी से फैल गया। और घर के आधे हिस्से को जला दिया।

## पागल कुत्ता के काटने से 14 लोग घायल

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में पागल कुत्ते के काटने से 14 लोग घायल हो गए जिममें मो. वाहिद 17 वर्ष पिता मोहम्मद जसीम, अजहर खान 29 वर्ष पिता अब्दुल वाजिद दोनों ग्राम बालूमाथ, रीता देवी 30 वर्ष पिता अमरेन्द्र उरांव ग्राम पकरी, सरताज 23 वर्ष पिता मो. कलाम ग्राम बालू, विराट कुमार साढ़े तीन वर्ष पिता बाबूलाल बैठा ग्राम चेताग, वसोईया देवी 65 वर्ष पति वसराज गंझु दोकर थाना बालूमाथ, शिवम कुमार 11 वर्ष पिता कुलदीप साव ग्राम बालूमाथ, रीना कुमारी 15 वर्ष बालमुकुंद उरांव ग्राम पकरी, आदिल कुमार 4 वर्ष पिता मनोज उरांव ग्राम बनियों, पल्लवी कुमारी 20 वर्ष ग्राम बारीबाद मो.जसीम 40 वर्ष मो.समीउल्लाह जोरी जिला चतरा, निशा कुमारी 13 वर्ष पिता बनारसी उरांव ग्राम चेताग, श्रवण कुमार 14 वर्ष पिता कैला भुइयां ग्राम झाबर एवं देवंती देवी 70 वर्ष ग्राम चेताग निवासी शामिल है। घटना के बाद सभी डायलॉग का इलाज बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया और उन्हें एंटी रेबीज का इंजेक्शन दिया गया।

## बोलेरो के चकमे से मोटरसाइकिल सवार अनियंत्रित होकर हुआ दुर्घटनाग्रस्त

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ-खलारी मुख्य पथ पर मंगलवार को बोलेरो के चकमे से मोटरसाइकिल से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अजय राम 21 वर्ष पिता संतोष राम ग्राम बगरा थाना सिमरिया निवासी रांची से अपने घर मोटरसाइकिल से जा रहा था ।इसी दौरान मुरपा ग्राम के समीप एक अज्ञात बोलेरो ने उसे चकमा दे दिया। जिससे वह मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया ।घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

# सोशल मीडिया मोबाइल फोन और इंटरनेट का उपयोग सतर्क रहकर करें : उपायुक्त




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने सोशल मीडिया, मोबाइल फोन और इंटरनेट का उपयोग सतर्क रहकर सुरक्षित तरीके से करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इंटरनेट एक शक्तिशाली माध्यम है, लेकिन इसके साथ साइबर अपराध, डेटा चोरी, ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर बुलिंग जैसी समस्याएं भी बढ़ी हैं। उपायुक्त ने कहा कि सुरक्षित इंटरनेट दिवस का मुख्य उद्देश्य इंटरनेट के सुरक्षित और जिम्मेदाराना उपयोग के प्रति जागरूकता फैलाना है। खासकर बच्चों और युवाओं के बीच। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया और इंटरनेट का बच्चों और युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह का प्रभाव हो सकता है। इसलिए आवश्यक है कि कम समय के लिए सोशल मीडिया या इंटरनेट का उपयोग सकारात्मक कार्य के लिए किया जाए।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य मकसद लोगों को इंटरनेट के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति को अपनी ओटीपी न शेयर करें, अनजान नंबरों से आने वाली कॉल से सावधान रहें और किसी भी तरीके का अपना पासवर्ड एटीएम कार्ड नंबर पिन नंबर ना शेयर करें। उन्होंने साइबर फ्रॉड के मामले में तत्काल सहायता के लिए 1930 पर कॉल करने का सुझाव दिया। कार्यशाला में उपस्थित साइबर एक्सपर्ट ने साइबर सुरक्षा को लेकर कई अहम जानकारियां साझा कीं। कार्यशाला में उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, पुलिस उपाधीक्षक, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी और अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# भगवती जागरण के साथ संपन्न हुआ श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर का 31 वां वार्षिकोत्सव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के 31 वें वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम सोमवार की रात भगवती जागरण के साथ संपन्न हो गया। जागरण का उदघाटन वैष्णव दुर्गा मंदिर के मुख्य संरक्षक सह पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम के द्वारा माता का ज्योत प्रज्जवलित कर किया गया। जागरण का प्रारंभ समिति के कोषाध्यक्ष आशीष टैगोर ने तूने मुझे बुलाया शेरावालीए भजन से किया।इसके बाद नव दुर्गा जागरण मंडली, रांची के कलाकारों ने एक से बढ़ कर एक भजन सुना कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्वीटी राज ने गणेश वंदना कर अपने गायन का प्रारंभ किया। उन्होने बांगड़ भोला व पप्पू पास हो गया समेंत कई भजन गा कर लोगों झूमने पर मजबूर कर दिया. स्वीटी राज ने सजा दो घर को गुलशन सा मेरे राम आये हैं भजन गा कर खुब वाह वाही लूटी। जबकि कोमल छाया ने मैया का चोला है रंग लाल और लाल लाल चुनरी है गोटेवाली समेंत कई भजन गा कर लोगों को भाव विह्ल कर दिया। वहीं आनंद पाठक ने रामजी की निकली सवारी और तू कितनी अच्छी है कितनी प्यारी है भजन गा कर लोगों को भक्ति सागर में गोते लगवाये।अनूप राज ने भी कइ मनमोहक भजन प्रस्तुत किया। जागरण में सोनभद्र यूपी के दिवाकर एंड मंडली के द्वारा शिव तांडव, हनुमान व मां दुर्गा की आकर्षक झांकियां निकाली गयी। मौके पर संरक्षक महेंद्र प्रसाद गुप्ता, अभिनंदन प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद शौंडिक, विनोद कुमार साहू, अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता (भोला), कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, बद्री प्रसाद, आशीष टैगोर, राजू रंजन सिंह, रंजीत कुमार, रविंद्र प्रजापति, उज्जवल साहू, आकाश कुमार टोनू, सुनील कुमार व परितोष ठाकुर आदि मौजूद थे। 31 वें वार्षिकोत्सव के मौके पर तन मन व धन से सहयोग करने के लिए वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति ने नगर वासियों का आभार प्रकट किया है।समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि सामुहिक सहयोग के बिना कोई कार्य पूरा नहीं होता है। उन्होने समिति के अन्य सदस्य व कार्यकर्ताओं को भी इस सफल आयोजन पर साधुवाद दिया।



## अवैध खनन के खिलाफ लातेहार में अंचल अधिकारी का जांच अभियान



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को अरविन्द देवाशीष टोप्पो, अंचल अधिकारी,लातेहार ने अवैध खनन और कोयला उत्खनन के खिलाफ जांच अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने तेज़ रफ़्तार से काम कर रहे वाहनों को रोका और वाहन एवं लोडिंग से संबंधित दस्तावेजों की जाँच की। साथ ही, अन्य खनन कार्यों में लगे परिवहन वाहनों के दस्तावेज़ भी चेक किए गए। इसके अलावा, ड्राइवरों की शराब पीने की स्थिति की जांच के लिए ब्रीथ एनलाइज़र मशीन का भी उपयोग किया गया।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

हजारीबाग

रांची, बुधवार, 12 फरवरी 2025 | पेज 8


# बिना डॉक्टर के संचालित हो रहा है हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज परिसर में डीसीडीसी का डायलीसिस यूनिट

## सांसद के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने सीएस, डिप्टी सुपरिटेंडेंट से की शिकायत, डीसी को ट्वीट कर संज्ञान लेने का किया आग्रह

❍ डायलिसिस के नियमों के विपरीत मरीजों की जान के साथ हो रहा है खिलवाड़ : रंजन चौधरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में संचालित डीसीडीसी किडनी केयर के डायलिसिस यूनिट में नियमों को ताख पर रखते हुए डायलिसिस किया जा रहा है। पिछले करीब 5 महीने से यहां बिना डॉक्टर के यहां टेक्नीशियन डायलिसिस करते हैं। ऐसे में डॉक्टर की अनुपस्थिति में जरूरतमंद मरीजों का डायलिसिस किया जाना, उनका ब्लड चढ़ाया जाना और जरूरत के मुताबिक दवाई टेक्नीशियन द्वारा दिया जाना डायलिसिस के नियमों के विपरित मरीजों के जान के साथ खिलवाड़ करने जैसा ही है। राज्यस्तरीय आउटसोर्स के तहत यहां डीसीडीसी किडनी केयर द्वारा डायलिसिस यूनिट का संचालन



पीपीपी मोड पर किया जाता है। गरीबी रेखा से नीचे के मरीजों का यहां लो इनकॉम सर्टिफिकेट के जरिए निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा मरीजों को उपलब्ध कराई जाती है। इस सेंटर का संचालन अगले सुबह से ही होता है ऐसे में आयुष्मान भारत योजना से संबंधित कर्मियों की अनुपस्थिति के कारण आयुष्मान भारत योजना के मरीजों को यहां डायलिसिस के लाभ के लिए लो इनकॉम सर्टिफिकेट बनवाना पड़ता है। ज्ञात हो कि आयुष्मान भारत योजना से संबंधित आयुष्मान मित्रों का काउंटर यहां 10 बजे के बाद ही खुलता है, जबकि यहां मरीज सुबह 7 बजे से ही डायलिसिस कराते हैं ।हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में अवस्थित डीसीडीसी के डायलिसिस यूनिट में डॉक्टर नहीं होने के मामले को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर उनके मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने गंभीरता से उठाया है। रंजन चौधरी ने इस संबंध में डायलिसिस यूनिट के मैनेजर, जिले के सिविल सर्जन डॉ. सरयू प्रसाद सिंह और मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डिप्टी सुपरिटेंडेंट डॉ.अजय कुमार सिंह से बात की और उनसे इस संबंध में शिकायत करते हुए, जरूरतमंद मरीजों के हितार्थ डायलिसिस यूनिट में डॉक्टर बहाली कराने की दिशा में साकारात्मक पहल करने का आग्रह किया। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डिप्टी सुपरिटेंडेंट डॉ.अजय कुमार सिंह ने इस मामले की बेहद गंभीरता से लिया और तत्काल डायलिसिस यूनिट संचालन कर रहे कंपनी को इस संदर्भ में पत्र लिखने और यहां आयुष्मान भारत योजना का लाभ जरूरतमंद मरीजों को मिल सके इसके लिए अहले सुबह से ही एक आयुष्मान मित्र को यहां बैठाने की दिशा में कारगर कदम जल्द उठाने की बात की। इधर सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय को ट्वीट के माध्यम से इस संदर्भ में जानकारी देते हुए उनसे जरूरतमंद मरीजों के हितार्थ संज्ञान लेने का आग्रह किया है ।

# सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया

❍ कार्यशाला में कॉमन साइबर थ्रेड के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार जिला सूचना एवं विज्ञान विभाग हज़ारीबाग के तत्वधान में मंगलवार समाहरणालय सभागार में सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बारंगे, प्रशिक्षु एसडीपीओ अमित आनंद, डीपीओ पंकज तिवारी, डीडब्ल्यूएसो शिप्रा सिन्हा, डीआईओ संदीप कुमार, डीपीओ यूआईडी प्रवीण कुमार सुमन सहित कई पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में डीआईओ संदीप कुमार और डीपीओ यूआईडी प्रवीण कुमार सुमन ने सफर इंटरनेट डे के बारे में प्रजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी। कार्यशाला में उपस्थित लोगों को कॉमन साइबर थ्रेड जैसे फिशिंग, विशिंग, फाइनेंशियल फ्रॉड, लॉटरी स्कैम, फेक एप्स, इन्वेस्टमेंट फ्रॉड, साइबर हाइजीन,



पब्लिक वाई-फाई, वीपीएन, यूज़िंग मल्टी फैक्टर ऑथेंटिकेशन, यूपीआई, हाउ टू सिक्योर क्रेडिट एंड डेबिट कार्ड, ऑनलाइन बैंकिंग सर्विस, डिजिटल अरेस्ट, टू स्टेप वेरीफिकेशन, डीप फेक वीडियो आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।उप विकास आयुक्त ने कहा कि इंटरनेट एक तरफ वरदान है तो दूसरी तरफ अभिशाप इसलिए इंटरनेट का सही इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने बताया कि साइबर स्वच्छता की प्रक्रिया के तहत आमजन एवं अधिकारियों को उनके कंप्यूटर उपकरणों एवं उसमें रखी गई व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा बनाए रखने में मदद करती है। इससे डिजिटल जिंदगी को सुरक्षित रखने में मदद मिलती है। उन्होंने बताया कि इंटरनेट सफर डे के अवसर पर पूरे जिले के प्रज्ञा केंद्र और पंचायत भवन में वीएलई के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया है।प्रशिक्षण के दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मियों को साइबर स्वच्छता, फिशिंग, हैकिंग, मालवेयर से स्वयं के कंप्यूटर उपकरणों एवं व्यक्तिगत खातों को बचाने की जानकारी दी गई। इस दौरान मजबूत पासवर्ड, मजबूत स्क्रीन लॉक और बायोमेट्रिक, विश्वसनीय स्त्रोतों से मोबाइल एप्स डाउनलोड, सुरक्षित इंटरनेट कनेक्शन का उपयोग करने, संदिग्ध ईमेल और लिंक से बचने, सॉफ्टवेयर और एप्स को नियमित रूप से अपडेट करने से संबंधित जानकारी दी।

# बरही में मैट्रिक व इंटरमीडिएट की पहले दिन की परीक्षा चार केंद्रों में कदाचार मुक्त संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही(हजारीबाग):** बरही प्रखंड के चार परीक्षा केंद्रों में मंगलवार को मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की पहला दिन की परीक्षा शांति पूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। उक्त चार केंद्रों में कुल 478 परीक्षार्थी शामिल हुए हैं। जिसमें मैट्रिक के कुल 248 और इंटरमीडिएट के कुल 231 परीक्षार्थी शामिल हैं। मैट्रिक के प्रथम पाली में उत्क्रमित उच्च विद्यालय करियातपुर में कुल 42, बरही इंटर कॉलेज में 116, रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज में कुल 89 परीक्षार्थी शामिल हुए, 01 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिया, जिसमें मध्य विद्यालय बरही में 21, रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज बरही में 91, बरही इंटर कॉलेज में 119 परीक्षार्थी शामिल हुए। एसडीओ के नेतृत्व में गठित उड़नदस्ता टीम ने सभी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। एसडीओ जोहन



टुडू ने बताया कि बरही अनुमंडल में शांति व कदाचार मुक्त वातावरण में परीक्षा हो रही है। वहीं बीडीओ किशोर कुमार ने बताया कि मैट्रिक और इंटर के दोनों परीक्षा कदाचार मुक्त तरीके से ली जा रही।पुलिस प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है। केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं, साथ ही सभी परीक्षा केंद्र पर दंडाधिकारी की भी नियुक्ति की गई है।

# गुनवा देवी बनी नव सृजित प्राथमिक विद्यालय रखवा विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंर्तगत बकसपुरा पंचायत में नव सृजित प्राथमिक विद्यालय रखवा में विभागीय आदेशानुसार विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन हेतु चुनाव संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता पूर्व प्रमुख सह वर्तमान पंचायत समिति सदस्य उमा देवी ने किया। संचालन सुरेश कुमार ने किया। पूरी चुनाव प्रक्रिया लोकतांत्रिक तरीके से विभागीय नियमानुसार संपादित की गई।विद्यालय प्रबंधन समिति का सर्वसम्मति से अध्यक्ष गुनवा देवी,उपाध्यक्ष - किरण कुमारी,संयोजिका अनिता देवी को चुना गया। बैठक को संचालित करते हुए सुरेश कुमार ने नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं सदस्यों के चयनित होने पर बधाई देते हुए कहा कि आज के छात्र कल के भविष्य है।बेहतर शिक्षा के साथ- साथ मध्याह्न भोजन, खेलकूद पर विशेष ध्यान रखेंगे ।विद्यालय में किसी भी प्रकार की समस्या



होने पर सूचित जरूर करें।बैठक में प्रखंड शिक्षा विभाग से राकेश वैद्य, प.भ.सह संयोजिका हेमती कुमारी , सहायक अध्यापिका दयामनी सोरेन, निवर्तमान अध्यक्ष सबिता देवी ,जयनाथ महतो,बबीता देवी, गुंजा भारती,सुनीता देवी, सहोदरी देवी,निर्मला देवी,पेमिया देवी सोमरी देवी,बसंती देवी कौशल्या कुमारी ,गुड़िया कुमारी,सावित्री कुमारी दुलारी देवी,सोनिया देवी ,जयंती देवी,मीना देवी समेत काफी संख्या में अभिभावकों की उपस्थिति थी।

# हाथियों का उत्पात जारी, मकान को किया ध्वस्त, फसल रौंदा

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिले मे हाथियों का उत्पात रुकने का नाम नही ले रहा है सोमवार रात्रि हाथियों के झुण्ड ने बभनवे के चेहला गांव में पत्रकार दीपक कुमार का घर गिरा दिया जहां वे खेती करते थे, एक डेभा और चार एकड़ में



लगे टमाटर के फसल को नष्ट कर दिया। इससे कुछ दिन पहले एक महिला की कुचल कर हाथियों ने जान ले लिया था। जिले मे हाथियों से मौत का आतंक बढ़ते ही जा रहा है । दरअसल पिछले तीन माह से हाथियों का झुण्ड इन दिनों चेहला वन क्षेत्र मे विचरण कर रहा है वन विभाग चुप्पी साधे हुए है, गांव के लोग कई बार हाथियों को भगाने का प्रयास किया लेकिन इसके बावजूद हाथियों के झुंड ने जंगल और गांव के आस पास घूम घूम कर रह रहा है । वन विभाग इन घटनाओं के प्रति उदासीन रवैया अपना रहा है जिसे देखते हुए ग्रामीणों का वन विभाग के प्रति आक्रोश बढ़ रहा है। अब बाध्य हो कर लोग रोड जाम करने और वन विभाग के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने का मन बना रहे हैं।

# उपायुक्त के जनता दरबार में फरियादियों ने लगाई गुहार

❍ आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान के दिये गये निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। उपायुक्त नैन्सी सहाय ने आमजनों की समस्याओं को सुना तथा इसके त्वरित समाधान के निदेश संबंधित अधिकारियों को दिया। इस अवसर पर कई फरियादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन समर्पित किये। इस अवसर पर शहरी सहित विभिन्न प्रखंड से आये आवेदकों ने पीडीएस दुकान, मारपीट, आवास योजना का लाभ दिलाने, दाखिल खारिज, पेंशन, भूमि अतिक्रमण, दिव्यांगता साइकिल दिलाने, भूमि पर अवैध कब्जा आदि से संबंधित आवेदन देकर समाधान की मांग की। वहीं चुटियारो के संतोष कुमार ने जनवितरण प्रणाली दुकान फिर से चलाने, रूकसाना खातुन कटकमदाग



ने घर में घुस कर मारपीट करने वाले पर कार्रवाई करने, टाटीझरिया के प्रभु रविदास ने आवास दिलाने, राजू पासवान चौपारण ने दाखिल खारिज के संबंध में जगतपाल महतो बड़कागांव ने जमीन की खतीयान और रसीद ऑनलाईन चढ़ाने, चलकुशा के दिव्यांग अजय कुमार वर्णवाल ने बैट्री साईकिल उपलब्ध कराने, पम्मी कुमारी ने सरकारी स्टाम्प विक्रय हेतु जगह मुहैया कराने, सदर के शुभम कुमार खण्डेलवाल ने भूमि पर अवैध कब्जा हटाने, रामचन्द्र कुमार केरेडारी ने बिट के अनुसार परीक्षा फल निर्गत करने आदि से संबंधित आवेदन देकर इसके समाधान का अनुरोध किया। मौके पर आये सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को भेजते हुए जांचोपरांत त्वरित करने का निर्देश दिया गया।

# जननायक कर्पूरी फाउंडेशन मनाएगा कर्पूरी ठाकुर का 37 वां पुण्यतिथि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हज़ारीबाग :** झील परिसर में कर्पूरी प्रतिमा स्थल के प्रांगण मे आगामी 17 फरवरी को जननायक कर्पूरी फाउंडेशन भव्य तरिके से पुण्यतिथि मनाएगा।इसको लेकर जोर शोर से तैयारी की जा रही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमेश ठाकुर ( उपाध्यक्ष राष्ट्रीय महासभा )एवं सुनील शर्मा ( पूर्व केंद्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा झामुमो ) होंगे। उल्लेखनीय हो कि कार्यक्रम जननायक कर्पूरी फाउंडेशन के तत्वाधान मे किया जा रहा है। इसके संस्थापक धर्मेंद्र कुमार ठाकुर हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य के बारे मे बताया गया है कि नाई समाज के सभी वर्ग के लोगों को जोड़ना एवं जो शिक्षा, रोजगार, मेडिकल, इन सभी चीजों मे जो लोग असमर्थ है वैसे लोगों तक सेवा पहुचाना है ताकि समाज को गति मिल सके।

# एनटीपीसी सीकरी कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बादम कोयला खनन परियोजना के द्वारा 11 फरवरी 2025 को एनटीपीसी सीकरी कार्यालय में पहली आधिकारिक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इसमें बड़कागांव क्षेत्र सहित हजारीबाग जिले के




अधिकांश प्रमुख पत्रकारों ने भाग लिया। बादम कोयला खनन परियोजना टीम की ओर से परियोजना प्रमुख अरुण कुमार सक्सेना ने सभी पत्रकारों का स्वागत किया। बादम परियोजना टीम द्वारा अब तक के परियोजना के विकास के बारे में जानकारी दी गई साथ ही उन्होंने बताया कि शीघ्र ही एनटीपीसी बड़कागांव कार्यालय में एक जन सूचना केंद्र स्थापित किया जाएगा। इसके बाद सभी पत्रकारों से चर्चा की गई, जिसमें पत्रकारों ने जनता की चिंताओं और अपेक्षाओं के बारे में बात की। बादम टीम ने इसे नोट किया साथ ही इसकी सराहना की। स्थानीय समाज की अपेक्षाओं पर काफी चर्चा की गई और बादम टीम ने बताया कि वह प्रेस मीट समाप्त हुई। परियोजना प्रमुख ने आश्वासन दिया कि ऐसी बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाएगी।

# बरही के रसोईया धमना मोड पर लग रहे जाम को लेकर प्रशासन मुस्तैद

❍ निर्माण कार्य कर रहें कंपनी के पदाधिकारीयों को बुलाकर दिया निर्देश, कार्य प्रारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही(हजारीबाग):** बरही में लगातार लग रहे जाम को लेकर प्रशासन गंभीर दिख रही है। मंगलवार को रसोईया धमना मोड पर एसडीओ जोहान टुडू, डीएसपी अजीत कुमार बिमल पहुंचे, और जाम लगने के कारण का निरीक्षण किया। इस दौरान सड़क निर्माण कार्य कर रहे कंपनी के कर्मियों व अधिकारियों को भी रसोईया धमना मोड पर बुलाया गया। इस दौरान एसडीओ जोहान टुडू ने



बताया कि रसोईया धमना मोड पर जाम लगने का मुख्य कारण संकीर्ण वन वे रास्ता लग रहा है। रोड निर्माण कार्य कर रहे कंपनी के कर्मचारी व पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि इसका त्वरित हल निकाला जाए। इसके बाद सड़क निर्माण कार्य कर रहे हैं कंपनी के द्वारा पोकलेन मशीन लगाकर कार्य प्रारंभ कर दिया गया। बता दे की रसोईया धमना मोड से 500 मीटर की दूरी पर अंडरपास बनाया जा रहा है, जिसको लेकर मोड के नजदीक से कार्य प्रारंभ करना है। करीब एक साल से वन वे रास्ता कर दिया गया है और कार्य भी बंद पड़ा था। अब प्रशासन के पहल के बाद काम शुरू हुआ है। महाकुंभ के लिए इसी एनएच टु से होकर सभी गाड़ियां गुजरती है, वन वे होने के कारण जाम की स्थिति उत्पन्न होती रहती है। कार्य पूरा होने से जाम से निजात मिलेगी।

# सीबी परियोजना ने 6 दिव्यांगों के बीच मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल का किया वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**केरेडारी :** चट्टीबरियातु कोयला खनन परियोजना ने अपनी सीएसआर गतिविधियों के तहत दिव्यागजनों के बीच ट्राइसाइकिल वितरित की।ट्राइसाइकिल परियोजना से प्रभावित गांवों के पेटो पगार और जोरदाग के विकलांग लाभार्थियों को दी गई। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख नवीन गुप्ता ने लाभार्थियों को इन ट्राइसाइकिल का वितरण किया। इस मौके पर नवीन गुप्ता ने कहा हमारा उद्देश्य विकलांग व्यक्तियों को सशक्त बनाना है ताकि वे अपनी दिनचर्या में स्वतंत्रता से भाग ले सकें। इन ट्राइसाइकिलों के वितरण से गांवों में विकलांग लोगों के लिए यात्रा



और दैनिक गतिविधियों आसान होंगी। जिससे उनका जीवन स्तर बेहतर होगा। श्री गुप्ता ने आगे कहा कि हमारे समाज में विशेष रूप से विकलांग व्यक्तियों को सशक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इस पहल के माध्यम से हम यह सुनिश्चित करना चाहते है कि हमारे परियोजना से प्रभावित गांवों के लोग, विशेषकर विकलांग लोग अपनी दैनिक जीवन गतिविधियों में आत्मनिर्भर बन सकें। ट्राइसाइकिल उनके जीवन में एक नई उम्मीद और स्वतंत्रता लाएगी। इस मौके पर परियोजना से उप महाप्रबंधक बी नवीन कुमार भी मौजूद थे ।

# कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बने सुरजीत नागवाला

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय सिंह यादव ने हजारीबाग निवासी प्रदेश ओबीसी मोर्चा के कांग्रेस के नेता सुरजीत नागवाला को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश




अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अभिलाष साहू ने पत्र देकर जानकारी दी और बधाई दी। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि सुरजीत नाग वाला जैसे युवा के आने से निश्चित ओबीसी प्रदेश कांग्रेस कमेटी मजबूत होगी और ज्यादा से ज्यादा लोग ओबीसी कांग्रेस में जुड़ेंगे। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निरंजन पासवान, राजेश चंद्र राजू, जगदीश साहू,निरंजन पासवान धीरज सिंह, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर , स्टेट कोऑर्डिनेटर मीडिया सेल संजय कुमार, रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष राकेश किरण महतो, कार्यालय सह प्रभारी राजन वर्मा, सुनील राय, स्टेट कोऑर्डिनेटर सेवादल प्रदेश अध्यक्ष नीली नाथन जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, लाल बिहारी सिंह, अजय गुप्ता, गोविंद राम, तारिक रजा, कजरू साव, चंद्र शेखर मिश्रा, मुगेश्वर प्रसाद चौधरी समेत तमाम लोगों ने अपनी ओर से बधाई दी।

# बड़कागांव पुलिस ने किया नशा के धंधेबाजों के खिलाफ करवाई, दो गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** वरीय पुलिस अधिकारियों को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बड़कागांव पुलिस ने ब्राउन शुगर खरीद बिक्री करने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया। बड़कागांव थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सोमवार को बड़कागांव पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि बसेरिया मोहल्ला स्थित नदी के किनारे कुछ लड़कों के द्वारा नशीली पदार्थ एवं ब्राउन शुगर का खरीद बिक्री की जा रही है। इस सूचना पर वरीय पदाधिकारी के आदेशानुसार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी



बड़कागांव के नेतृत्व एवं निर्देशन में एक टीम गठित कर छापामारी किया गया। छापामारी में विशाल सोनी उर्फ छोटू एवं रजनीश सोनी उम्र करीब 28 वर्ष दोनो के पिता स्वर्गीय आदित्य सोनी साकिन बसेरिया मोहल्ला, थाना बड़कागांव जिला हजारीबाग को पकड़ा गया। तलाशी लेने के क्रम मे विशाल सोनी उर्फ छोटू के पास से 5.12 ग्राम ब्राउन सुगर एवं कैस 21120 रुपया एवं रजनीश सोनी के पास से तीन पुड़िया ब्राउन शुगर जिसका वजन 1.13 ग्राम, कुल 6.25 ग्राम ब्राउन शुगर एवं 21120 रुपए नगद बरामद किया गया। इस संबंध में बड़कागांव थाना कांड संख्या 31/25 धारा 21ख/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। गिरफ्तार दोनों प्राथमिक अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। साथ ही इनके दो साथी दर्श महतो एवं बलराम महतो भागे हुए हैं जिसे पुलिस तलाश कर रही है।

# स्व अहसान खान मेमोरियल नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** स्व अहसान खान मेमोरियल नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ इतिहासिक बीएमसी मैदान बादम में हुआ। गोंदलपुरा पंचायत के मुखिया बासुदेव यादव, मुखिया प्रतिनिधि दीपक दास एवं बादाम अंजुमन सदर मो मोकित उल्ला ने संयुक्त रूप से फीता काट कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला गोंदलपुरा और बरतुवा के बीच खेला गया। बरतुवा की टीम का टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी का फैसला गलत साबित हुआ। गोंदलपुरा के ओपनर बल्लेबाज नीतीश रंजन ने



धुंआ धार बल्लेबाजी करते हुए 25 गेंदों में 6 चौका और 7 गगनचुंबी छक्कों के मदद से 71 रन बनाया। गोंदलपुरा की टीम निर्धारित 10 ओवर में सात विकेट खो कर 154 रन बनाया। बरतुवा के तरफ से अजय कुमार तीन ओवर में चौबीस रन देकर 4 विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बरतुवा की संघर्ष करती नजर आई। बरतुवा के तरफ विशाल कुमार को छोड़ कर कोई भी बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सका। विशाल ने 20 गेंदों में 2 चौका और 5 छक्का के मदद से 47 रन बनाया। बरतुवा की टीम 10 में 6 विकेट खो कर मात्र 100 रन ही बना सकी। इस तरह से गोंदलपुरा की टीम 54 रनों से विजय हुआ। गोंदलपुरा के तरफ से संजय ने टीम विकेट और पिंटू ने दो विकेट लिया। मैच में अंपायर की भूमिका शहंशाह खान और आकिब अनवर ने निभाया। मौके पर मुख्य रूप से अध्यक्ष जुबेर खान, उपाध्यक्ष मोदस्सर, खान, शीहान जफर, नौशाद, फैसल, आदिल, अदनान, भास्कर, ताबिश, सब्बू, अलमास, नियाज, जिशान, शानू, आरिज खान, पिंटू खान, प्रकाश राम, सोनू सहित हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद थे।

# टाउन हॉल रामगढ़ में एकदिवसीय सुरक्षित इंटरनेट दिवस सह कार्यशाला कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अनजान लोगों से इंटरनेट के माध्यम से संपर्क में रहना हो सकता है खतरनाक, इंटरनेट का सावधानी के साथ करें उपयोग, उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार**





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मंगलवार को छतरमांडू समाहरणालय स्थित टाउन हॉल में इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के निदेश के आलोक में बेहतर इंटरनेट के लिए एक साथ थीम पर आधारित सुरक्षित इंटरनेट दिवस का जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।सर्वप्रथम उपयुक्त रामगढ़ चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, सयुंक्त निदेशक (आईटी) सह जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी वीरेंद्र प्रसाद,अपर जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी मनीष चाहर, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर,पुलिस उपाधीक्षक (साईबर) चंदन वत्स के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर विद्युत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम के दौरान राधा गोविंद विद्यालय के बच्चों द्वारा इंटरनेट का उपयोग एवं इंटरनेट कितना सुरक्षित है कैसे इसका इस्तेमाल करें इन सब विषयों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान सयुंक्त निदेशक (आईटी) सह जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी बिरेंद्र प्रसाद के द्वारा स्वागत संबोधन किया गया वही उन्होंने आज के युग में दिन प्रतिदिन बढ़ रहे साईबर घटना को ध्यान में रखते हुए साइबर सुरक्षा से सम्बंधित जानकारी दी।कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर सभी शुभकामनाएं देते हुए इंटरनेट के प्रयोग सिर्फ अपनी आवश्यकता अनुसार ही करें अंजन लिंक एवं साइट पर अपना दस्तावेज एवं अन्य जानकारियां साझा करने से साइबर ठगी का हो सकते हैं ।जदीप कुमार राम, ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर , रामगढ़ - सामान्य साइबर धोखाधड़ी से संबंधित पूरी जानकारी। अशिम कुमार महतो , एच ओ डी कंप्यूटर साइंस, रामगढ़ इंजीनियरिंग कॉलेजङ्क इंटरनेट के बारे में विस्तृत जानकारियां। डॉ विश्वजीत कुमार, व्याख्या, राधा गोविन्द विश्वविद्यालय ङ्क ऑनलाइन कार्य के दौरान सुरक्षित तरीका। साइबर पुलिस शाखा , रामगढ़ ङ्क धोखाधड़ी के उपरांत की गतिविधि । साथ ही पूरे कार्यशाला में पूरे एक्सपर्ट दे द्वारा सुक्ष्म से सूक्ष्म जानकारियां दी गई ।कार्यक्रम के दौरान गुरु नानक उच्च विद्यालय, रामगढ़ के विद्यार्थियों के द्वारा साइबर क्राइम एवं सिक्योरिटी से संबंधित एक लघु नाटिका भी प्रस्तुत की गई जो बहुत ही ज्ञानवर्धक और मनोरंजन से भरी थी । दर्शकों ने बच्चों की प्रस्तुति को खूब पसंद किया ।इस कार्यक्रम में डीएवी विद्यालय के विद्यार्थियों ने भी प्रस्तुत की गई कार्यक्रम में साइबर ठगी एवं उसके उपाय के बहुत ही अच्छे तरीके से बताया गया।कार्यक्रम में मंच संचालन करते हुए श्वेता वर्मा के द्वारा किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से एचओडी कंप्यूटर साइंसङ्क रामगढ़ इंजीनियरिंग कॉलेज , सहायक प्रोफेसर- राधा गोबिंद विश्वविद्यालय, रामगढ़, सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर, रामगढ़ , सहित अन्य उपस्थित थे ।

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के कक्षा नौवीं की छात्राओं ने सेफ इंटरनेट दिवस पर कार्यक्रम के आयोजन मे भाग लिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** मंगलवार को श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के कक्षा नौवीं की छात्राओं द्वारा रामगढ़ के टाउनहॉल में सेफ इंटरनेट दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन मे भाग लिया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामगढ़ के ष्ठष्ट श्री चंदन कुमार सहित रामगढ़ के अन्य गणमान्य व्यक्ति थे ।विभिन्न इंटरनेट उपयोगकर्ताओं तथा नागरिकों एवं राजकीय अधिकारियों को सुरक्षित ऑनलाइन प्रथाओं, प्रमुख साइबर खतरों और प्रभावी शमन रणनीतियों के बारे में शिक्षित करना है।÷विश्व सेफर इंटरनेट दिवस÷ मनाने का उद्देश्य आमजन को जागरूक करना कि सुरक्षित इंटरनेट का उपयोग कैसे किया जाय फ्रॉड से स्वयं को सुरक्षित रख सके। विद्यालय की छात्राओं ने लोगों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागृत किया और उन्होंने बताया कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक ना करें।फर्जी साइटों से बचने के लिए सतर्क रहने की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त,जिलाधिकारी ने आम जनता और वहाँ उपस्थित लोगों से इंटरनेट का उपयोग करते समय अन्य महत्वपूर्ण सावधानियाँ बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के लिए सामूहिक प्रयास और जागरूकता अति आवश्यक है। कार्यक्रम में कई अधिकारियों और आम नागरिकों ने भाग लिया और इंटरनेट सुरक्षा पर अपने विचार साझा किए। इस आयोजन का उद्देश्य इंटरनेट उपयोगकर्ताओं में जागरूकता फैलाना और एक सुरक्षित डिजिटल वातावरण की स्थापना में सहयोग करना था।लोगों को बताना था किअपनी व्यक्तिगत जानकारी को फेसबुक या अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर अनावश्यक रूप से साझा करने से बचना चाहिए। प्राचार्य हरजाप सिंह के अनुसार इस तरह के कार्यक्रम में भाग लेने से बच्चों का ज्ञानवर्धन होता है और वह समाज को भी जागरूक बनाते हैं।

## मोबाइल की नहीं, खेल के मैदान की लत लगायें युवा : सुधीर मंगलेश

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दुलमी प्रखंड के सरैया मैदान में सिकनी प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 के सीजन-03 का शुभारंभ हुआ।मुख्य अतिथि के रूप में दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश विशिष्ट अतिथि महताब राही ने



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और फीता काटकर टूर्नामेंट का विधिवत उद्घाटन किया।मुख्य अतिथि सुधीर मंगलेश ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों से न केवल शारीरिक और मानसिक विकास होता है, बल्कि अनुशासन और टीम भावना भी विकसित होती है। टूर्नामेंट में क्षेत्र की कई टीमें भाग ले रही हैं, जिससे दर्शकों को रोमांचक और प्रतिस्पर्धात्मक मुकाबले देखने को मिलेंगे। मौके पर कांग्रेस नेता मोजाहिद अंसारी युगल किशोर महतो रामप्रसाद महतो छोटन कुमार नौशाद अंसारी अशरफ़ अली दानिश राजा व कई खेल-प्रेमी मौजूद थे।

### बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने ग्रामीण विकास विभाग योजना के तहत ग्राम पंचायत इमली ट्री झारखंड चौक में पीसीसी पथ का का किया शिलान्यास

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड सरकार ग्रामीण विकास विभाग डीएमएफटी मद से रामगढ़ जिला के पतरातू प्रखंड ग्राम पंचायत इमली ट्री झारखंड चौक मैं आज बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी के हाथों 77 लाख की लागत से बनने वाले पीसीसी



सड़क का शिलान्यास किया गया है, रोशन लाल चौधरी ने बताया कि आम जनों को पीसीसी सड़क नहीं होने से कई तरह की दिक्कत उठना पड़ता था, जो यहां के आसपास के रहने वाले लोगों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा।

## रामगढ़ पुलिस एवं मुक्ति धाम संस्था ने मिलकर करवाया दाह संस्कार



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ के न्यू कॉलोनी बगीचा स्थित श्रीनिवास चौधरी के आवास में पुष्पा शुक्ला जिनके पति का नाम कुंदन शुक्ला ने लटक कर आत्महत्या कर ली थी। पुष्पा शुक्ला के शव को तीन दिनों तक इंतजार करने के बाद भी लेने के लिए कोई नहीं आया। रामगढ़ पुलिस एवं मुक्ति धाम संस्थान ने सहयोग कर गांधी घाट पर इनका अंतिम संस्कार करवाया। मुक्तिधाम संस्थान ने निःशुल्क जलावन उनके दाह संस्कार के लिए उपलब्ध कराकरआवश्यक सहयोग देकर यह कार्य किया। कमल बगड़िया प्रबंधक , मुक्ति धाम संस्था।

## उरीमारी बिरसा कार्यालय के समीप बाबा तिलका मांझी की 275 वी जयंती मनाई गई

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी के बिरसा परियोजना कार्यालय के समीप बाबा तिलका मांझी चौक स्थित मंगलवार को विस्थापित समिति उरीमारी के द्वारा भारत के स्वतंत्रता सेनानी बाबा



तिलका मांझी कि 275 वी जयंती मनाई गई। जिसका नेतृत्व विस्थापित नेता सह अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम के केन्द्रीय महासचिव दशई मांझी ने किया। वहीं सर्वप्रथम विस्थापित समिति के अगुवा नेता के द्वारा बाबा तिलका मांझी को उनके जयंती पर नमन किया गया और उनके प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित किया गया। वहीं इसके पश्चात विस्थापित समिति व उपस्थित सभी सदस्यों ने संयुक्त रूप से बाबा तिलका मांझी को श्रद्धांजलि अर्पित किया। ब्रिटिश शासन के काला कानून के खिलाफ लड़ते लड़ते शहीद हो गए तथा भारत कि आजादी कि लड़ाई लड़ने वालो में प्रथम स्वतंत्रता सेनानी बनने का गौरव हासिल किया। वहीं इस मौके पर दिनेश करमाली,कार्तिक मांझी,सुखु मांझी,सुरेश मुर्मु,जुगल करमाली,खेपन मांझी,भवानी शंकर प्रसाद,तालों हांसदा, शिकारी टुडू,परमेश्वर सोरेन, मनोज सिंह,बिनोद सोरेन,भादो करमाली,राजू पावरीया,शुशील सोरेन,अनिल मुर्मू,अजाद मुर्मू, सोमरा पवारीया,सुबीतराम किस्कू,सत्यनारायण बेदिया,धनलाल बेदिया,फुलचंद बेदिया,सहदेव मांझी, सुरेश प्रजापति,खेमलाल बेसरा,बिजय पावरीया,विजय हांसदा,अजय साव, दिनेश टुडू,बुधन करमाली, शिव करमाली,बब्लू मांझी,पुरन टुडू,महाबीर मांझी,सुरेन्द्र करमाली,रमेश मांझी,दिपक हेम्ब्रोम,नरेश पावरीया,राजेश साव आदि लोग मौजूद थे।

## फाइलेरिया रोधी दवा लोगों को खिलाया जा रहा है

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भुरकुंडा पंचायत के सभी वार्ड क्षेत्र में स्वास्थ्य कर्मी आंगनवाड़ी सेविका के द्वारा डोर टू डोर घर घर जाकर फाइलेरिया रोधी दवा लोगों को खिलाया जा रहा है एवं सभी लोगों को फाइलेरिया मुक्त पंचायत बनाने का जागरूकता किया जा रहा यह कार्यक्रम



10 फरवरी से 25 फरवरी 2025 तक फाइलेरिया रोधी दवा स्वास्थ्यकर्मी और आंगनबाड़ी सेविकाओं के द्वारा निशुल्क खिलाई जा रही है वहीं भुरकुंडा पंचायत मुखिया अजय पासवान ने सभी क्षेत्र वासियों से अपील किया है आइए, हम सब मिलकर अपने पूरे पंचायत को फाइलेरिया मुक्त बनाने में सहयोग करें फाइलेरिया रोधी दवा अवश्य खाएं स्वास्थ्यकर्मी के समक्ष ही दवा का सेवन करें इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आंगनबाड़ी सेविका सुमित्रा देवी ,अंजली हालदार, मंजू देवी,मानती देवी, पुष्पा पासवान, मिताली बोस, शोभा देवी, अंजली देवी मंजू देवी, रीता देवी, अमूल्य एक्का, लगी हुई है।

# अनमोल बचपन स्कूल मे वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** भुरकुंडा पटेल नगर स्थित एसएससी कैंपस में अनमोल बचपन प्ले स्कूल के द्वारा 5th वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन धूमधाम से किया गया इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में बड़कागांव विधानसभा के विधायक रोशन लाल चौधरी के द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया और कार्यक्रम की शुरुआत की गई उससे पहले मुख्य अतिथि रोशन लाल चौधरी को बुके संस्था की शिक्षिका अनमोल बचपन प्ले स्कूल के सभी टीचर्स के द्वारा बुके देकर सम्मानित किया गया। कि आने वाले समय में यह स्कूल दिन प्रतिदिन एक अलग पहचान बनाएं और कोयलांचल जैसे जगह में शिक्षा का दीप जालना एक बहुत बड़ा संघर्ष हैमंच पर मुख्य अतिथि रोशन लाल चौधरी सतीश मोहन मिश्रा के साथ अनमोल बचपन प्ले स्कूल के निदेशक के पिता श्री हरिवंश सिंह बड़े



भाई श्री प्रमोद सिंह रामकिशन तुरी अमरेश सिंह राजन पांडे योगेश दागी उपस्थित थे। नन्हे मुन्ने सितारों के द्वारा मुख्य अतिथि को परेड के माध्यम से मंच पर लाया गया और नन्हे मुन्ने सितारों ने रंगारंग कार्यक्रम करके कार्यक्रम की शुरुआत की खेलकूद प्रतियोगिता में नर्सरी क्लास के लिए बैलून गेम प्रथम स्थान प्रज्ञान कुमार द्वितीय स्थान वंश कुमार और तृतीय स्थान नित्यांश कुमार चेयर गेम प्रथम स्थान राजदीप कुमार द्वितीय स्थान सक्षम कुमार और तृतीय स्थान पंखुड़ी कुमारी बोतल गेम में प्रथम स्थान शिवम कुमार द्वितीय स्थान रोहन कुमार तृतीय स्थान वेदांशु कुमार ब्रेड और जैम गेम में प्रथम स्थान अंकित कुमार द्वितीय स्थान सत्यम कुमार प्रीति स्थान ध्रुव कुमार बाइक पैकिंग गेम में प्रथम स्थान गौरव कुमार द्वितीय स्थान स्वीटी कुमारी तृतीय स्थान अभिमन्यु कुमार यादव कॉफी गेम में प्रथम स्थान आस्था कुमारी द्वितीय स्थान रिया कुमारी तृतीय स्थान किट्टू कुमार सुई धागा गेम में प्रथम स्थान अंश ठाकुर द्वितीय स्थान संध्या कुमारी तृतीय स्थान मानवी कुमारी जूस गेम में प्रथम स्थान अक्षिता कुमारी मोहित कुमार और शिवम कुमार रहेबिस्किट गेम में प्रथम स्थान अक्षिता कुमारी पीयूष कुमार परी कुमारी स्पून और काफी गेम में प्रथम स्थान सृष्टि कुमारी द्वितीय स्थान रिया कुमारी तृतीय स्थान मानवी कुमारी इसके साथ-साथ पैरेंट्स के लिए गेम कराया गया उसमें प्रथम स्थान भूमि कुमारी द्वितीय स्थान अंश ठाकुर और तृतीय स्थान आराध्या कुमारी रही पजल गेम प्रथम स्थान सत्यम कुमार द्वितीय स्थान नीतीश कुमार और तृतीय स्थान आराध्या कुमारी रहीसभी विजेता प्रतिभागी को मुख्य अतिथि के द्वारा मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनमोल बचपन प्ले स्कूल की शिक्षिका भूमि कुमारी दिव्या कुमारी उर्मिला कुमारी नमिता कुमारी नैना कुमारी तारा कुमारी निधि सिंह सुशीला एंथोनी पूर्णिमा कुमारी अंजना कुमारी संजना कुमारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा

## आगामी 25 मार्च को श्री रामनवमी शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** आगामी 25 मार्च, दिन मंगलवार, को सुबह 11 बजे, रामनवमी के पावन अवसर पर समस्त सनातनी हिंदू परिवार के बैनर तले भव्य श्री रामनवमी शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह शोभायात्रा रामनवमी मैदान, लक्ष्मी टॉकीज, भुरकुंडा से प्रारंभ होकर थाना ग्राउंड, भुरकुंडा तक जाएगी। इस शोभायात्रा को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए, कोयलालचल की सभी समितियों, अखाड़ों तथा समस्त हिंदू परिवारों ने एकजुट होकर कोयलांचल को भगवामय बनाने का संकल्प लिया है।बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और भव्य शोभायात्रा के माध्यम से हम श्रीराम के आदर्शों को फैलाएंगे और हर एक हिंदू परिवार को इस आयोजन में शामिल होने के लिए प्रेरित करेंगे। इस यात्रा के दौरान भगवान श्रीराम के जयकारों से पूरे क्षेत्र को गूंजायमान किया जाएगा, जिससे सभी श्रद्धालु इस दिव्य अवसर का लाभ उठा सकेंगे। सभी श्रद्धालु और भक्तजन इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लें, ताकि यह शोभायात्रा और भी भव्य एवं ऐतिहासिक बने और कोयलांचल में राम नाम का गुंजायमान हो।

# स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ समीक्षा बैठक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर मंगलवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।इस दौरान सर्वप्रथम सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को स्वास्थ्य विभाग की पूर्व में हुई समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी दी गई जिसके उपरांत उपायुक्त ने आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों को मिल रहे लाभ की समीक्षा के क्रम में सिविल सर्जन सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देने एवं प्रभावी तरीके से आयुष्मान भारत योजना का संचालन करते हुए प्रत्येक योग्य मरीज को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। उउपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं में हाई रिस्क प्रेगनेंसी के मामलों की पहचान प्रसव पूर्व जांच के दौरान विशेष ध्यान देते हुए सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित अन्य सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों आदि में 24म7 आकस्मिक सेवाएं, प्रसव आदि हेतु चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की पर्याप्त उपलब्धता



सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।कुपोषित बच्चों के इलाज हेतु उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने वर्तमान में एमटीसी केंद्र के माध्यम से कुपोषित बच्चों के इलाज की केंद्रवार जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने केंद्र का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने तथा समाज कल्याण विभाग से समन्वय करते हुए कुपोषित बच्चों का इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, स्वास्थ्य केंद्रों आदि में मरीजों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर चर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान सिविल सर्जन, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारियों, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

# भाजपा जिला कार्यालय में पण्डित दीनदयाल उपाध्याय को याद किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** प्रखर राष्ट्रवादी विचारक , अंत्योदय एवं एकात्म मानववा के प्रणेता श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उपस्थित भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया। हजारीबाग और रामगढ़ के संयुक्त जिला के जिला अध्यक्ष रहे वरिष्ठ भाजपा नेता रणजीत सिन्हा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते उनके जीवन के बारे में बताया। करोड़ों भारतीय जनता पार्टी के प्रेरणा पुंज प्रखर वक्ता और कुशल संगठनकर्ता राजनेता पण्डित दीनदयाल उपाध्याय राजनीति में अपने विचार से विरोधियों को अचरज में डालने वाले बहुत कम समय में जनसंघ को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित कर अपनी संगठन क्षमता का लोहा मनवाया। उनका रहस्यम निधन देश और राष्ट्रवाद के लिए बहुत बड़ी क्षति हुई। आज उनके ही नीति और संगठनात्मक रचना ,एकात्म मानववाद और अंत्योदय को लेकर ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाया है। मौके पर जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी, राजू कुशवाहा, राजीव पामदत्त विनोद प्रसाद मंडल अध्यक्ष मनोज गिरि संजय साह लक्ष्मी पांडा और महिला नेत्री सुनीता देवी ने भी



पुष्प अर्पित कर अपना श्रद्धा सुमन निवेदित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता और धन्यवाद ज्ञापन राजू कुशवाहा तथा संचालन मनोज गिरी द्वारा किया गया। समर्पण दिवस पर आज भाजपा जिला कार्यालय हाथीमारा में शाम 3ः00 बजे नमन निवेदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश कार्य समिति सदस्यगण,प्रदेश मोर्चा पदाधिकारीगण,पूर्व जिलाअध्यक्षगण, जिला मण्डल के वरिष्ठ नेतागण ,जिला पदाधिकारी, मोर्चा जिलाअध्यक्ष/ जेष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दयाल स्टील लिमिटेड के मजदूरों की समस्या को लेकर प्रतिनिधि मंडल जेएलकेएम के पदाधिकारी के समक्ष अपनी बात रखी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** मंगलवार को दयाल स्टील लिमिटेड - चाहा, रामगढ़ के मजदूरों की एक अति आवश्यक महत्वपूर्ण बैठक सरना स्कूल के समीप संपन्न हुई! बैठक की अध्यक्षता झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के नगर अध्यक्ष पवन कुमार महतो तथा संचालन महिला मोर्चा अध्यक्ष जयंती देवी के द्वारा किया गया! इस बैठक में निम्न समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई! जिसमे मुख्यत् कर्मचारियों को पहचान पत्र दिया जाए ! मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी दिए जाने के संबंध में,! मजदूरों को सुरक्षा उपकरण हेलमेट, जूता, ग्लव्स, जैकेट आदि सुरक्षा मानकों के आधार पर दिया जाए ! रिटायरमेंट सुविधा अंतर्गत सभी प्रकार के ग्रेच्युटी ,पेंशन, उम्र निर्धारण आदि सुनिश्चित किया जाए! नये कर्मचारियों को न्यूनतम मजदूरी सुनिश्चित किया जाए! रविवार आदि छुट्टी सुविधा बहाल हो! बैठक में दयाल स्टील लिमिटेड के मजदूरों की विभिन्न समस्याओं की चर्चा करने के लिए प्रतिनिधि मंडल के रूप में इम्तियाज अंसारी, ईश्वर कुमार, दिलेश्वर ठाकुर ,किशोर ठाकुर, साहिल अंसारी ,वासुदेव महतो, भुनेश्वर साव, फारूक अंसारी, सिद्धू बेदिया, चुन्नीलाल महतो आदि शामिल हुए ! जिन्होंने जेएलकेएम के समक्ष अपनी समस्याएं बताई एवं समाधान का आग्रह किये! इस बैठक में मुख्य रूप से संतोष महतो ,पवन महतो, संजय महतो के अलावा दर्जनों लोगों उपस्थित थे ।

## दीनदयाल उपाध्याय ने सनातन विचारधारा को युगानुकुल रूप में एकात्म मानववाद कि विचारधारा दी-रौशनलाल चौधरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** भुरकुंडा के जवाहर नगर स्थित भुरकुंडा मंडल के द्वारा संपूर्ण जीवन राष्ट्रीय एकात्मक को समर्पित करने वाले अंतोदय के उपासक पंडित दीनदयाल उपाध्याय कि पुण्यतिथि मनाई गई। वहीं इस पुण्यतिथि कार्यक्रम में भाजपा बड़कागांव विधानसभा विधायक रौशनलाल चौधरी शामिल हुए। वहीं सर्वप्रथम विधायक रौशनलाल चौधरी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय कि चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किये। वहीं विधायक रौशनलाल चौधरी ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय जनसंघ के राष्ट्रजीवन दर्शन के निर्माता माने जाते हैं। उनका उद्देश्य स्वतंत्रता की पुनर्रचना के प्रयासों के लिए विशुद्ध भारतीय तत्व-दृष्टि प्रदान करना था। उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए एकात्म मानववाद की विचारधारा दी। उन्हें जनसंघ की आर्थिक नीति का रचनाकार माना जाता है। उनका विचार था कि आर्थिक विकास का मुख्य उद्देश्य सामान्य मानव का सुख है। वहीं इस मौके पर भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा,ओबीसी मोर्चा के पुर्वी प्रमंडल प्रभारी योगेश दांगी, मुखिया अजय पासवान,संजीव बाब्ला,अशोक सोनी, मिंटू सोनी,अभिषेक मिश्रा, अशोक,आकाश साहू,राकेश,राजन पांडे, कमलेश सिन्हा आदि लोग मौजूद थे।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/अभियांत्रिकी, दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर खुली निविदा के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है, और प्राप्त ऐसे किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को नज़रअंदाज़ कर दिया जाएगा। **निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-साउथ-24-25-51, दिनांक: 10.02.2025। कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/दक्षिण/चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन झींकपानी-तालाबुरु खंड के बीच बड़ाजामदा जंक्शन-गुआ टीआरआर- (पी)-4.500 टीकिमी., पदापहाड़-बोलानीखदान- टीआरआर (पी)-5.500 टीकिमी. तथा पदापहाड़-नयागढ़- टीआरआर (पी)-28.112 टीकिमी. एवं किमी. 331.00-332.595 पर अप लाइन पर 1.595 ट्रैक्शन किमी. के लिए पीएससी-14 स्लीपर पर बिछे हुए वर्तमान 60 किग्रा. 90 यूटीएस रेल का नए 60 किग्रा. 90 यूटीएस/आर260 रेल (एलडब्ल्यूआर) द्वारा टीएफआर सहित सम्पूर्ण रेल नवीकरण (प्राथमिक)। **निविदा मूल्य:** ₹ 3,51,31,596। **बयाना राशि:** ₹ 3,25,700। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** ₹ 0। **खुलने की तारीख:** 04.03.2025। निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदादाता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे। **द्रष्टव्य:** ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदादाताओं को निःशुल्क जारी किये जायेंगे (प्राधिकारी - रेलवे बोर्ड की पत्र संख्या 2020/सीई-I/सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी दिनांक 16.07.2020)। **(PR-1123)**



**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा नोटिस**

**सं०– 47 ऑफ 2024–25/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।

**1. निविदा सं० –03–डीडीयू–व०मं०इंजी०–सी –24–25**
**(i) कार्य का नाम एवं लोकेशन:** नबीनगर रोड साइडिंग के लिए बीजी रेलवे ट्रेक के लिए नवीनतम सुधार पर्चियों सहित ट्रैक गिट्टी, आई०एस० /आर०डी०एस०ओ०–जीई/0001:2023, फरवरी 2023 के लिए आर०डी०एस०ओ० के विनिर्देशों की पुष्टि करने वाली 60000 धन मी० 50 मिमी आकार की मशीन करस्ड ट्रैक गिट्टी की आपूर्ति और स्टैकिंग और इसे बोबीएन/ओपन वैगन में लोड करना।, **(ii) कार्य का अनुमानित लागत :** रू० 115736400.00, **(iii) धरोहर राशि:** रू० 728700.00

**2. निविदा सं० –30–डीडीयू–व०मं०इंजी०– II –24–25**
**(i) कार्य का नाम एवं लोकेशन:** निविदा सं० –30–डीडीयू–व०मं०इंजी०– II –24–25, वरीय मंडल इंजीनियर/ II/डीडीयू के अधीन ट्रैक संबंधित कार्यों के लिए 60kg/60E1, R260, ग्रेड रेलों के लिए 60kg/60E1, R260 रेल ज्वाईन्ट एल्युमिनियम थर्मीट वेल्डिंग एटी वेल्डिंग पोंशन की आपूर्ति और पर्यवेक्षण।, **(ii) कार्य का अनुमानित लागत :** रू० 5679657.75, **(iii) धरोहर राशि:** रू० 113600.00

**3. ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 03.03.2025 को 12:00 बजे तक, **4. वेबसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in**
**नोट: विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।**

मंडल रेल प्रबंधक
पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/02081/डीडीयू/ईएनजीजी/टी/24–25/48

## ट्रांजिट शाखा के प्रधान लिपिक के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय के पारनयन (ट्रांजिट) शाखा के प्रधान लिपिक स्वर्गीय कृष्णेंदु चौधरी के निधन पर मंगलवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। साथ ही ईश्वर से शोक संतप्त परिवार को इस अपूर्णीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई।ज्ञात हो कि स्वर्गीय कृष्णेंदु चौधरी पिछले कुछ दिनों से बीमार थे। ईलाज के दौरान 9 फरवरी 2025 को सीएमसी वेल्लोर में उनका आकस्मिक निधन हो गया। स्वर्गीय कृष्णेंदु चौधरी को श्रद्धांजलि देते हुए उपायुक्त ने कहा कि वह एक कर्मठ, अनुशासन प्रिय एवं व्यवहार कुशल प्रधान लिपिक थे। सभी पदाधिकारी एवं सहकर्मियों के साथ उनका संबंध बहुत ही अच्छा था।शोक सभा में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, एनडीसी दीपक कुमार दुबे, कार्यपालक दंडाधिकारी नारायण राम, रविन्द्र कुमार ठाकुर, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक के अलावा सभी कार्यालय के प्रधान लिपिक व कर्मचारी उपस्थित थे।

## अजीत रंजन बर्धन बने सतर्कता आयुक्त

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स) आईआईटी आईएसएम को गर्व है कि इसके प्रतिष्ठित पूर्व छात्र अजीत रंजन बर्धन को पश्चिम बंगाल के सतर्कता आयुक्त के रूप में नियुक्त किया गया है। श्री बर्धन जो आईआईटी आईएसएम के पूर्व छात्र हैं, ने 1986 में अप्लाइड जियोलॉजी में अपनी डिग्री पूरी की और 1987 में मिनरल एक्सप्लोरेशन में एम.टेक किया। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1989 बैच के एक प्रतिष्ठित अधिकारी, उन्हें हाल ही में पश्चिम बंगाल कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार इस उच्च पद पर नियुक्त किया गया है। इस पद पर उनका कार्यकाल पांच वर्षों तक रहेगा।

## हर्ल सिंदरी ने 100 दिन यक्ष्मा कैंपेनिंग के तहत लगाया शिविर

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हर्ल सिंदरी के द्वारा 100 दिन यक्ष्मा कैम्पेनिंग के तहत शिविर लगाया गया। जिसमें हर्ल के पदाधिकारी, कर्मचारी एवं मजदूर उपस्थित हुए जिसमें 50 मजदूर का टीवी स्क्रीनिंग किया गया। साथ में शपथ लिया गया कि अपने जीवन काल में क्षय रोग समाप्त करने, टीवी को स्वयं एवं अपने परिवार अपने सहकर्मी और पड़ोसी को बचाने लोगों को खांसने के तरीका का पालन करने के लिए प्रेरित करने तथा अपने गांव, प्रखंड, अपने जिला अपने राज्य एवं अपने देश को टीवी मुक्त बनाने की शपथ दिलाया गया जिसमें डब्ल्यूएचओ डाक्टर बी. सुदर्शन, डाउट प्लस सुपरवाइजर सह चेयरमैन भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी कौशलेंद्र कुमार सिंह, एस टी एल एस नौशाद आलम, टी वी एच वी तनवीर आलम तथा हर्ल के प्लांट मैनेजर सुरेश प्रमाणिक, चिकित्सक डॉक्टर जयेश प्रसाद समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए। शिविर का उद्घाटन हर्ल के परियोजना प्रमुख सुरेश प्रमाणिक, डॉक्टर बी सुदर्शन एवं भारतीय रेड क्रॉस समिति के चेयरमैन कौशलेंद्र कुमार सिंह के द्वारा किया गया।

## 1 लाख 57 हजार 720 लोगों को खिलाई फाइलेरिया की दवा

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सोमवार से शुरू हुए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम के पहले दिन जिले के 1 लाख 57 हजार 720 लोगों को गोली खिलाई गई। इसमें गोविंदपुर में 2982, टुंडी 22112, बाघमारा 33848, तोपचांची में 5984, धनबाद 44760, झरिया 21884, बलियापुर 13361 एवं निरसा प्रखंड में 12789 लोगों को फाइलेरिया से बचने के लिए गोली खिलाई गई। वहीं 11 से 25 फरवरी तक दवा प्रशासक द्वारा घर-घर जाकर छुटे हुए लोगों को अपने सामने डीईसी एवं एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने धनबाद को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए जिले वासियों से दवा प्रशासक को सहयोग करने और जरूर दवा लेने की अपील की है।

## उदय एवं दिलीप ने की पूर्व मुख्यमंत्री से औपचारिक भेंट

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को समाजसेवी उदय प्रताप सिंह व युवा संघर्ष मोर्चा के संस्थापक दिलीप सिंह ने भाजपा के पूर्व एवं प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से औपचारिक मुलाकात की तथा उन्हें पुष्प गुच्छ देकर व अंग वस्त्र ओढ़ा कर सम्मानित किया। साथ ही झारखंड की वर्तमान राजनीति पर चर्चा किया गया। भाजपा को झारखंड में और मजबूत बनाने की रणनीति तय की गई। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मंडी के साथ मुलाकात में हर्ष सिंह, सरोज सिंह, शिव शंकर सिंह, सरवन राय, ऋषि हेलीवाल, राजा तिवारी, अजय पांडे आदि साथ थे।

## न्यू एंजेल्स होम स्कूल में दसवीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** डिगवाडीह स्थित न्यू एंजेल्स होम स्कूल में कक्षा दसवीं के बच्चों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। स्कूल के निदेशक मोहम्मद परवेज अख्तर ने सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना दिए। प्राचार्य मोहम्मद आफताब आलम ने सभी बच्चों को परीक्षा के अंतिम समय में संयम रख कर सिलेबस को रिवाइज करने की सलाह देते हुए कहा जिस तरह माली एक छोटे पौधे की देखभाल अपने बच्चे की तरह करता है और उसे बढ़ाते हुए देखता है, शिक्षक भी अपने बच्चों का भरण पोषण उसी प्रकार करता है और अब उनके फलने फूलने का समय आ गया है। अब यह बच्चे अपने काबिलियत की खुशबू पूरे जग में बिखेरने के लिए तैयार हैं। इस समारोह में बिदाई



के साथ 127 बच्चों को सम्मानित किया गया। छोटे छोटे बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजीव कुमार, जैनब, सगीर, साइमा, उत्तम कुमार, इफ्तेखार, संजय कुमार, कावेरी प्रसाद, सोनू कुमार, विकास प्रसाद, सुमित समेत सभी शिक्षक गण उपस्थित थे।


### झारखण्ड सरकार
### श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
### प्राचार्य का कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हजारीबाग

**रोजगार मेला (कैम्पस प्लेसमेन्ट) संबंधित सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि दिनांक–19/02/2025 को पूर्वाहन् 10.00 बजे से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हजारीबाग में सभी सरकारी/निजी आई0टी0आई0 के प्रशिक्षणरत एवं उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों का रोजगार मेला (कैम्पस प्लेसमेन्ट) का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें इच्छुक अभ्यर्थी कैम्पस में भाग लेने से पूर्व QR Code द्वारा अपना पंजीयन कराना सुनिश्चित के उपरान्त निम्नलिखित प्रमाण पत्र के साथ इस रोजगार मेला (कैम्पस प्लेसमेन्ट) में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

1. सभी शैक्षणिक एवं तकनिकी प्रमाण पत्र।
2. आधार कार्ड, मोबाईल नम्बर, ईमेल आई0डी0 एवं फोटो।

ह0/–
प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हजारीबाग

PR 346253 (Labour Employment and Traning)24-25*D



### झारखण्ड सरकार योजना एवं विकास विभाग अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय
योजना भवन, द्वितीय तल, झारखण्ड मंत्रालय नेपाल हाऊस,परिसर डोरण्डा, राँची–834002, झारखण्ड,
E-Mail- dsejharkhand@gmail.com & Website-desjharkhand.nic.in
संचिका सं0 –08/GSDP/STAT-09/2024

**ई निविदा**

अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, योजना एवं विकास विभाग, योजना भवन, नेपाल हाऊस, डोरण्डा, राँची के द्वारा ''झारखण्ड राज्य के सकल घरेलू उत्पाद अनुमान वर्श 2011–12 से वर्ष 2023–24(अ)'' का प्रकाशन वित्तीय वर्श 2024–25 में किया जाना है। उक्त पुस्तिका के मुद्रण हेतु निम्न मापदण्ड को निर्धारित किया गया है:–

| Sl.No. | | |
|---|---|---|
| 1. | Size | ¼ Dimy |
| 2. | Black &White text, 100 GSM Art Paper | 53 Page |
| 3. | Book cover Page, 300GSM Multicolor With Lamination Glue Binding | 4 Page |
| 4. | Multicolor Text 100GSM Art Paper | 62Page |
| 5. | Quantity | 500 |

इच्छुक मुद्रणकर्त्ता उपरोक्त विवरण के अनुरूप दिनांक 20.02.2025 के अपराहण 05.00 बजे तक सील बन्द लिफाफे में निविदा अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, योजना भवन, द्वितीय तल, कमरा न0– 219 में जमा कर सकते हैं। दिनांक 21.02.2025 के अपराहण 2.00 बजे कक्ष न0 219 में इच्छुक प्रतिष्ठान के स्वयं या उनके अधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में निविदा निस्तारण समिति के समक्ष खोला जायेगा।

सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी
अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय,झारखण्ड

PR 346279 Planning and Development(24-25)D



### e-Procurement Cell
### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION NO. – 02, RANCHI
**(Behind State Guest House Morhabadi) Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008**

**RATE PURPOSE ONLY (2nd Call)**
**Quotation Reference No : BCD/Bld. Div.No.- 02 Ranchi - 14/2024-25**

Sealed Quotations are invited for the work **Proposed LED Video Wall Display Installation and Stage Constructions Work in APJ Abdul Kalam Auditorium of Judicial Academy at Dhurwa, Ranchi.** for all Materials from Reputed Shop Keepers/Manufacturers/Suppliers/ Retailers/ Distributors and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

**Terms and Condition**
1. The quotationer shall furnish Pan,GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason there of.

नोट :–
(1) वेबसाईट में ई–कोटेशन प्रकाशन की तिथि : 19.02.2025 के अपराह्न 3:00 बजे।
(2) वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि : 27.02.2025 के अपराह्न 3:00 बजे तक।
(3) ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय 28.02.2025 अपराह्न 3:30 बजे।
(4) ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–02, राँची।
(5) ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 : 7992430721
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

**Nodal Officer,**
**e-Procurement Cell,**
**Office of the Executive Engineer**
**Building Construction Department,**
**Building Division No.-02, Ranchi**

PR.NO.346280 Building(24-25):D



### वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची

**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**

उपरोक्त डोरण्डा थाना काण्ड सं0-164/2019, दिनांक–21.05.2019 धारा–363/366ए/376ए/506/34 भा0द0वि0 एवं 04/08 पोक्सो एक्ट के प्राथमिक अभियुक्त अंजू होरो, पति–बिरजू उर्फ संजय पाण्डेय, पता–कुसई कॉलोनी, क्वाटर नं0–16 के पास, थाना–डोरण्डा, जिला–राँची का द0प्र0सं0 की धारा–82 के अन्तर्गत माननीय न्यायालय से इस्तेहार निर्गत किया गया है।

**Court of Sri Asif Equbal AJCIV Cum spl. Judge Pocso Ranchi**
Schedule XLIII-High court(M) 31C, [Old Criminal Process No. 4]
PROCLAMATION REQUIRIND THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED
[Form No. 4 Schedule II Act 2 1974]

**डोरण्डा थाना काण्ड सं0-164/2019**
(Section 82 of the Code of Criminal Procedure.) process 82 crpc

1. नाम व शिाल पता — चूंकि मेरे पास नालिश की गई है(1)
**अंजू होरो, पति–बिरजू उर्फ संजय पाण्डेय, पता–कुसई कॉलोनी, क्वाटर नं0–16 के पास, थाना–डोरण्डा, जिला–राँची**
2. किया है या करने का उस पर **शुवहा है।** — **जो व–मुजिब दफा मजमूअए तावीरात हिन्द** के सजा के लायक है (2) **डोरण्डा थाना काण्ड सं0-164/2019, दिनांक–21.05.2019 धारा–363/366ए/376ए/506/34 भा0द0वि0 एवं 04/08 पोक्सो एक्ट**
3. नाम **अंजू होरो, पति–बिरजू उर्फ संजय पाण्डेय, पता–कुसई कॉलोनी, क्वाटर नं0–16 के पास, थाना–डोरण्डा, जिला–राँची** और व–तामील वारन्ट गिरफ्तारी जो बाद अर्जा जारी हुआ वा यह कैफियत दी गई है कि **(3) वर्तमान थाना–डोरण्डा, जिला–रॉंची**
जब
4. फरार हुआ है या रूपोश है ताके वारन्ट मजकुर उसपर जरी न हो सके। — पाये नहीं जाते है और चूंकि ब–तशफ्फी हमारे साबित किया गया है कि (3) जब
5. मोकाम। **कुसई कॉलोनी, क्वाटर नं0–16 के पास, थाना–डोरण्डा, जिला–राँची** — **फरार मजकुर इसलिए** बजरिये इस के इश्तिहार दिया जाता है कि **धारा–363/366ए/376ए/506/34 भा0द0वि0 एवं 04/08 पोक्सो एक्ट**
मजकुर साकिन — ब–मोकाम(5)
6. इस अदालतव रूबरू मेरे। — अ–हजुर(6)

**ब–तारीख 18 माह 02 नालिश–मजकुर** करे जवाब देही के लिए हाजिर हो
**आज तारीख 18 माह 01 सन् 2025**

**Sd. Sri Asif Equbal AJCIV Cum spl. Judge Pocso Ranchi**

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि प्राथमिक अभियुक्त अंजू होरो, कहीं मिलते/दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय/ **Sri Asif Equbal AJCIV Cum spl. Judge Pocso Ranchi** के न्यायालय में इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें
पुलिस उपाधीक्षक, हटिया, राँची। – 9431706143
थाना प्रभारी, डोरण्डा, रॉंची। – 9431706168

पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–
वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची।

PR.NO.346293 Police(24-25):D



### कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा

**मत्स्य कृषकों के लिए अति अल्पकालीन आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना अन्तर्गत तालाबों में मत्स्य पालन से आच्छादन के लिए प्रकाशित विज्ञापन PR 326566 Fish (24-25) D के द्वारा दिनांक 01.07.2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित की गई थी। इस योजना के तहत् प्रति एकड़ जलक्षेत्र के लिए 1875/–रू0 मत्स्य अंगुलिका के लिए अनुदान देय है। परन्तु अभी तक कार्यालय को किन्ही मत्स्य कृषकों के द्वारा आवेदन प्राप्त नहीं हुए है। उक्त योजना की अवधि विस्तार करते हुए इच्छुक मत्स्य कृषकों से दिनांक 19.02.2025 तक आवेदन आमंत्रित की जाती है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 346309 Fish (24-25)_D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

**शुद्धि–पत्र**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के अन्तर्गत जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद के तहत् ई–अतिअल्पकालीन् निविदा संख्या– **23/2024-25/RWD/CHATRA**, दिनांक– 05.10.2024, जिसके अनुसार निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि – 17.02.2025 (शुद्धि–पत्र के अनुसार) है, जिसका **P.R. No.** 338204 **Rural Work Department(**24–24)**_D** है, उसमें निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :–

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 08.02.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 16.02.2025 पूर्वाह्न 9.00 बजे तक।
3. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 17.02.2025 अपराह्न 03.30 बजे।
4. अन्य शर्त्तें यथावत् रहेंगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, चतरा।

PR 346299 Rural Work Department(24-25)D



### झारखण्ड शिक्षा परियोजना, रामगढ़
### राजकीय बुनियादी विद्यालय परिसर, गोला रोड़, रामगढ़ कैंट
ई मेल :– ssa_ramgarh@rediffmail.com

**आम सूचना**

ऐसी सूचना प्राप्त हो रही है कि निदेशक, डिजिटल साक्षरता अभियान, ललित फाउण्डेशन, राँची के द्वारा द्वारा विभागीय जाली सरकारी पत्र (पत्रांक–1702, दिनांक 25.09.2024) अधोहस्ताक्षरी को प्राप्त हुआ है। उक्त संगठन ने कथित रूप से जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह– जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान, कार्यालय का एक फर्जी पत्र निर्गत करके क्षेत्र में कक्षा 5 से 8 तक सभी बच्चों को कम्प्यूटर के माध्यम से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से संबंधित निःशुल्क शिक्षा देने संबंधी निर्गत है। विभाग स्तर से ऐसा कोई भी पत्र निर्गत नहीं किया गया है।

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि ललित फाण्डेशन, राँची के द्वारा क्षेत्र में दिखाये जा रहे उक्त पत्र फर्जी है। डिजीटल साक्षरता अभियान, ललित फाउण्डेशन, राँची से विभागीय कोई संबंध नहीं है। इसलिए आप सभों से अपील है कि इस तरह के फर्जी गतिविधियों से सावधान रहें।

ह०/–
जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, रामगढ़

PR 346241 District (24-25)#D



### झारखण्ड सरकार, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग
**(उप निदेशक कल्याण, कार्यालय, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, राँची)**

**प्रवेश परीक्षा/ नामांकन सबंधी सूचना**
वर्ष–2025–2026

दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित निम्न एकलव्य मॉडल आवासीय उच्च विधालय, आश्रम उच्च विधालय, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन–जाति, पिछड़ी जाति आवासीय विद्यालय में वर्ष 2025–2026 के रिक्ति के अनुसार वर्ग शष्ठम, सप्तम एंव अष्टम (वर्ग 6,7,8) में नामांकन हेतु इच्छुक छात्र/छात्राओं से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र 28–02–2025 तक आमंत्रित किये जाते हैं।

दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल अन्तर्गत संचालित विद्यालय

| क्र0 | जिला | विद्यालय का नाम | कक्षा | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सिमडेगा | एकलव्य मॉडल आवासीय विधालय, गरजा सिमडेगा। | 60 | 60 | 60 |
| 2 | सिमडेगा | एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बंसजोड़, सिमडेगा | 60 | 60 | 60 |
| 3 | सिमडेगा | एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, पाकड़टाड़, सिमडेगा | 60 | 60 | 60 |
| 4 | खूँटी | एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, रेवा, खूँटी | 30/30 | 16/08 | 20/15 |
| 5 | खुँटी | एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, मुरहु, खूँटी | 30/30 | 30/30 | 30/30 |
| 6 | खुँटी | एकलव्य मॉडल आवासीय विधालय. कर्रा, खुँटी। | 30/30 | 18/22 | 23/21 |
| 7 | लोहरदगा। | एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, कैरो, लोहरदगा | 30/30 | 18/16 | 17/17 |
| 8 | लोहरदगा। | एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, सेन्हा, लोहरदगा | 30/30 | 10/10 | 11/08 |
| 9 | लोहरदगा। | एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, पेशरार, लोहरदगा | 30/30 | 15/09 | 13/10 |
| 10 | राँची | एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, अनगड़ा, राँची | 30/30 | 20/16 | 22/16 |
| 11 | राँची | एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, लापुंग, राँची | 30/30 | 21/27 | 20/22 |
| 12 | राँची | एकलव्य मॉडल बालक आवासीय विद्यालय् सलगाडीह तमाड़, राँची। | 60 | 0 | 0 |
| 13 | राँची | एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बेड़ो, राँची | 30/30 | 12/18 | 18/16 |
| 14 | गुमला | एकलव्य मॉडल आवासीय बालक विद्यालय बसिया, गुमला। | 60 | 0 | 0 |
| 15 | लोहरदगा। | एकलव्य मॉडल आवासीय बालिका विधालय कुजरा, लोहरदगा | 60 | 0 | 08 |
| 16 | राँची | पिछडी जाति बालिका आवासीय+2 उच्च विधालय जेल रोड, राँची। | 40 | 0 | 0 |
| 17 | राँची | अनुसूचित जाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, कमड़े राँची। | 20 | 24 | 0 |
| 18 | राँची | अनुसूचित जाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, बुण्डू राँची। | 23 | 24 | 0 |
| 19 | राँची | टाना भगत अनुसूचित जन–जाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, सोनचीपी, राँची। | 0 | 28 | 0 |
| 20 | राँची | अनुसूचित जन–जाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, बारीडीह, राँची। | 16 | 25 | 0 |
| 21 | राँची | अनुसूचित जन–जाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालय, तमाड, राँची। | 19 | 26 | 0 |
| 22 | खूँटी | अनुसूचित जन–जाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालय, कुन्दी, खूँटी। | 0 | 35 | 02 |
| 23 | खूँटी | अनुसूचित जन–जाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, हूँट, अड़की, खूँटी। | 10 | 07 | 02 |
| 24 | खूँटी | बिरसा आवासीय बालक उच्च विद्यालय, उलीहातु, खूँटी। | 21 | 09 | 09 |
| 25 | गुमला | अनुसूचित जन–जाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, सखुआपानी, गुमला। | 0 | 26 | 05 |
| 26 | गुमला | अनुसूचित जन–जाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, जोभीपाट, गुमला। | 0 | 35 | 05 |
| 27 | गुमला | अनुसूचित जन–जाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, कान्दापाट, गुमला। | 26 | 0 | 0 |
| 28 | गुमला | टाना भगत अनुसूचित जन–जाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालय, चापाटोली, गुमला। | 0 | 33 | 0 |
| 29 | गुमला | टाना भगत अनुसूचित जन–जाति बालक आवासीय उच्च विद्यालय, घाघरा, नवडीहा, गुमला। | 0 | 26 | 0 |
| 30 | लोहरदगा। | अनुसूचित जन–जाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, किस्को, लोहरदगा। | 0 | 19 | 0 |
| 31 | गुमला | आश्रम आवासीय बालिका उच्च विधालय सिसई, गुमला। | 40 | 0 | 0 |
| 32 | लोहरदगा। | आश्रम बालक विधालय परहेपाट किस्को, लोहरदगा। | 40 | 0 | 0 |
| 33 | राँची | आश्रम बालिका आवासीय उच्च विधालय औरमांझी, राँची। | 40 | 0 | 0 |
| 34 | सिमडेगा | आश्रम बालिका आवासीय विधालय ठेठइटाँगर, सिमडेगा। | 40 | 0 | 01 |

1. वर्ग 06, 07 एवं 08 में नामांकन हेतु आवेदन प्रपत्र संबंधित जिला कल्याण कार्यालय, संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी का कार्यालय एवं संबंधित विद्यालय से प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10.00 से अपराह्न 4.00 बजे तक निःशुल्क वितरण एंव निःशुल्क प्राप्त किया जायेगा।
2. अनुसूचित जाति के विद्यालय में अस्वच्छ कार्य में लगे परिवार के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत तथा मुसहर एवं भुईंया जाति के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत स्थान नामांकन में सुरक्षित रहेगा।
3. अनुसूचित जनजाति की सभी उपजातियों के लिए संचालित आवासीय विद्यालयों में आदिम जनजातियों के लिए नामांकन में 25 प्रतिशत स्थान सुरक्षित रहेगा। यदि उक्त कोटि की आरक्षित सीटों के लिए छात्र/छात्राएँ उपलब्ध नहीं होते हैं तो प्रमंडलीय उप निदेशक, कल्याण का अनुमोदन लेकर मेधा सूची से ही अन्य अनुसूचित जाति एवं जनजाति की अन्य उपजातियों के बच्चों/बच्चियों का नामांकन आरक्षित सीट के विरूद्ध किया जायेगा।
4. एकलव्य मॉडल आवासीय उच्च विधालयों में आरक्षण NATIONAL EDUCATION SOCIETY FOR TRIBAL STUDENTS (NESTS) के गाईडलाईन के अनुसार किया जाएगा।
5. टानाभगत के लिए संचालित आवासीय विद्यालय (सोनचीपी, चापाटोली एवं घाघरा) में टानाभगत समुदाय के ही छात्र/छात्राओं का आवेदन–पत्र स्वीकार किये जायेंगे।
6. वर्ग 06, 07 एवं 08 में नामांकन हेतु लिखित जाँच परीक्षा ली जाएगी, जिसके लिए छात्रों को क्रमशः 05, 06 एंव 07 वर्ग उर्तीण होना आवश्यक है।
7. नामांकन हेतु चयनित छात्र/छात्राओं की सूची विद्यालय एवं जिला कल्याण पदाधिकारी के सूचना पट पर प्रकाशित की जायेगी।
8. नामांकन हेतु आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 28–02–2025 निर्धारित है।
9. वर्ग 06, 07, एवं 08 में नामांकन हेतु लिखित जाँच परीक्षा दिनांक 09–03–2025 (रविवार) को संबंधित जिला के उपायुक्त /जिला कल्याण पदाधिकारी के द्वारा निर्धारित केन्द्र पर होगी।
10. नामांकन के समय चयनित छात्र/छात्राओं को आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र एवं बी० पी० एल० या आय प्रमाण पत्र मूल रूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
11. गरीबी रेखा से नीचे आय वाले परिवार के बच्चों को ही नामांकित किया जायेगा इसके लिये बी० पी० एल० की सूची में नाम/आय प्रमाण पत्र के आधार पर नामांकन की पात्रता निर्धारित की जायेगी।
12. जिन छात्र/छात्राओं के माता पिता सरकारी सेवा में कार्यरत है, उनके बच्चों का नामांकन हेतु आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। इस आशय का घोषणा पत्र आवेदक के माता पिता/अभिभावक के द्वारा आवेदन पत्र के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। असत्य/फर्जी घोषणा देने वाले अभिभावक के विरूद्ध आवश्यक कानुनी कारवाई की जायेगी।
13. पिछड़ी जाति बालिका आवासीय विद्यालय जेल रोड, राँची में केवल वर्ग षष्ठम (6) में ही नामांकन ली जाएगी।
14. चयनित छात्र/छात्राओं को दिनांक 20–04–2025 तक नामांकन कराना अनिवार्य होगा।
15. वर्ग 06, 07 एवं 08 में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं को सरकारी मान्यता प्राप्त विद्यालय जहाँ वे अध्यनरत है, के प्रधानाध्यापक उनके नामांकन आवेदन पत्र में अंकित छात्र/छात्रा का नाम जन्म तिथि वर्ग 05, 06, एवं 07 में अध्यनरत/उत्त्तीण होने के तथ्यों को अपने विद्यालय की मुहर एंव अपना पुर्ण हस्ताक्षर से अभिप्रमाणित करते हुए आवेदन पत्र अग्रसारित करेगें।
16. आवेदक को बी० पी० एल० परिवार के होने का प्रमाण पत्र या आय प्रमाण पत्र अपने आवेदन पत्र में जमा करना अनिवार्य होगा।
17. प्रवेश पत्र संबंधित जिला कल्याण कार्यालय से जिला कल्याण पदाधिकारी के हस्ताक्षर से निर्गत किया जायेगा।
18. परीक्षा का विषय हिन्दी, गणित, विज्ञान, अंग्रेजी एवं समाजिक विज्ञान होगा जो बहुविकल्पीय (objective) होगा।
19. नामांकित होने वाले सभी छात्र/छात्राओं को सरकार के द्वारा भोजन, पठन पाठन सामग्री, चिकित्सा सुविधा एंव अन्य सारी सुविधाएँ निःशुल्क दी जाती है।
20. सिलेबस में वर्ग 6, 7 एंव 8 में नामांकन हेतु क्रमशः 5, 6 एंव 7 वर्ग स्तर का प्रश्न पुछा जायेगा।
21. परीक्षाफल प्रकाशन तक रिक्तियों की संख्या में घट बढ़ भी हो सकता है।
22. आवेदक को झारखण्ड राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
23. सरकार द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में परीक्षा तिथि में परिवर्तन हो सकता है।
24.

| क्रम संख्या | कक्षा | अधिकतम उम्र सीमा |
|---|---|---|
| 1 | कक्षा 6 | 12 वर्ष |
| 2 | कक्षा 7 | 13 वर्ष |
| 3 | कक्षा 8 | 14 वर्ष |

25. नये प्रस्तावित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय/आश्रम आवासीय उच्च विधालय एंव अन्य आवासीय विद्यालय के परीक्षाफल प्रकाशन के पूर्व अंतिम रूप से कक्षावार जो रिक्ति प्राप्त होगा उसे अंतिम रूप से परीक्षाफल में सम्मिलित कर लिया जाएगा।
26. इस विज्ञापन को किसी भी समय रद्द करने का अधिकार कल्याण विभाग/अधोहस्ताक्षरी को होगा।

उप निदेशक, कल्याण,
दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, रॉंची

PR 346308 Welfare (24-25)_D

### उपायुक्त ने किया कार्यशाला का उद्घाटन, कहा अपनी निजी जानकारियों को सोशल मीडिया पर नहीं करें साझा

# अगर साइबर क्राईम हो तो तुरंत पुलिस को सूचित करें : पुलिस अधीक्षक

## जागरूक रहें और दूसरों को भी जागरूक करें : उप विकास आयुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** नेशनल इनफॉरमेटिक्स सेंटर (एनआईसी), लोहरदगा की ओर से आज सुरक्षित इंटरनेट दिवस-2025 के अवसर पर टुगेदर फॉर अ बेटर इंटरनेट डे विषय पर नगर भवन,लोहरदगा में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां,उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत समेत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यशाला में उपायुक्त ने कहा कि वर्तमान युग में हम सभी इंटरनेट पर अधिकतर कार्यों के लिए निर्भर हो चुके हैं। सोशल मीडिया,ऑनलाईन बैंकिंग,ऑनलाईन पेमेंट या कई ऐसे कार्य हैं जो इंटरनेट के बिना संभव नहीं है। आज 99 प्रतिशत युवा सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हैं। साइबर सुरक्षा के लिए आवश्यक है कि कोई भी निजी जानकारी सोशल मीडिया पर साझा ना की जाए। आज इंटरनेट की स्पीड एमबीपीएस प्रति सेकेंड की स्पीड से मिल रही है। कुछ वर्षों पहले हमें काफी धीमा इंटरनेट मिलता था लेकिन डेटा लीक होने का खतरा कम या नहीं के बराबर था। आज स्पीड इंटरनेट में कोई भी डेटा कहीं भी तुरंत ट्रांसफर किया जा सकता है। आज डेटा लीक होने का खतरा बढ़ा है। मोबाईल एक पावरफुल गैजेट बन गया है। आज चुटकी बजाते ही दुनिया के किसी कोने में बैठे व्यक्ति से संवाद स्थापित कर सकते हैं। आज युवा अधिकतर समय मोबाईल पर व्यतीत कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर हमेशा उपलब्ध हैं। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि अपना सोशल मीडिया अकाउंट सुरक्षित रखा जाय। युवा अपनी जिम्मेवारी निभाते हुए अपना डेटा सुरक्षित रखें। अपने घर के सदस्यों से जुड़ी कोई भी जानकारी सोशल मीडिया पर साझा नहीं करें। आज एआई (ढ्ढ) जैसे एप से लोग किसी की फोटो अन्य किसी वीडियो में इस्तेमाल कर उसे ठगी का शिकार बना रहे हैं। आवाज को क्लोन किया जा रहा है। बेहतर है कि बिना किसी जरूरत के अपना कोई फोटो या वीडियो किसी सोशल मीडिया पर साझा करने के बजाय इंटरनेट का इस्तेमाल किसी बेहतरी के लिए किया जाए। अपना बिजनेट इंटरनेट के माध्यम से बढ़ा सकते हैं। पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां ने कहा कि अगर आपके साथ किसी भी प्रकार का साइबर क्राईम हो जाता है तो पुलिस का तुरंत इसकी सूचना दें। डायल 1930 का विकल्प आपके पास है। नजदीकी थाने या साइबर थाने में संपर्क कर भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। आज इंटरनेट का उपयोग बहुत आम हो गया है। कोई भी इससे अछूता नहीं है लेकिन जरूरत है अपना विवेक इस्तेमाल करने और अपना अकाउंट सुरक्षित रखने की। आपके साथ फोन पर कॉल के माध्यम से,व्हाट्सअप कॉल के माध्यम से,मैसेज में लिंक के माध्यम से आपको फंसाने की कोशिश की जाती है। इससे आप सावधान रहें। कभी भी किसी के द्वारा कोई भी बैंक खाता संबंधी, एटीएम कार्ड संबंधी,आधार कार्ड संबंधी आदि की सूचना फोन पर मांगे जाने पर उसे ना दें। यह साइबर फ्रॉड हो सकता है। व्हाट्सअप ग्रुप में कोई भी लिंक पर क्लिक नहीं करें। कोई नया एप किसी लिंक के माध्यम से डाउनलोड व इंस्टॉल नहीं करें। उप विकास आयुक्त, लोहरदगा ने कहा कि युवा आज आयोजित कार्यशाला से स्वयं भी जागरूक हों और अन्य को भी जागरूक करें। आज आए दिन साइबर फ्रॉड की घटनाएं हो रही हैं। आप अपने घर में बैठे घर के सदस्यों व बच्चों को भी साइबर क्राइम से बचने की जानकारी दें ताकि आप सुरक्षित रहें। किसी भी ओटीपी नहीं दें। ऑनलाईन पेमेंट,फोन कॉल, व्हाट्सअप कॉल से सतर्क रहें। अपने एटीएम कार्ड का डिटेल कहीं भी शेयर नहीं करें। आज के कार्यशाला में जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी आकाश सिंह द्वारा साइबर फ्रॉड से बचने के लिए कई अहम जानकारियां पीपीटी के माध्यम से कार्यशाला में शामिल हुए लोगों के साथ साझा कीं। उन्होंने अपना ई-मेल अकाउंट, व्हाट्अप अकाउंट और सोशल मीडिया अकांउट किसी तरह से सुरक्षित रखा जा सकता है, इसकी विस्तृत जानकारी दी। जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी ने कहा कि जब भी कभी कोई भी वेबसाईट सर्च करें तो सही वेबसाईट का ही चुनाव करें। जो अधिकृत वेबसाईट्स नहीं हैं उस पर क्लिक करते ही उपयोगकर्ता की सभी जानकारियां इंटरनेट पर साझा हो जाती हैं।

### भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत तिलसिरी गांव में अहले सुबह 18 जंगली हाथियों का मिला झुंड



**भंडरा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत तिलसिरी गांव में मंगलवार की अहले सुबह 18 जंगली हाथियों का झुंड पहुंचा है। इससे लोगों में डर का माहौल उत्पन्न हो गया है। हालांकि जंगली हाथियों का झुंड अभी तक कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। फिलहाल जंगली हाथियों का झुंड तिलसिरी पतरा में डेरा जमाए हुए है। गांव में हाथियों की झुंड पहुंचने के बाद हाथी देखने वालों की भीड़ उमड़ गई है। तिलसिरी पतरा में हाथियों के झुंड को भगाने के लिए कुछ शरारती तत्वों ने पतरा में आगजनी कर दी है। इससे हाथियों का झुंड कई बार लोगों को दौड़ा चुका है। इसकी सूचना स्थानीय पंचायत के मुखिया सुमित उरांव ने भंडरा थाना पुलिस व वन विभाग को दी है। बता दें कि जंगली हाथियों का झुंड मंगलवार की अहले सुबह कैरो थाना क्षेत्र से अकाशी, धनमुजी गांव होते हुए तिलसिरी पहुंचा है।

### सड़क मरम्मती का जायजा लेने पहुंचे प्रखंड प्रमुख



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमडेगा के टुकुपानी से फरसापानी पंडरीपानी, आसानबेड़ा होते हुए कुड़पानी सड़क का मरमती एवं मजबूतीकरण कार्य चल रहा है जिसका ग्रामीणों ने प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज को फोन पर सूचित करते हुए कहा कि सड़क मरम्मती कार्य में कोताही बरती जा रही है जिस पर प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज संबंधित सड़क पर पहुंचे एवं कंपनी के इंजीनियर से सही तरीके एवं प्रकलन के अनुसार कार्य करने का निर्देश दिया जिस पर कंपनी के इंजीनियर ने आश्वासन दिया कि प्रकलन के अनुसार एवं गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए ही सड़क बनाया जाएगा इसमें किसी प्रकार का कोताही नहीं बरती जाएगी प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने कहा की माननीय हमारे कोलेबिरा विधायक नमन विकसल कोनगाड़ी एवं हमारे झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी अच्छा कार्य कर रहें है, हर क्षेत्र, हर गली, हर गांव तक सड़क निर्माण एवं मरम्मती करवा रहें है, इसमें गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए सड़क मरम्मती एवं मजबूतीकरण किया जाए जिससे कि अधिक दिनों तक यह सड़क ग्रामीणों के उपयोग में आने लायक रहे अन्यथा इसका शिकायत विभाग को किया जाएगा। मौके पर मिरस जी, लोरेंग डुंगडुंग, शंकर मांझी, शाहबाज अली एम कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रथम दिन मैट्रिक की परीक्षा कदाचारमुक्त शांतीपूर्वक हुआ सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** झारखण्ड अविविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा मंगलवार से प्रारम्भ हुआ। वही परीक्षा के प्रथम दिन कदाचारमुक्त शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। वही मैट्रिक परीक्षा आयोजित करने के लिये प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत नन्दलाल उच्च विद्यालय प्लस 2 अरु व कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। वही एक ही परीक्षा केंद्र में परीक्षा हुआ। जिसमे कन्या मध्य विद्यालय स्थित परीक्षा केंद्र में 47 छात्र छात्राओ ने वोकेशनल विषय के अंतर्गत इलेक्ट्रिक हार्डवेयर एंड एग्रीकल्चर का परीक्षा दिया। परीक्षा पर्यवेक्षक मेराज अंसारी ने जानकारी देते हुए कहा कि कदाचारमुक्त शांतिपूर्वक परीक्षा सम्पन्न कराने के लिये झारखण्ड अविविद्य परिषद द्वारा प्राप्त गाइड लाइन अनुसार परीक्षा कराया जा रहा है। जिस निमित परीक्षा प्रारम्भ से पूर्व सभी विद्यार्थियों का प्रवेश पत्र जांच कर परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश कराया गया। जिसे प्रथम दिन परीक्षा समय से प्रारम्भ हुआ.साथ ही बताया कि परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार व परीक्षा कक्ष में छात्र छात्राओं का निगरानी के लिये सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। तथा परीक्षा केंद्र के समीप निषेधज्ञा लागू है। वही परीक्षा में सभी 47 छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। मौके पर दंडाधिकारी कनीय अभियंता शिवशंकर उरांव एवं मेराज अंसारी, सुनीता देवी समेत अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावे एएसआई रामचन्द्र मांझी दल बल के साथ मौजूद थे।

## भव्य रूप से मनाया जायेगा 17 फरवरी को अमर शहीद वीर बुधु भगत की जयन्ती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले के मैना बगीचा लोहरदगा में लरका आंदोलन के प्राणेता अमर शहीद बीर बुधु भगत जयंती के अवसर पर 17 फरवरी 2025 को आयोजित होने वाले जयंती समारोह जतरा सह विकास मेला को सफल बनाने को लेकर मंगलवार को प्रखण्ड के गितिलगढ़ गांव में आदिवासी समाज के लोगों की एक बैठक समाजिक कार्यकर्ता शंकर उरांव की अध्यक्षता में हुई। मौके पर शंकर उरांव ने कहा कि अमर शहीद बीर बुधु भगत के त्याग, बलिदान को हम कभी भुला नही सकते हैं आज हमें अपनी सभ्यता संस्कृति की रक्षा के लिए समाज को सजग और जागरूक करने की जरूरत है। समारोह में मंत्री, सांसद, विधायक, जिला प्रशासन, पुलिस पदाधिकारी, पहान पुजार समाज के अगुआ, एवं भारी संख्या मे खोड़हा दल नृत्य मण्डली भी सामील होंगे। जयन्ती समारोह के अवसर पर जिला प्रशासन के द्वारा आयोजित विकास मेला में सरकार के विभिन्न विभागों स्टॉल एवं प्रदर्शनी भी लगाया जाएगा। आने वाले खोड़हा दल को प्रतीक चिन्ह आयोजन समिती के द्वारा दिया जाएगा। समाज के लोगो ने सभी से अपील किया है की अमर बीर शहीद को याद करें और उनके बतलाये मार्ग पर चलकर समाज, क्षेत्र, राज्य और देश को सशक्त बनाये। मौके पर लछु उरांव, राममोहन उरांव, विश्वा उरांव, रौशन उरांव, फूलकुमार उरांव, धीरज उरांव, जीतू उरांव, मंटू उरांव, अमित उरांव,नागेंद्र भगत आदि उपस्थित थे।

### व्यवहार न्यायालय परिसर में 22 फरवरी को वैवाहिक विवाद और चेक अनादरण को लेकर विशेष लोक अदालत आयोजित



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा द्वारा व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा परिसर में 22 फरवरी को वैवाहिक विवाद और चेक अनादरण को लेकर विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। इस क्रम में आयोजन को सफल बनाने के लिए 11 फरवरी दिन बुधवार को व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित पीडीजे कार्यालय कक्ष में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा राज कमल मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान सीजेएम केके मिश्रा, डालसा सचिव राजेश कुमार सहित एनआई एक्ट व वैवाहिक विवाद से संबंधित अधिवक्ता उपस्थित थे। वहीं बताया गया कि इस संबंध में न्यायालय में लगभग 600 मामले लंबित हैं जिसमें 20 प्रतिशत निष्पादन का लक्ष्य रखा गया है। वहीं पीडीजे सह अध्यक्ष डालसा ने विशेष लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर कई दिशा निर्देश दिए। साथ ही अधिवक्ताओं से आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में वादों का निष्पादन कराने की बात कही। वहीं डालसा सचिव ने लोगों से विशेष लोक अदालत में अपने वादों को सूचीबद्ध कराकर निःशुल्क, सुलभ और शीघ्र न्याय प्राप्त करने एवं आयोजन को सफल बनाने की अपील की। मौके पर अधिवक्ता डा प्रमोद कुमार पुजारी, राकेश अखौरी, कुमार चंद्रशेखर, पंकज कुमार अग्रवाल, बीकेएन तिवारी, मुनींद्र प्रसाद, अजीत कुमार सिंह, शशांक कुमार, सचिन कुमार, अंकित रॉय उपस्थित थे।

### भंडरा लाल बहादुर शास्त्री प्लस टू विद्यालय में सदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा लाल बहादुर शास्त्री प्लस-टू विद्यालय परीक्षा केंद्र में मंगलवार को कदाचार मुक्त से मैट्रिक परीक्षार्थियों की व्यवसायिक विषय की परीक्षा संपन्न हुई। शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा को लेकर दंडाधिकारी सह भंडरा बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने मैट्रिक परीक्षा को लेकर सभी केंद्रों की निरीक्षण कर नियुक्त शिक्षकों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। मौके पर केंद्राधीक्षक सह प्रधानाध्यापक अजय कुमार ने कहा कि जैक रांची द्वारा लाल बहादुर शास्त्री प्लस-टू में मैट्रिक परीक्षा को लेकर केंद्र बनाया है। जिसमें पहला दिन व्यवसायिक विषय में 187 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पूर्व जांच कर प्रवेश कराया गया। साथ ही सभी परीक्षा रुम में सीसीटीवी से निगरानी की जा रही थी। इसके अलावे पेयजल, बिजली की समुचित व्यवस्था की गई है।

### सुरक्षित डिजिटल जीवन के लिये सतर्कता से करें इंटरनेट का प्रयोग : उपायुक्त

## सुविधा के चक्कर में दुविधा से बचें : पुलिस अधीक्षक

### 1930 पर कॉल करके व राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज कराएं शिकायत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** समाहरणालय सभागार सिमडेगा में सेफर इंटरनेट डे( सुरक्षित इंटरनेट दिवस) को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका थीम together for a better internet था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उपायुक्त अजय कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक श्री सौरभ, उपविकास आयुक्त श्री संदीप कुमार दोराईबुरु, जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्री दयानंद कारजी,जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी श्री गौरव कुमार ,ई जिला प्रबंधक श्री चंद्रशेखर कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का उद्घाटन किया। जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी गौरव कुमार ने सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर कहा कि इंटरनेट ने हमारी भौतिक जीवन की अपेक्षा डिजिटल जीवन को आसान बना दी है, परंतु हमें सावधान और सतर्क रहकर इंटरनेट का उपयोग करना चाहिए। शॉर्टकट से पैसे कमाने और विभिन्न तरह की लालच में पड़कर लोग मिनटों में साइबर क्राइम के चंगुल में फंस जाते है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी नए नए तरीके अपनाकर लोगों को ठगने की कोशिश करते हैं। जिसमें डिजिटल अरेस्ट, अधिक रिटर्न का लालच देकर निवेश करना, विभिन्न तरह के ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफार्म इत्यादि शामिल है। जिला ई प्रबंधक ने साइबर हाईजीन के संबंध में जानकारी दी,उन्होंने कहा कि साइबर फ्रॉड से बचने के लिए सुरक्षित तरीके से पैसे का ट्रांजैक्शन करें, सार्वजनिक स्थानों पर मोबाइल चार्जिंग, सार्वजनिक वाईफाई का इस्तेमाल करने से बचें, बिना जाने समझें अनजान लोगों के साथ रकम की लेनदेन नहीं करें, अनजान नंबर से आने वाले व्हाट्सएप कॉल एवं व्हाट्सएप वीडियो कॉल तथा इंटरनेशनल कॉल को रिसीव करने से बचें, स्वयं जागरूक बने एवं अपने परिवार को भी जागरूक करें। कार्यशाला में साइबर थाना के अवर निरीक्षक विनय कुमार ने कहा कि कभी भी डिजिटल अरेस्ट की बात सुनकर भयभीत नहीं होना है। पैसा इन्वेस्ट कर अधिक रिटर्न देने वालों की जाल में नहीं फंसना है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी लोगों की अज्ञानता का फायदा उठाकर साइबर फ्रॉड करते हैं। साइबर फ्रॉड होने से 1930 नंबर पर कॉल करके तथा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल https://cyber-crime.gov.in पर शीघ्र शिकायत दर्ज कराएं और ट्रांजेक्शन ब्लॉक कराएं। इसमें देरी करने से गोल्डन आवर खत्म हो जाता है। कार्यशाला के दौरान जिला सी एस सी प्रबंधक श्री विजय सिंहा द्वारा अनजान लोगों के साथ ओटीपी, आधार कार्ड, पैन कार्ड या बैंक की अन्य जानकारी साझा नहीं करने, अनजान नंबरों से आने वाली लिंक पर क्लिक नहीं करने, अनजान लोगों से पेमेंट पाने के लिए क्यू.आर. कोड स्कैन नहीं करने व ओटीपी या पिन साझा नहीं करने, बैंक ट्रांजैक्शन करते समय सार्वजनिक वाईफाई का इस्तेमाल नहीं करने सहित आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस, सोशल मीडिया, साइबर थ्रेटस, ऑनलाइन फ्रॉड, डीप फेक, व्हाट्सएप्प सिक्योरिटी, डिजिटल अरेस्ट सहित अन्य मुद्दे पर जानकारी दी गई।

### पूण्य तिथि पर याद किये गये पंडित दीनदयाल उपाध्याय

### भाजपाइयों ने जनसंघी नेता की पुण्यतिथि पर किया श्रद्धांजलि अर्पित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के पुण्य तिथि के अवसर पर मंगलवार को जिले के भाजपाइयों ने जिला पार्टी कार्यालय में श्रद्धा सुमन अर्पित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में आयोजित इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में विशेष रूप से सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक किशन दास, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू एवं भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव विशेष रूप से उपस्थित थे। मौके पर भाजपायों ने कहा की पंडित दीनदयाल उपाध्याय का निधन 11 फरवरी 1968 को हुई थी। ऐसा माना जाता है कि उनका राजनीतिक विद्वेष के कारण हत्या कराई गई थी ।रेलवे यात्रा के दौरान मुगलसराय स्टेशन पर उनका शव मिला था। पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक दूरदर्शी विचारक थे जिन्होंने खुद को भारत की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान का उनका दर्शन, मानव एकात्मवाद मजबूत राष्ट्र की ओर हमारी यात्रा को प्रेरित करता है। इनका विचार समावेशी और जन समुदाय को सशक्त बनाने का था। उनका मानना था कि स्वदेशी और लघु उद्योग भारत की आर्थिक योजना की आधारशिला होनी चाहिए, जिसमे सद्भाव, सांस्कृतिक, राष्ट्रीय नीति और अनुशासन का समावेश हो।उनका विचार स्वदेशी को अपनाने व विश्व स्तर पर हो रहे नवाचारों को अपनाने का था। भाजपाइयों ने कहा कि हम पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उन्होंने भारत की सेवा के लिए खुद को समर्पित कर दिया। उनका बलिदान और आदर्श प्रगति और एकता के हमारे सामूहिक मिशन में एक मार्गदर्शक शक्ति बने हुए हैं। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष बालकृष्णा सिंह, जिला भाजपा महामंत्री संजय कुमार, मिथुन तमेडा, अनिल उरांव, जगनंदन पौराणिक, किशोर साहू, नगर अध्यक्ष सचिन कुमार सहित कई भाजपाई मौजूद थे।

## माघ पूर्णिमा और प्रयागराज महाकुंभ का संगम हिंदू धर्म का है एक अद्वितीय पहलू : संजय सर्राफ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि माघ पूर्णिमा 12 फरवरी को है। पंचांग के अनुसार माघ पूर्णिमा की तिथि का प्रारंभ 11 फरवरी को शाम 6:55 मिनट पर हो रही है और अगले दिन यानी 12 फरवरी को शाम 07:22 मिनट पर समाप्त होगी। सनातन धर्म में उदया तिथि का अधिक महत्व है। ऐसी स्थिति में 12 फरवरी को माघ पूर्णिमा मनाई जाएगी। यह पूर्णिमा जगत के पालनहार भगवान विष्णु को समर्पित होता है। इस शुभ अवसर पर भगवान विष्णु संग लक्ष्मीजी की आराधना करने से सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। माघी पूर्णिमा के दिन घरों में सत्यनारायण भगवान की कथा पूजा करना चाहिए। मान्यता है कि भगवान विष्णु ने माघ पूर्णिमा के दिन 'मत्स्य अवतार धारण किया था, इसलिए यह पूर्णिमा बेहद खास मानी गई है। माघ पूर्णिमा हिंदू धर्म में एक अत्यंत पवित्र तिथि मानी जाती है, जो माघ माह की पूर्णिमा को मनाई जाती है। इस दिन का विशेष महत्व धार्मिक क्रियाओं, पूजा-अर्चना और पवित्र नदियों में स्नान के साथ जुड़ा हुआ है। माघ पूर्णिमा के दिन गंगा, यमुना, संगम आदि पवित्र नदियों में स्नान करने से व्यक्ति के समस्त पाप धुल जाते हैं और पुण्य की प्राप्ति होती है। इस दिन का महत्व तब और बढ़ जाता है जब यह प्रयागराज के महाकुंभ के अवसर पर आता है, जिसे 'अमृत स्नान' के रूप में जाना जाता है। महाकुंभ मेला भारत का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन है, जो हर 12 साल में एक बार चार प्रमुख स्थानों-प्रयागराज,हरिद्वार,उज्जैन और नासिक मे आयोजित होता है। प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ मेला विशेष रूप से माघ पूर्णिमा के दिन अपने चरम पर होता है। इस दिन को 'अमृत स्नान' कहा जाता है, क्योंकि इस दिन गंगा में स्नान करने से पापों से मुक्ति और मोक्ष की प्राप्ति होती है। महाकुंभ में करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु, साधु-संत, और भक्त इस पवित्र अवसर पर एकत्र होते हैं,ताकि वे संगम में स्नान करके पुण्य प्राप्त कर सकें। माघ पूर्णिमा के दिन प्रयागराज में स्नान करने से व्यक्ति को आत्मिक शांति, मानसिक शुद्धि और आध्यात्मिक उन्नति मिलती है। यह दिन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है,बल्कि यह सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक भी है। महाकुंभ मेला सभी पंथ, सम्प्रदाय और जातियों के लोग एक साथ इस धार्मिक आयोजन में भाग लेते हैं, जिससे देश में एकता और अखंडता का संदेश फैलता है। माघ पूर्णिमा का महत्व केवल प्रयागराज के महाकुंभ तक सीमित नहीं है। इस दिन को विशेष रूप से तपस्वियों, साधुओं और योगियों के लिए भी महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दिन गंगा स्नान के बाद दान-पुण्य करने से व्यक्ति के पुण्यफल में वृध्दि होती है। साथ ही,माघ पूर्णिमा के दिन व्रत करने से भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्त होती है। यह दिन विशेष रूप से आत्मशुद्धि और आत्मबोध का होता है, जब व्यक्ति अपनी गलतियों और पापों का प्रायश्चित करता है और साधना के माध्यम से ईश्वर के निकट जाता है। माघ पूर्णिमा और प्रयागराज महाकुंभ का संगम हिंदू धर्म का एक अद्वितीय पहलू है, जो न केवल व्यक्ति के आत्मिक शुद्धि के लिए है,बल्कि यह देश की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर का भी प्रतीक है। इस दिन के आयोजन से लोगों के बीच धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता की भावना जागृत होती है, और यह देशभर के श्रद्धालुओं को एकजुट करने का कार्य करता है।

## चलते चलते एक नजर

### उत्तराखंड के प्रसिद्ध हास्य कलाकार घन्ना भाई का निधन, मुख्यमंत्री ने जताया शोक



**देहरादून :** उत्तराखंड के प्रसिद्ध हास्य कलाकार घन्नानंद उर्फ घना भाई का निधन हो गया है। उन्होंने देहरादून स्थित श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल में अंतिम सांस ली। गत पांच दिनों से वे अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती थे। उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था। मंगलवार दोपहर को अस्पताल प्रशासन ने उनके निधन की अधिकारिक सूचना जारी की। उनके निधन पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शोक जताया है।मुख्यमंत्री धामी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा,उत्तराखंड के सुप्रसिद्ध हास्य कलाकार घनानंद घन्ना भाई के निधन का दु:खद समाचार प्राप्त हुआ। ईश्वर, दिवंगत आत्मा को श्री चरणों में स्थान एवं शोक संतप्त परिजनों व समर्थकों को यह असीम कष्ट सहने की शक्ति प्रदान करें। धामी ने आगे लिखा, आपकी सरलता, मृदुता और अद्वितीय अभिनय शैली ने लोगों को न केवल हंसाया, बल्कि जीवन के कई महत्वपूर्ण पहलुओं को एक अलग दृष्टिकोण से देखने का नजरिया दिया। उत्तराखण्ड के फिल्म जगत और अभिनय के क्षेत्र में आपके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। आप सदैव हमारे दिलों में जीवित रहेंगे।घन्ना भाई उत्तराखंड के प्रसिद्ध हास्य कलाकार थे। उनका जन्म पौड़ी गड़वाल के गगवाड़्स्यूं पट्टी के गगवाड़ा गांव में 1953 में हुआ था। उनका शिक्षा कैंट बोर्ड लैंसडाउन में हुई। उन्होंने कलाकार के रूप में अपने करियर की शुरुआत 1970 में रामलीलाओं में नाटकों से की थी। हास्य कलाकार घन्ना भाई ने 1974 में रेडियो और बाद में दूरदर्शन पर कई कार्यक्रम भी दिए। सुप्रसिद्ध लोक गायक नरेंद्र सिंह नेगी के कार्यक्रमों में घन्ना भाई का हास्य और व्यंग्य लोगों को खूब गुदगुदाते थे। कई बार लोग उनको देखते ही हंसने लगते थे। घन्ना भाई ने वन विभाग में भी सेवाएं दी और इस दौरान वर्ष 2022 में पौड़ी विधानसभा से चुनाव भी लड़ा लेकिन वे तब हार गए थे। घन्ना भाई ने कई गड़वाली फिल्म और म्यूजिक एलबम में काम किया है। 'घर जवें' फिल्म से उन्हें खासी लोकप्रियता हासिल हुई थी।

### सीयूजे के छात्रों पर दर्ज फर्जी मुकदमा वापस की मांग को लेकर आइसा ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**रांची :** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्रों पर दर्ज मुकदमे को फर्जी बताते हुए ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) ने सरकार से इसे तुरंत वापस लेने की मांग की है। संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने निरसा विधानसभा क्षेत्र से भाकपा माले विधायक अरूप चटर्जी से मिलकर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम पत्र लिखकर छात्रों पर की गई कार्रवाई को अनुचित बताते हुए जब्त किए गए मोबाइल वापस करने, पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता देने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।उल्लेखनीय है कि 5 फरवरी, 2025 को विश्वविद्यालय के शोधार्थी देवदास मंडल और पीजी जियोइन्फॉर्मेटिक्स की छात्रा ऐश्वर्या बसाक की एक निर्माणाधीन पुल के असुरक्षित डायवर्जन पर ट्रक चढ़ने से निधन हो गई थी। इस घटना के बाद विद्यार्थियों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया था, जिसमें उन्होंने दोषियों की गिरफ्तारी, पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता और विश्वविद्यालय परिसर के मार्गों को सुरक्षित बनाने की मांग की थी।

## पीएम मोदी करेंगे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का शुभारंभ : मुख्यमंत्री

एजेंसी



**भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आगामी 24 और 25 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर समिट (जीआईएस) का आयोजन होने जा रहा है। इस समिट के शुभारंभ कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और समापन कार्यक्रम में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आने की भी स्वीकृति प्राप्त हो गई है। प्रधानमंत्री मोदी 23 फरवरी को छतरपुर में कैंसर अस्पताल का भूमि-पूजन करेंगे। अगले दिन 24 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का शुभारंभ करेंगे। भोपाल में होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टर समिट की तैयारी जारी हैं। समिट में विदेशों से आने वाले उद्योग और व्यापार समूहों तथा विभिन्न देशों के वाणिज्यिक दूतावासों से बेहतर तालमेल और समन्वय के लिए 12 फरवरी को नई दिल्ली में विशेष बैठक होने जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को मंत्रि परिषद की बैठक से पहले अपने संबोधन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा के चुनाव परिणाम, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में क्षेत्र के व्यवस्थित विकास और जनकल्याण को गति प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों के श्रद्धालुओं की संख्या भी काफी अधिक पहुंच रही है। रीवा की ओर से प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए रीवा सहित मैहर, सतना, मऊगंज और सीधी में ठहरने, भोजन और छोटे बच्चों के लिए दूध-बिस्किट सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। शासकीय एजेंसियां, स्वयंसेवी संगठनों और सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से व्यवस्था में लगी हैं। चिकित्सा आवश्यकताओं के लिए एंबुलेंस और डॉक्टर आदि की भी व्यवस्था है। वाहनों की पार्किंग, पुलिस की हाई-वे पेट्रोलिंग और एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट आदि की व्यवस्था के परिणाम स्वरुप जाम की स्थिति में तुलनात्मक रूप से कमी आई है।


## 100 किलो हर्बल रंगों से मनाया जाएगा नैनीताल में फागोत्सव

एजेंसी



**नैनीताल :** नैनीताल की सबसे पुरानी धार्मिक-सामाजिक संस्था राम सेवक सभा द्वारा इस वर्ष आयोजित होने जा रहे 29वें फागोत्सव की तैयारियों को लेकर मंगलवार को अध्यक्ष मनोज साह की अध्यक्षता तथा महासचिव जगदीश बावड़ी के संचालन में बैठक आयोजित की। बैठक में कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया गया, साथ ही सभा के पूर्व अध्यक्ष मुकेश जोशी 'मंटू' को नगर पालिका परिषद नैनीताल का सभासद बनने पर पुष्प माला और चुन्नी औढ़ाकर सम्मानित किया गया।बैठक में सभा की कार्यकारिणी द्वारा लिए गए निर्णयों का अनुमोदन किया गया। साथ ही बताया गया कि इस वर्ष भी भारतीय वन सेवा के वरिष्ठ अधिकारी कपिल जोशी द्वारा सभा को 100 किलो हर्बल रंग एवं झोले उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे लोग पर्यावरण हितैषी होली का आनंद ले सकें। बैठक में 29वें फागोत्सव के आयोजन हेतु विभिन्न समितियों का गठन भी किया गया। बैठक में अशोक साह, विमल चौधरी, विमल साह, मुकुल जोशी, मुकेश जोशी, अमर साह, मिथिलेश पांडे, गिरीश भट्ट, कमलेश डोंडियाल, सतीश पांडे, दिनेश भट्ट, भुवन बिष्ट, दीप गुरुरानी, हीरा सिंह रावत, विक्रम साह, दीपक गुरुरानी, गोविंद सिंह तथा प्रो. ललित तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## एयरो इंडिया में इटली और ब्रिटेन के रक्षा अधिकारियों के साथ हुईं द्विपक्षीय बैठकें



एजेंसी

**बेंगलुरु :** एयरो इंडिया में हिस्सा लेने आये मित्र देशों के रक्षा अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय बैठकों का दौर शुरू हो गया है। रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह द्विपक्षीय बैठकें करके भारत के साथ रक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा कर रहे हैं। इटली के रक्षा उप मंत्री माटेओ पेरेगो डि क्रेमनागो के साथ बैठक में स्वदेशी प्रणालियों के विकास में भारत की बढ़ती क्षमताओं के बारे में चर्चा की गई। रक्षा सचिव ने ब्रिटेन के मंत्री लॉर्ड वर्नोन कोकर के साथ ब्रिटेन-भारत व्यापार परिषद की गोलमेज बैठक की सह-अध्यक्षता की। रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने बेंगलुरु में 15वें एयरो इंडिया के अवसर पर कई द्विपक्षीय बैठकें की। इटली के रक्षा उप मंत्री माटेओ पेरेगो डि क्रेमनागो के साथ अपनी बैठक में उन्होंने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की। बैठक में उपकरणों के निर्माण और स्वदेशी प्रणालियों के विकास में भारत की बढ़ती क्षमताओं के बारे में चर्चा की गई। मंत्रियों ने सभी क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।ब्रिटेन के मंत्री लॉर्ड कोकर के साथ बैठक के दौरान संजय सेठ ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग की समीक्षा की और दोनों देशों ने संबंधों को मजबूत करने का संकल्प लिया। उन्होंने शांति, समृद्धि और नियम-आधारित विश्व व्यवस्था के लिए द्विपक्षीय रूप से और अन्य भागीदारों के साथ काम करने की अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई। विशेष रूप से हिंद-प्रशांत और हिंद महासागर क्षेत्र में जहां सहयोग के आधार पर समुद्री और अन्य क्षेत्रों में बेरोकटोक नौवहन और कानून का शासन सुनिश्चित होगा। रक्षा राज्यमंत्री ने लेसोथो के प्रधानमंत्री कार्यालय (रक्षा एवं सुरक्षा) के मंत्री लिंफो ताऊ के साथ अपनी बैठक में रक्षा निर्यात के क्षेत्र में उपलब्ध अपार संभावनाओं तथा सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की।

## शिवसेना सांसद ने लोकसभा में उठाया रणवीर इलाहाबादिया की आपत्तिजनक टिप्पणी का मुद्दा

एजेंसी



**नई दिल्ली :** समय रैना के इंडियाज गॉट लेटेंट पर रणवीर इलाहाबादिया की विवादित टिप्पणी का मामला अब संसद तक पहुंच गया है। शिवसेना सांसद नरेश गणपत म्हस्के ने लोकसभा में इस मुद्दे को उठाते हुए सरकार से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सामग्री के लिए सख्त नियम और दिशानिर्देश तय किए जाने का आग्रह किया। नरेश गणपत म्हस्के ने कहा कि सोशल मीडिया, पॉडकास्ट और ओटीटी सामग्री को विनियमित करने के लिए एक समर्पित कानून की तत्काल आवश्यकता है, क्योंकि ये सब भारतीय संस्कृति का अपमान करते हैं। उन्होंने कल प्रभावशाली रणवीर इलाहाबादिया ने माता-पिता के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की। इस तरह की अपमानजनक सामग्री ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्वतंत्र रूप से प्रसारित की जा रही है, जहां कोई नियामक जांच नहीं है। वे हमारे देवी-देवताओं का अपमान करने की हद तक चले जाते हैं और इन प्लेटफार्मों पर सेंसरशिप की कमी के कारण यह अनियंत्रित मज़ाक जारी है।शिवसेना नेता ने कहा कि सोशल मीडिया, पॉडकास्ट और ओटीटी सामग्री पर कोई प्रतिबंध नहीं है। वे राजनेताओं के बारे में कुछ भी कहते हैं। उन्होंने निगरानी की कमी की आलोचना करते हुए कहा कि केंद्र सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए और सेंसरशिप लगानी चाहिए। ओटीटी प्लेटफार्म के लिए सख्त दिशा निर्देश तय किए जाने की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफ बिना देरी के कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। इससे पहले शिवसेना (यूबीटी) की राज्यसभा सदस्य प्रियंका चतुर्वेदी ने पत्रकारों से कहा था कि सूचना और प्रसारण मंत्रालय की संसदीय स्थायी समिति की सदस्य के रूप में वह संसद में इस मुद्दे को उठाएंगी।

## बिना हेलमेट वाले को मुख्य सचिव ने कार्यालयों में प्रवेश पर लगायी रोक

एजेंसी



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं दिये जाने के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश को पेट्रोल पम्प मालिक नहीं मान रहे हैं। मुख्यमंत्री के आदेश को ठेंगा दिखा रहे पेट्रोल पम्प मालिक अपने फायदे के लिए बिना हेलमेट पहने लोगों को भी धड़ल्ले से तेल बेच रहे है। जबकि प्रदेश के ज्यादातर पेट्रोल पम्पों पर नो हेलमेट नो पेट्रोल स्लोगन को चस्पा कर रखा गया है। बावजूद इसके नियम को ताक पर रखकर कार्य हो रहा है। वहीं मंगलवार को प्रदेश के मुख्य सचिव ने आदेश जारी करते हुए सभी सरकारी व अर्धसरकारी कार्यालयों में बिना हेलमेट और सीट बेल्ट न लगाने वालों को प्रवेश पर रोक लगा दी है।उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के पेट्रोल पम्पों जैसे वाराणसी में जिला जेल रोड पर सिंह पेट्रोल पम्प, लखीमपुर में संसारपुर क्षेत्र के धंजू फिलिंग स्टेशन, कानपुर में नेताजी नगर स्थित पेट्रोल पम्प, लखनऊ स्थित रविन्द्रपल्ली प्रवेश पेट्रोल पम्प, लखनऊ कानपुर रोड पर सरदारी खेड़ा में कोहली पेट्रोल पम्प इत्यादि पर दो पहिया वाहनों के मालिकों द्वारा बिना हेलमेट के पेट्रोल की खरीदारी की जाती रही है। इन पेट्रोल पम्पों पर कर्मचारी द्वारा दो पहिया वाहन स्वामी को टोका तो जाता है, फिर बिना रूके तुरंत ही पेट्रोल मुहैया करा दिया जाता है।बता दें कि बीते आठ जनवरी को उत्तर प्रदेश के परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने प्रदेश के समस्त पेट्रोल पम्प मालिकों या उनके प्रबंधकों के नाम से नो हेलेमेट नो पेट्रोल संदेश वाला एक पत्र भेजा था। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश का जिक्र था। मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटनाओं को लेकर सख्त आदेश दिया था कि कोई पेट्रोल पम्प मालिक किसी भी स्थिति में बिना हेलमेट पहने व्यक्ति को पेट्रोल नहीं देगा।

ऐसा करने पर पेट्रोल पम्प मालिकों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई होगी।उप्र के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने मंगलवार को आदेश पत्र जारी कर कहा कि सभी शासकीय एवं अर्धशासकीय कार्यालयों के प्रवेश द्वार पर सुरक्षाकर्मी हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनुपालन की जांच करें। बिना हेलमेट या सीट बेल्ट के किसी भी सरकारी कर्मचारियों एवं अधिकारियों के प्रवेश पर रोक लगाये। सभी कर्मचारी सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए जागरूक हो और हेलमेट व सीट बेल्ट को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनायें। नियमों का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही पर विचार किया जायेगा।उन्होंने बैठक के बारे में कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे को सड़क सुरक्षा समिति का अध्यक्ष बनाया गया है, उनके नेतृत्व में सड़क दुर्घटनाओं पर हुई बैठक में बचाव के प्रभावी उपाय अपनाने पर विशेष जोर दिया गया है।

## राज्य स्तरीय बॉडी बिल्डर चैंपियनशिप में चान्हों के सादाब का शानदार प्रदर्शन

**रांची :** जिले के मूरी स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय बॉडी बिल्डर चैंपियनशिप में चान्हो के मसमानो के रहने वाले सादाब अंसारी ने शानदार प्रदर्शन किया है।परिजनों के अनुसार राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की बहन रेखा सोरेन और विधायक अमित महतो की उपस्थिति में आयोजित इस चैंपियनशिप में उनका चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है। सादाब समाजसेवी सोनी तब्बासुम के बेटे है।अपनी सफलता पर सादाब ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में भी प्रतिभा की कोई कमी नही होती है।मेहनत और लगन से हर सफलता को पाया जा सकता है।वही विधायक अमित महतो,रेखा सोरेन और सादाब के प्रशिक्षक वसीम राजा ने भी इनका हौसला बढ़ाया है।ज्ञात हो कि सादाब अंसारी पहले ही रांची जिला बॉडी बिल्डर का खिताब जीत चुके है।

## आठ सूत्री मांगों को लेकर किया धरना प्रदर्शन

एजेंसी



**अररिया :** अररिया के कृषि उत्पादन बाजार समिति परिसर स्थित बिहार राज्य खाद्य निगम के जिला प्रबंधक कार्यालय के सामने एसएफसी के मजदूरों ने अपने आठ सूत्री मांगों को लेकर मंगलवार को एकदिवसीय धरना दिया।इंटक के जिलाध्यक्ष उमेश पासवान की अध्यक्षता में सैकड़ों मजदूरों ने फूड एंड एलाइड वर्कर्स यूनियन के बैनरतले धरना प्रदर्शन किया।प्रदर्शन करने वालों में लोडिंग और अनलोडिंग करने वाले मजदूर शामिल थे।धरना प्रदर्शन उपरांत मजदूरों का एक शिष्टमंडल जिला प्रबंधक से मुलाकात कर अपने मांगों के समर्थन में एक मांग पत्र भी जिला प्रबंधक को सौंपा।धरना की अध्यक्षता कर रहे उमेश पासवान ने बताया कि एक तरफ महंगाई बढ़ रही है,वहीं दूसरी ओर उनलोगों की मजदूरी प्रति बोरा 11.64 रुपैया से घटाकर 4.55 रुपैया कर दिया गया है।आठ सूत्री मांगों को लेकर बताया कि उनलोगों की मांग श्रम संसाधन विभाग की न्यूनतम मजदूरी की अधिसूचना लागू करने,न्यू तम मजदूरी दर प्रति बोरा 11.64 रुपैया करने,एसएफसी द्वारा लागू नया दर 4.55 रुपैया को वापस लेने,मजदूरों को ईपीएफ और ईएसआई का लाभ देने,गोदाम पर शुद्ध पेयजल और शौचालय की व्यवस्था करने,मजदूरों के लिए शेड का निर्माण करने, बकाया मजदूरी का भुगतान करना आदि है।प्रदर्शन कर रहे मजदूरों ने कहा कि जब तक उनकी मांगों पर विचार नहीं किया जाएगा,उनलोगों का यह आंदोलन चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगा।धरना प्रदर्शन उपरांत मांगों के समर्थन में एक मांग पत्र जिला प्रबंधक को उनके कार्यालय में सौंपा गया।

## सूरजकुंड मेले में कलाकारों ने चौपाल पर बिखेरी कला और संस्कृति की छटा



एजेंसी

**फरीदाबाद :** 38 वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले की विभिन्न चौपालों पर देश-विदेश से आए कलाकार अपनी समृद्ध संस्कृति की छटा बिखेर रहे हैं। मंगलवार को छोटी और बड़ी चौपाल पर विभिन्न राज्य और देशों के कलाकारों ने गायन, वादन व नृत्य कला से दिनभर पर्यटकों का मनोरंजन किया। मुख्य चौपाल पर मध्यप्रदेश के कलाकारों ने घनघोर नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। वहीं कोमोरोस से आए कलाकारों ने उत्सव नृत्य कर चौपाल में बैठे पर्यटकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। थीम स्टेट ओडिशा के कलाकारों ने छऊ नृत्य की प्रस्तुति दी। यह नृत्य भारत का एक लोकप्रिय जनजातीय नृत्य है। यह नृत्य मार्शल आर्ट और लोक परंपराओं से प्रेरित है। वहीं असम से आए कलाकारों ने बीहू नृत्य से दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। घाना से आए कलाकारों ने नकाबोम डांस की प्रस्तुति दी और किर्गिस्तान ने अरूके नृत्य की प्रस्तुति दी। अफ्रीका के पश्चिमी देश टोगो के कलाकारों ने सुंदर झलकियों का रंग अपने गायन व नृत्य कला के माध्यम से चौपाल पर बैठे सभी पर्यटकों पर बिखेरा। इसी प्रकार मंगलवार को मेले की छोटी चौपाल भी गुलजार रही। हरियाणा कला परिषद द्वारा छोटी चौपाल पर दिनभर लोक कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी। छोटी चौपाल पर रोहतास एंड पार्टी व नरेश चौहान एंड पार्टी द्वारा हरियाणवी रागनी तथा अंकित एंड पार्टी द्वारा क्लासिकल डांस परफॉर्मेंस दी गई। वहीं हरियाणवी आर्केस्ट्रा, ग्रुप डांस, सोलो डांस, कथक, हिंदी गीत की प्रस्तुति भी दी गई।

## देश में 25 राज्यों के 286 पैक्स ने पेट्रोल-डीजल आउटलेट के लिए आवेदन किया : अमित शाह

एजेंसी



**नई दिल्ली :** सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को लोकसभा को बताया कि 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 286 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) ने अब तक खुदरा पेट्रोल और डीजल आउटलेट स्थापित करने के लिए आवेदन किया है।लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बताया कि तेल विपणन कंपनियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 25 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के 286 पैक्स ने खुदरा पेट्रोल-डीजल आउटलेट स्थापित करने के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किए हैं, जिनमें से 26 पैक्स का चयन ओएमसी द्वारा किया गया है। पैक्स थोक उपभोक्ता पंपों को खुदरा दुकानों में बदलने को लेकर ओएमसी रिपोर्ट बताती है कि 5 राज्यों के 116 पैक्स ने इस रूपांतरण पर सहमति व्यक्त की है और 56 पैक्स को चालू कर दिया गया है। एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप के लिए, 2 पैक्स ने झारखंड में 2 विज्ञापित स्थानों के लिए आवेदन किया है।सहकारिता मंत्री ने कहा कि सरकार ने पैक्स को खुदरा पेट्रोल-डीजल आउटलेट और एलपीजी वितरकों को संचालित करने की अनुमति दी है। इस संबंध में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने नियमित और ग्रामीण खुदरा दुकानों के लिए डीलरों के चयन के लिए संशोधित दिशा-निर्देश जारी किए हैं, साथ ही एलपीजी वितरकों के चयन के लिए एकीकृत दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि संशोधित दिशा-निर्देशों के अनुसार, पैक्स को खुदरा पेट्रोल-डीजल डीलरशिप के लिए संयुक्त श्रेणी 2 (सीसी-2) और एलपीजी वितरकों के लिए संयुक्त श्रेणी (सीसी) के अंतर्गत शामिल किया गया है, जिसके लिए वे तेल विपणन कंपनियों (ओएमएस) द्वारा जारी विज्ञापनों के अनुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा, पैक्स को अपने थोक उपभोक्ता पंपों को खुदरा दुकानों में बदलने का एक बार ही विकल्प दिया गया है, जिसके लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं।मंत्री ने बताया कि दिशानिर्देशों में पात्रता मानदंड भी परिभाषित किए गए हैं, जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ खुदरा पेट्रोल-डीजल आउटलेट और एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप के लिए आवेदक पैक्स द्वारा पंजीकरण, भूमि उपलब्धता, वित्त आदि से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करना शामिल है।